डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार औऱ निर्माण

Join Telegram Channel
Search rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 08.03.2021 से 14.03.2021

मध्यप्रदेश का बजट – वर्ष 2021-22

शिक्षकों के 24 हजार 200 और पुलिस में 4000 पदों पर होगी भर्ती

भोपाल, मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने 2 मार्च को विधानसभा में वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्तुत किया। पहली बार डिजिटल स्वरूप में प्रस्तुत किए गए इस बजट में जनता के सुझाव भी सम्मिलित करने का प्रयास किया गया है। बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मैं यह कामना करता हूं कि यह बजट रूपी वृक्ष 'कल्पवृक्ष' का रूप लेकर प्रदेश की उन्नति का माध्यम बने। उन्होंने कोविड-19 महामारी की चुनौतियों तथा नियंत्रण से अपनी बात शुरू की और 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश तथा विभिन्न मिशन का जिक्र करने के साथ-साथ राजकोषीय स्थिति को दर्शाते हुए अंत में कहा कि यह बजट पूरे वित्तीय वर्ष के लिए धरोहर है, जो कि हमें हमारे दायित्वों का निरंतर बोध कराता रहेगा। यह बजट प्रदेश में खुशनुमा माहौल दे, खुशी दे, स्फूर्ति दे, स्वस्थ्य मन व तन दे, उर्वर ऊर्जा दे। इसी मंगल कामना के साथ प्रदेश की जनता को समर्पित है।

वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा मध्यप्रदेश राज्य का बजट प्रस्तुत करने विधानसभा भवन पहुंचते हुए।

- मिशन बोधि, मिशन निरामय, मिशन अर्थ, मिशन दक्ष, मिशन नगरोदय और मिशन जन गण जैसे मिशन का बजट भाषण में हुआ जिक्र।
- स्वास्थ्य एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए वित्त वर्ष 2021-22 में 15 हजार 622 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित।
- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2021-22 में 35 हजार 353 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित।
- इस बजट में कोई नवीन कर अधिरोपित करने अथवा किसी भी कर की दर बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं है।

यहां वर्ष 2021-22 बजट भाषण का संपादित अंश प्रस्तुत किया जा रहा है। बजट के विस्तृत और डिजिटल स्वरूप को देखने के लिए आप MP Govt Diary एप या वित्त विभाग की वेबसाइट www.finance.mp.gov.in पर विजिट कर सकते हैं। यहां यह सभी के लिए उपलब्ध कराया गया है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने का बजट

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिये आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का संकल्प सितम्बर 2020 में लिया गया था। मध्यप्रदेश में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप का निर्माण किया गया। जनता के सुझाव प्राप्त किए गए। अधोसंरचना, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, अर्थ-व्यवस्था एवं रोज़गार को आधार बनाया गया। इन प्राथमिकताओं के अनुसार दीर्घ अवधि की दृष्टि से बजट का निर्माण किया गया है।

मिशन मोड में कार्य करेंगे 9 नए मिशन

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के चार प्रमुख स्तंभ हैं। इसके अंतर्गत 9 नए मिशन संचालित होंगे। भौतिक अधोसंरचना के तहत मिशन निर्माण, मिशन ग्रामोदय और मिशन नगरोदय प्रारंभ होंगे। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के अंतर्गत मिशन निरामय और मिशन बोधि प्रारंभ होंगे। अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार के तहत मिशन अर्थ, मिशन दक्ष और मिशन स्वावलंबन शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के एक महत्वपूर्ण स्तंभ सुशासन के तहत भी एक मिशन शुरू होगा, जिसका नाम मिशन जन-गण होगा। सरकार दिन-रात मिशन मोड में कार्य कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लक्ष्यों को प्राप्त करेगी।

अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के लिए बजट प्रावधान

अधोसंरचना विकास के लिए सिंचाई क्षेत्र के लिए 44 हजार 152 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। शिक्षा और उससे जुड़े क्षेत्रों पर 40 हजार 958 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। कृषि से संबंधित प्रावधान 35 हजार 353 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए 15 हजार 622 करोड़ रुपये, गरीब कल्याण के लिए 11 हजार 950 करोड़ रुपये, बच्चों, विद्यार्थियों और युवाओं के लिए 11 हजार 136 करोड़ रुपये और महिलाओं के लिये 10 हजार 674 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

बजट की बड़ी विशेषताएं

मध्यप्रदेश के बजट में गत वर्ष से 22 प्रतिशत अधिक राशि है। वर्ष 2021-22 में मध्यप्रदेश का जीएसडीपी 10 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच सकता है, जो एक कीर्तिमान होगा। राजकोषीय घाटा, राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 4.5 प्रतिशत है। इसे अगले तीन वर्ष में और घटाकर 3 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। राजस्व घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 0.73 प्रतिशत है। इसे भी अगले 3 वर्ष में घाटे से आधिक्य में बदलने का लक्ष्य है। गत 11 माह में सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदमों के कारण भारत सरकार से 19 हजार 353 करोड़ रुपये के अतिरिक्त वित्तीय संसाधन प्राप्त हो रहे हैं। बजट में किसी प्रकार के नए कर प्रस्तावित नहीं हैं और न ही किसी भी कर की दर को बढ़ाया गया है।

किस क्षेत्र में कितनी राशि

क्र.	क्षेत्र	बजट का हिस्सा (प्रतिशत)
1.	अधोसंरचना विकास	20.35
2.	शिक्षा	18.87
3.	कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र	16.29
4.	स्वास्थ्य एवं सम्बद्ध क्षेत्र	7.20
5.	गरीब कल्याण	5.51
6.	महिला	4.92

बहनों और बेटियों के लिए सौगात

यह बजट बहनों और बेटियों के लिए सौगात लेकर आया है। हर ग्राम पंचायत में एक राशन की दुकान खुलेगी और एक- तिहाई दुकानें महिलाएं संचालित करेंगी। हर जिले में महिला पुलिस थाना प्रारंभ होगा। बजट में लाड़ली लक्ष्मी योजना

(शेष पृष्ठ 29 पर)

बजट की प्रमुख विशेषताएं

- ओंकारेश्वर में विश्व के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट और 6 जिलों में नये सोलर पार्क के लिए बजट।
- 65 लाख हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए बजट।
- पुलिस में चार हजार और शिक्षकों के लिए 24 हजार पदों पर भर्ती का निर्णय।
- पांच विकासखंडों में कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों को स्कूल के लिए परिवहन व्यवस्था का पायलट प्रोजेक्ट।
- चंबल प्रोग्रेस-वे और नर्मदा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए बजट।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में 6 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण का लक्ष्य।
- शहरी क्षेत्रों के लिए भी जल-जीवन मिशन।
- 13 जिलों में 86 स्थानों पर वन धन केंद्र का विकास।
- 3 विमुक्त विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, सहरिया और भारिया की 38 आश्रम शालाओं में पायलट बेसिस पर प्री-प्रायमरी कक्षाओं का संचालन।
- मुख्यमंत्री स्व-रोज़गार ब्याज परिदान योजना प्रारंभ होगी।
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए 'स्टार्ट योर बिजनेस इन थर्टी डेज' पर तेजी से अमल प्रारंभ होगा।
- 50 बिस्तर का पुलिस चिकित्सालय बनेगा।
- पन्ना में डायमंड म्यूजियम बनेगा, छतरपुर जिले में जटाशंकर पर रोप-वे का निर्माण होगा।
- भोपाल गैस पीड़ितों के लिए केन्द्रीय पेंशन योजना समाप्त हो जाने के फलस्वरूप मध्यप्रदेश सरकार अपने बजट से पेंशन की व्यवस्था करेगी।
- प्रदेश में 9 नए मेडिकल कॉलेजों के लिए मंजूरी।
- संबल योजना पुनः प्रारंभ की गई है। छोटे और सीमांत किसानों को वर्ष में 10 हजार रूपए की राशि मिलेगी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के साथ ही मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना का लाभ भी प्राप्त होगा।

बजट के मुख्य बिंदु

- कुल विनियोग की राशि 2,41,375 करोड़ रुपये एवं कुल शुद्ध व्यय 2,17,123 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- राजस्व घाटा 8,294 करोड़ रुपये।
- अनुसूचित जनजाति (सब स्कीम) हेतु 24,911 करोड़ रुपये।
- अनुसूचित जाति (सब स्कीम) हेतु 17,980 करोड़ रुपये।
- सरकारी प्राथमिक शालाओं की स्थापना हेतु 9793 करोड़ रुपये का प्रावधान (स्कूल शिक्षा)।
- जल जीवन मिशन के लिए 5762 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- माध्यमिक शालाओं के लिए 5329 करोड़ रुपये का प्रावधान (स्कूल शिक्षा)।
- अटल कृषि ज्योति योजना के लिए 4600 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- शासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी शालाओं के लिए 4027 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- समग्र शिक्षा अभियान हेतु 3993 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार स्थानीय निकायों को अनुदान हेतु 4394 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- प्रवेश कर से नगरीय निकायों को हस्तांरण हेतु 3600 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना हेतु 3200 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हेतु 3035 करोड़ रुपये का प्रावधान।

जनता की बेहतरी का बजट - मुख्यमंत्री

मिशन मोड में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और रोज़गार के लिए होगा कार्य

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2021-22 का प्रदेश का बजट जनता का बजट है। यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं अपितु प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं और जनता का प्रतीक है। यह जनता और सरकार के विजन और मिशन का प्रतिबिम्ब है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के यज्ञ के मध्य लाये गये इस बजट को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए जनता के सुझाव प्राप्त कर तैयार किया गया है। यह जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए निर्मित बजट है, जिसमें आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की तड़प साफ दिखाई देती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्यों को प्राप्त करेगी। इसके लिए सुशासन, भौतिक अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और रोज़गार के क्षेत्रों में मिशन एप्रोच अपनाकर गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक मिशन को एक्शन में बदलने वाले कार्यक्रम लागू होंगे।

मिशन जनगण : बार-बार जमा नहीं कराने होंगे दस्तावेज

आम आदमी को नागरिक सुविधाएं संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सहजता से समय-सीमा में प्राप्त हो यही सुशासन है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए मिशन जनगण का संचालन होगा। लोक सेवा गारंटी कानून में संशोधन कर मान्य अनुमोदन (डीम्ड एप्रुवल) का प्रावधान किया गया है। अब चयनित सेवाएं प्राप्त करने संबंधी आवेदन यदि तय समय-सीमा में निराकृत न हो तो नागरिकों को पोर्टल से स्वतः ऐसी सेवा या प्रमाण-पत्र प्राप्त हो जाएंगे। इसी क्रम में एकत्व कार्यक्रम के अंतर्गत एकल नागरिक डाटाबेस तैयार किया जाएगा। इससे शासकीय सेवाओं के लिए नागरिकों को बार-बार दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही परिचय कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त नागरिक सेवाओं को एकीकृत कर एक ही पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में भौतिक अधोसंरचना के लिए मिशन निर्माण, मिशन ग्रामोदय और मिशन नगरोदय संचालित किये जाएंगे।

मिशन निर्माण में बनेंगे महापथ

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए अधोसंरचना का तेज गति से विकास आवश्यक है। इससे रोज़गार के नये अवसर

(शेष पृष्ठ 29 पर)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

27 फरवरी

प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलौना मेला-2021 का उद्घाटन किया

●प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय खिलौना

मेला-2021 का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के चन्नपटना, उत्तरप्रदेश के वाराणसी और राजस्थान के जयपुर के खिलौना निर्माताओं से बातचीत की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने भारत में खिलौना उद्योग की छिपी हुई क्षमता को सामने लाने और आत्मनिर्भर भारत के लिए एक अभियान के बड़े हिस्से के रूप में इसकी पहचान का सृजन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश की खेल और हर्ष की सदियों पुरानी संस्कृति को मजबूत बनाने की एक कड़ी भी है। खिलौना मेला का आयोजन 27 फरवरी से 2 मार्च, 2021 तक किया गया।

●भारत और बांग्लादेश के बीच 19वें गृह सचिव स्तर की वार्ता 'मुजीब वर्ष' तथा बांग्लादेश मुक्ति युद्ध और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष की पृष्ठभूमि में वर्चुअल रूप में आयोजित की गयी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय कुमार भल्ला ने किया, जबकि बांग्लादेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बांग्लादेश के गृह मामलों के मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा प्रभाग में वरिष्ठ सचिव श्री मुस्तफा कमाल उद्दीन ने किया। दोनों सचिवों ने सुरक्षा और सीमा संबंधी मुद्दों में आपसी सहयोग को और अधिक विस्तार देने और मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सहयोग तथा आतंकवाद और उग्रवाद के खतरे का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए की गई कार्रवाई की सराहना की।

28 फरवरी

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सम्मानित हुए वैज्ञानिक

●केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस कम्यूनिकेटर और महिला वैज्ञानिकों को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के बजट में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो देश में एस एंड टी इंफ्रास्ट्रक्चर संसाधनों को प्रोत्साहन प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि विश्व ने देखा है कि कैसे भारतीय एस एंड टी सिस्टम कोरोना महामारी के कारण पैदा हुए संकट में भी बढ़ा है। वैज्ञानिक जागरूकता और स्वास्थ्य की तैयारी कोविड-19 के बाद और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी।

●उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा आरम्भ 22 अनिवार्य वस्तुओं की मूल्य निगरानी के लिए मोबाइल एप ने देशभर में 127 स्थानों से खुदरा और थोक मूल्यों के बारे में प्रभावी वास्तविक समय सूचना उपलब्ध कराना आरंभ किया। मूल्य रिपोर्टिंग केंद्रों द्वारा दैनिक मूल्यों की रिपोर्टिंग के लिए मूल्य डाटा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए, उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने 1 जनवरी, 2021 को एक मोबाइल एप लॉन्च किया था। उपभोक्ता मामले विभाग 22 अनिवार्य वस्तुओं अर्थात् चावल, गेहूं, आटा (गेहूं), चना दाल, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल, मसूर दाल, चीनी, दूध, मूंगफली का तेल, सरसों तेल, वनस्पति, सोया तेल, सूरजमुखी तेल, पाम आयल, गुड़, चाय, नमक, आलू, प्याज और टमाटर के मूल्य की निगरानी करता है।

●पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में आयोजित तीसरा राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव संपन्न हुआ। इसका आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया गया था। संस्कृति मंत्रालय का अग्रणी त्योहार राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव सात क्षेत्रीय संस्कृति केंद्रों की भागीदारी के साथ 2015 से आयोजित किया जा रहा है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य के साथ इस महोत्सव में लोक तथा जनजातीय कला, नृत्य, संगीत, व्यंजन तथा एक दूसरे राज्य की संस्कृति दिखाई जाती है। नवंबर 2015 के बाद राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव दिल्ली, वाराणसी, बेंगलुरु, तवांग, गुजरात, कर्नाटक, टिहरी तथा मध्य प्रदेश में आयोजित किए गए हैं।

1 मार्च

कोविड-19 टीकाकरण का अगला चरण शुरू हुआ

●कोविड-19 टीकाकरण का अगला चरण शुरू हुआ। टीकाकरण के इस चरण में

60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा 45 साल वर्ष और इससे अधिक आयु के बीमार व्यक्तियों को कोविड के टीके लगाए जा रहे हैं। भारत में देशव्यापी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी 2021 को शुरू किया गया था। फ्रंटलाइन कर्मियों का टीकाकरण 2 फरवरी 2021 से शुरू हुआ था। दूसरे चरण के पहले दिन 25 लाख संभावित लाभार्थियों ने को-विन पोर्टल पर पंजीकरण कराया। इसमें से 24.5 लाख नागरिक हैं और बकाया लोग स्वास्थ्यकर्मी और फ्रंटलाइन कर्मी हैं।

●भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) ने नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय पर अपना 9वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर एलपीएआई के अध्यक्ष श्री आदित्य मिश्रा ने एलपीएआई द्वारा वर्तमान में चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं और नई पहलों को भी रेखांकित किया। इस आयोजन को बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त श्री विक्रम कुमार दुरईस्वामी और एशियाई विकास बैंक के अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया गया।

●केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने वर्चुअल माध्यम से नई दिल्ली में ग्लोबल बायो इंडिया-2021 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'बायोसाइंसेस टू बायो-इकोनॉमी' टैगलाइन के साथ 'ट्रांसफॉर्मिंग लाइव्स' है। यह कार्यक्रम जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से अपने लोक उद्यमों, और बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल (बीआईआरएसी) के साथ उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी लेड एंटरप्राइजेज (एबीएलई) और इन्वेस्ट इंडिया की साझेदारी में सह-आयोजित किया गया।

2 मार्च

'माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास' परियोजना की आधारशिला रखी गई

●केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में 'माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास' परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि इस परियोजना में 'तीर्थ यात्रा गतिविधि केंद्र' में तीर्थ यात्रा के बुनियादी ढांचे के विकास कार्य के साथ श्रीयंत्र के आकार की प्रतिष्ठित इमारत, सीढ़ियों का निर्माण, शेड, पैदल मार्ग, आसपास के इलाके की रोशनी व्यवस्था, झील का किनारा, अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के साथ पार्किंग स्थल का विकास और माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर और प्रज्ञागिरी में तीर्थ यात्रा के लिये सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य शामिल है।

●वाणिज्य और उद्योग, रेलवे, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री पीयूष गोयल ने भारत खिलौना मेला 2021 के समापन समारोह में कहा कि खिलौने भारत की गुणवत्ता, विशिष्टता, नवाचार, पर्यावरण अनुकूलता और भारतीय खिलौनों के प्रति रोमांच को प्रदर्शित करने के प्रतीक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के एक हिस्से के रूप में इस अभियान की शुरुआत की, जिससे खिलौने की वास्तविक क्षमता को समझा और भारत में खिलौनों को लेकर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा सके।

●अटल नवाचार मिशन (एआईएम) ने भारत में डीप-टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के लिए मैथमेटिकल कम्प्यूटिंग सॉफ्टवेयर विकसित करने वाले मैथवर्क्स के साथ सहभागिता की। इस सहभागिता के अंतर्गत अटल नवाचार मिशन द्वारा सहयोग प्राप्त स्टार्टअप्स को मैथवर्क्स टूल (मैटलैब और सिमुलिंक सहित), इंजीनियरिंग सहायता, ऑनलाइन प्रशिक्षण, मैटलैब कम्युनिटी तक पहुंच और इसकी घरेलू तथा वैश्विक स्तर पर पहुंच के माध्यम से अपने स्टार्टअप उत्पादों के बारे में जागरूकता फैलाने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य प्रारंभिक चरण की इन कंपनियों में नवाचार को बढ़ावा देना और उत्पाद विकास में तेजी लाना है।

3 मार्च

रेलवे ने स्टेशनों पर बने विश्राम गृहों को खोलने की अनुमति दी

●रेल मंत्रालय ने जोनल रेलवे को स्टेशनों पर स्थित विश्राम गृहों को दोबारा खोलने के बारे में निर्णय लेने की अनुमति दे दी है। इस दौरान सरकार द्वारा जारी कोविड संबंधित प्रोटोकॉल तथा अन्य स्थानीय स्थितियों का ध्यान रखना होगा। रेलवे बोर्ड पहले ही विश्राम गृहों, रेल यात्री निवासों और आईआरसीटीसी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को फिर से खोलने की अनुमति दे चुका है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्टेशनों पर बने विश्राम गृहों को खोलने की अनुमति देने का फैसला किया है।

●केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने मैरीटाइम इंडिया समिट-2021 में 'ओडिशा में निवेश के अवसर' सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा का समुद्र तट समुद्री व्यापार का केंद्र बनने जा रहा है। उन्होंने सभी संभावित निवेशकों को यह आश्वासन भी दिया कि केंद्र और राज्य सरकारें ओडिशा को एक आकर्षक निवेश के लिए अनुकूल जगह बनाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा का एक समृद्ध समुद्री इतिहास है।

●भारत और नॉर्वे ने अगले पांच वर्षों के लिए समुद्री स्थानिक योजना के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करने के लिए सहमति जताई है। दोनों देशों द्वारा एक योजना तैयार की गयी है, ताकि ऊर्जा, परिवहन, मत्स्य पालन, जलीय कृषि, पर्यटन आदि क्षेत्रों में मानवीय गतिविधियां कुशल, सुरक्षित और टिकाऊ तरीके से संचालित की जा सकें। परियोजना के लिए पायलट स्थलों के रूप में लक्षद्वीप और पुडुचेरी की पहचान की गई है।

4 मार्च

'लाल चावल' की पहली खेप अमेरिका के लिए रवाना

●भारत की चावल निर्यात क्षमता को बढ़ावा देने के लिए 'लाल चावल' की पहली खेप को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना कर दिया गया। आयरन से भरपूर 'लाल चावल' असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में किसी भी रासायनिक उर्वरक के इस्तेमाल के बिना उगाया जाता है। चावल की इस किस्म को 'वाओ-धान' कहा जाता है, जो कि असमिया भोजन का एक अभिन्न अंग है। लाल चावल का निर्यात प्रमुख चावल निर्यातक-एलटी फूड्स द्वारा किया जा रहा है। निर्यात किये गए लाल चावल की इस खेप को एपीडा (एपीईडीए) के अध्यक्ष डॉ. एम. अंगमुथु ने हरियाणा के सोनीपत से अमेरिका के लिए रवाना किया।

●केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने 'सीएसआईआर फूलों की खेती अभियान' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सीएसआईआर की प्रत्येक प्रयोगशाला में उपलब्ध भूमि में इसका एक मॉडल विकसित करने का वैज्ञानिकों से आह्वान किया है। गौरतलब है कि 'सीएसआईआर फूलों की खेती अभियान' को हाल ही में भारत के 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू करने की मंजूरी दी गई है। इसके लिए सीएसआईआर के संस्थानों में उपलब्ध जानकारियों का उपयोग किया जाएगा और इसके जरिए देश के किसानों और उद्योगों को निर्यात की जरूरतों को पूरा करने में मदद दी जाएगी।

5 मार्च

व्हाट्सएप ने शुरू की लैपटॉप-डेस्कटॉप पर कॉलिंग सुविधा

●सोशल मीडिया मैसेजिंग एप व्हाट्सएप ने लैपटॉप और डेस्कटॉप पर वॉयस और वीडियो कॉल की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा शुरू होने से यूजर्स अपने लैपटॉप या डेस्कटॉप के जरिए कॉल कर सकेंगे। व्हाट्सएप ने कहा कि वॉयस और वीडियो कॉल एंड टू एंड इनक्रिप्टेड हैं।

●देशभर में अब तक 1.8 करोड़ से ज्यादा लगभग 1,80,05,503 लोगों को कोविड-19 टीके की खुराकें दी जा चुकी हैं। इनमें 68,53,083 स्वास्थ्यकर्मी (पहली खुराक), 31,41,371 स्वास्थ्यकर्मी (दूसरी खुराक), 60,90,931 अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता (पहली खुराक) और 67,297 अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता (दूसरी खुराक) के साथ-साथ विशिष्ट बीमारियों से ग्रस्त 45 साल से अधिक उम्र के 2,35,901 लाभार्थियों को पहली खुराक और 60 साल से अधिक उम्र के 16,16,920 लाभार्थियों को टीके लगाए गए हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

GULAB BAI YADAV SMRITI SHIKSHA MAHAVIDYALYA, BORAWAN
TEH. KASRAWAD, DISTRICT-KHARGONE

RECOGNISED BY NCTE, AFFILIATED BY DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA INDORE (M.P.)

Application are invited for the appointment on teaching posts under college code-28 of the university

M.Ed. DEPARTMENT

Professor (01), Associate Professor (02), Assistant Professor (03)

B.Ed. DEPARTMENT

Assistant Professor ,Perspectives in education (04), AssistantProfessor, Pedagogy subject Maths(02), Science(02), Social Science(02), Language (02)fine art/performing Arts (2), Health & Physical Education (01)

D.ELEd. DEPARTMENT

Assistant Professor ,Foundation of Education (03), Assistant Professor Pedagogy subject maths (02), Science (02), Humanities and Social Science (02), Language (03), fine art/performing Arts (02), Health & Physical Education (01)

Qualification for all above shall be strictly as NCTE and UGC Norms under college code 28 to Apply send your CV Togbyssm.job@gmail.comwith in 07 days. or post in following address to PRINCIPAL, GULABBAI YADAV SMRITI SHIKSHA MAHAVIDYALAYA BORAWAN,TEH-KASRAWAD, DIST-KHARGONE (M.P) 451228 THROUGH SPEED POST.

R-45325/2021

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक, पुलिस कांस्टेबल एवं अन्य परीक्षाओं की सफल तैयारी करें ...

प्रतियोगिता निर्देशिका
(ऑनलाइन, मासिक पत्रिका 1984 से)
● जनवरी 2020 से मार्च 2021 तक के उपलब्ध 12 अंक मात्र 100 रू. में
● परीक्षोपयोगी नोट्स भी नाममात्र कीमतों पर उपलब्ध।
मात्र ₹15
तुरंत खरीदें, पढ़िए और चाहें तो प्रिंट करें ...
www.pratiyogitanirdeshika.com
111, गुमाश्ता नगर, इन्दौर ☎ 0731-2482060, 2480090

R-45327/2021

वर्ष 38, अंक 10 08.03.2021 से 14.03.2021

रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

पशुपालन एवं डेयरी विकास

हर साल एक लाख रोज़गार के अवसर बनाये जायें

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्यों को समयबद्ध कार्ययोजना के अनुसार प्राप्त किया जाये। पशुपालन और डेयरी विकास विभाग के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाये। एक साल में एक लाख लोगों को स्वरोज़गार से जोड़ने की कार्ययोजना तैयार कर उसे अमल में लाया जाये। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप में डेयरी व्यवसाय, पशुपालन विकास उत्पादन में वृद्धि और विविधीकरण की गतिविधियों को शामिल किया जाये। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मुर्गा-मुर्गी, अण्डे, बकरी और दूध का उत्पादन बढ़ाया जाये। इस काम में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जाये। स्वरोज़गार मूलक छोटी-छोटी योजनाएं बनायी जायें, जो गरीब परिवारों के लिये आय का जरिया बने। अनेक वर्षों से संचालित हो रही योजनाओं की समीक्षा की जाये और अनुपयोगी योजनाओं को बंद किया जाये। इन योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट राज्य शासन के समक्ष प्रस्तुत की जाये। श्री चौहान ने कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ाकर नस्ल सुधार और दूध उत्पादन वृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गौ-सेवकों को प्रशिक्षित कर और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान कर अधिक लक्ष्य बनाया जाये। कृत्रिम गर्भाधान वर्तमान में 32 प्रतिशत है इसे 50 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। इस कार्य में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुओं को होने वाली बीमारी का इलाज अभियान संचालित कर कराएं। पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। विलंब से चिकित्सालय आने वाले, अनुपस्थित रहने वाले तथा लापरवाह पशु चिकित्सकों तथा स्टाफ के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि फ्रोजन-सीमन के 26 लाख सीमन डोजेस का उत्पादन किया गया है। इसे बढ़ाकर 45 लाख फ्रोजन सीमन डोजेस का लक्ष्य हासिल किया जायेगा। प्रदेश में अभी प्रथम चरण में करीब 253 लाख पशुओं में एफएमडी टीकाकरण किया गया। पशुओं की 12 बीमारियों के लिये वैक्सीन बनाने वाली महू स्थित जैविक उत्पाद प्रयोगशाला का उन्नयन एवं नवीनीकरण किया जायेगा। वर्ष 2019-20 में एक हजार चार गौ-शालाएं स्वीकृत की गईं, जिनमें से 963 गौ-शालाओं का निर्माण पूरा हो गया है। वर्ष 2020-21 में 2365 गौ-शाला निर्माण का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत डेयरी-टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगे। पशुपालन एवं डेयरी गतिविधियों के विस्तार के लिये कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों को ही पाठ्यक्रम एवं डेयरी विकास की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। पशुपालन के अंतर्गत 3 लाख पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों को 4 लाख आवेदन प्रस्तुत किये गये। वर्तमान में 84 हजार किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृत किये जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। पशुपालन एवं डेयरी विकास भी उसी के नजदीक का एक कार्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावना है, इसमें स्वयं के रोज़गार हासिल करने के साथ ही अन्य लोगों को भी रोज़गार मुहैया करवाया जा सकता है।

वैज्ञानिकों ने सपने में संवाद का तरीका खोजा

वैज्ञानिकों ने एक नये तरीके की पहचान की है, इसमें यह किया गया है कि जब व्यक्ति गहरी नींद में हो या वह सपने देख रहा हो तब उससे संवाद किया जा सके। इसे वैज्ञानिकों ने 'इंटरएक्टिव ड्रीमिंग' नाम दिया है। लोग जब सपना देखते हैं तब वे संवाद करने और निर्देशों का पालन करने में सक्षम होते हैं। यह नया अध्ययन इस बात की समझ नये तरीके से विकसित करेगा कि जब हम सपने देख रहे होते हैं तो हमारे दिमाग के साथ क्या होता है। यह हमें अपने सपनों को प्रशिक्षित करना और एक विशेष दिशा की ओर ले जाना सिखा सकता है। यह किसी विशिष्ट मानसिक स्वास्थ्य समस्या के इलाज में भी सहायक हो सकता है। दरअसल नींद के बारे में ऐसा बहुत कुछ जो वैज्ञानिकों के लिये रहस्य बना हुआ है इसमें रैपिड आई मूवमेंट स्टेज शामिल है, जिसमें आमतौर पर सपने आते हैं। केन पालर जो नॉर्थवेस्टर्न विश्वविद्यालय में मनोवैज्ञानिक हैं, ने कहा है कि आई.ई.एम. नींद में प्रतिभागी बातचीत कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने चार अलग-अलग प्रयोगशालाओं में 36 व्यक्तियों पर परीक्षण किया। प्रतिभागियों की नींद की सबसे गहरी अवस्थाओं के दौरान ई.ई.जी. उपकरणों द्वारा निगरानी की। इसके बाद स्पोकन ऑडियो के जरिये उनसे गणित से संबंधित सवाल पूछे गये। 57 नींद सत्रों के दौरान 47 में प्रतिभागियों ने कम से कम एक सही जवाब दिया। अध्ययन में शामिल शोधकर्ताओं ने यह भी देखा कि सपने देखने वाले प्रतिभागी उनसे किये गये प्रश्नों को समझने, कार्य स्मृति संचालक में शामिल होने और उत्तर देने में सक्षम पाये गये। उन्होंने आंखों अथवा चेहरे की मांस पेशियों के माध्यमों से इसके लिये सहमति व्यक्त की।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च

महिला अपराध को रोकने में महिला अध्ययन की भूमिका

महिला अध्ययन में भी हैं कॅरियर के बेहतर अवसर

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवताओं का निवास होता है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी की तरह पूजा जाता है, लेकिन मध्यकालीन युग से लेकर आधुनिकता के दौर में महिलाओं की स्थिति में काफी बदलाव आ चुका है। चाहे वह घरेलू हिंसा का मुद्दा हो, घर की चारदीवारी या फिर उसके बाहर महिलाओं के साथ होनी वाले अपराध, बलात्कार की घटनाओं से लेकर कन्या को गर्भ में मारने या फिर बोझ समझकर जन्म के बाद सड़क पर छोड़ देने वाली संवेदनहीनता से भरी घटनाएं। इन सभी ने सरकार से लेकर समाज को इस बात पर सोचने के लिए विवश कर दिया है कि सृष्टि का सृजन करने वाली स्त्री का संरक्षण करना आवश्यक है और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास करने की दरकार है। इसी को देखते हुए अब महिलाओं के दृष्टिकोण, उनकी समस्याओं को समझने से जुड़े महिला अध्ययन के कोर्स का उदय हुआ। वैसे तो इसे पढ़ने और समझने की जरूरत समाज से जुड़े बौद्धिक वर्ग के लोग स्कूल स्तर पर मानने लगे हैं, लेकिन अभी इसका अध्ययन सिर्फ कॉलेज या विश्वविद्यालयीन स्तर पर ही शुरू हो सका है। कहने में भले ही यह बात दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यह सच भी है कि समाज में बढ़ते महिलाओं के प्रति अपराध ने ही इस विषय में कॅरियर के नए द्वार युवाओं के लिए खोल दिए हैं।

सिर्फ महिलाओं के लिए नहीं महिला अध्ययन

महिला अध्ययन विषय को लेकर अक्सर यह सोचा जाता है कि इस विषय की पढ़ाई सिर्फ महिलाओं के लिए है, बल्कि वास्तविकता यह है कि महिलाओं से जुड़े सामाजिक, आर्थिक या पारंपरिक सभी तरह के मुद्दों के बारे में इस विषय में पढ़ा जाता है। इसलिए यह समाज में महिलाओं से जुड़े विविध पहलुओं का अध्ययन है।

क्या है आवश्यक

महिला अध्ययन विषय की पढ़ाई करने के लिए संवेदनशीलता और शोध के प्रति रुचि होना आवश्यक है। साथ ही विकास से जुड़े मुद्दों और सरकारी नीतियों के साथ काम करने में भी रुचि होनी चाहिए।

एसएनडीटी ने महिला शिक्षा के लिए की थी शुरुआत

वैदिक काल में भले ही महिलाओं को शिक्षा के समान अवसर मिलते रहे, लेकिन मध्यकाल के बाद से महिलाओं की शिक्षा का स्तर धीरे-धीरे गिरता गया और उन्हें घर में रखा जाने लगा। ऐसे में 18वीं-19वीं सदी में हुए आंदोलनों में लड़कियों की शिक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया। इसी कड़ी में देश समेत पूरे दक्षिण एशिया में पहला महिला विश्वविद्यालय मुंबई में 1916 में श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय महर्षि डॉ. धोंडो केशव कर्वे द्वारा महिला शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। एसएनडीटी मुंबई अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने के बाद भी सफलतापूर्वक लड़कियों के लिए कई प्रोफेशनल-नॉन प्रोफेशनल कोर्स के माध्यम से लड़कियों को बेहतर शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। एसएनडीटी मुंबई ने ही लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं से जुड़े विषयों पर शोध, शिक्षा, प्रकाशन संबंधी विषयों को ध्यान में रखते हुए महिला अध्ययन शोध केन्द्र (रिसर्च सेंटर फॉर वुमन स्टडीज) को

स्थापित किया। वर्तमान में यहां पर एमए वुमन स्टडीज के अलावा पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स और पीएचडी भी कराई जाती है। इसी तरह दिल्ली यूनिवर्सिटी के वुमन स्टडीज डिपार्टमेंट द्वारा भी इस विषय के क्षेत्र में भी अलग-अलग कोर्स संचालित किए जाते हैं। मध्यप्रदेश में भी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय आदि में भी महिला अध्ययन से जुड़े कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। राजधानी भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन विभाग में भी एमफिल के साथ-साथ पीएचडी कोर्स भी शुरू किया जा चुका है।

कॅरियर के मौजूद हैं बेहतर अवसर

महिलाओं के लिए समाज में समानता के अधिकार के साथ उनके लिए बेहतर संभावनाओं का पक्षधर महिला अध्ययन का कोर्स करने के पश्चात युवाओं के लिए इस क्षेत्र में कॅरियर की भी बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा देश के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में महिला अध्ययन और लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने के बाद इस कोर्स को करने वालों के लिए भी उजले भविष्य के नए द्वार खुल गये हैं।

कोर्स को करने के बाद इन क्षेत्रों में कॅरियर के विकल्प

आर्ट्स और मीडिया : महिला अध्ययन विषय की पढ़ाई के दौरान आपकी टीचिंग और कम्यूनिकेशन स्किल भी बेहतर होती है। ऐसे में आपके लिए पब्लिक रिलेशन और पब्लिकेशन के क्षेत्र में भी कॅरियर संभावनाएं हैं। आप महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर लेखन कार्य करने के साथ महिलाओं से जुड़ी पत्रिकाओं या जर्नल के एडीटिंग या राइटिंग डिपार्टमेंट से जुड़कर मीडिया के माध्यम से महिलाओं की सकारात्मक छवि बनाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इसके साथ ही किसी जेंडर सेंसेटाइज ऑर्गनाइजेशन में जॉब के अलावा आप स्वयं का भी कोई संस्थान संचालित कर काम शुरू कर सकते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में : यूजीसी द्वारा समय की जरूरत को देखते हुए इस विषय पर फोकस करने के बाद इस विषय में शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कॅरियर बनाया जा सकता है। डॉ. भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, डॉ. आंबेडकर नगर की कुलपति प्रोफेसर आशा शुक्ला कहती हैं कि समाज को संवेदनशील बनाने और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने में लैंगिक संवेदनशीलता की शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। इस विषय के प्रति शिक्षा की आवश्यकता के चलते इस विषय से स्टडी करने वाले युवाओं के लिए एजुकेशन सेक्टर में बेहतर संभावनाएं हैं।

एमफिल, पीएचडी या नेट क्वालीफाइड करने के बाद असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर बना जा सकता है। साथ ही फिजिकल एजुकेशन टीचर भी बन सकते हैं।

हेल्थ सेक्टर में संभावना : महिला अध्ययन के क्षेत्र की पढ़ाई के साथ ही यदि वुमन हेल्थ पर पढ़ाई करने के बाद इस सेक्टर में भी जॉब संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वुमन हेल्थ रिलेटेड स्टडी के बाद आप किसी वुमन और फैमिली केयर सेंटर, सर्टिफाइड नर्स और हेल्थ काउंसलर के रूप में भी अपना कॅरियर बना सकती हैं।

राजनीति और कानून के क्षेत्र में : महिला अध्ययन की पढ़ाई के दौरान विश्लेषण क्षमता भी बेहतर हो जाती है। ऐसे में इस विषय की पढ़ाई के बाद महिलाओं के अधिकार के लिए काम करने वाले प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर के विभिन्न संस्थानों में आप महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने वाली काउंसलर भी बन सकती हैं। इसके साथ ही पब्लिक इंट्रेस्ट लॉयर, लीगल ऑफिसर के रूप में कानून के क्षेत्र में भी इस कोर्स को करने के बाद आपके पास बेहतर संभावनाएं हैं।

समाज सेवा और मनोविज्ञान : महिला अध्ययन विषय की पढ़ाई करने के बाद आप एनजीओ या फिर शासन द्वारा संचालित विभिन्न संस्थानों में भी वर्कर, काउंसलर, ड्रग एंड एल्कोहल एडिक्शन काउंसलर, किशोर मां कार्यक्रम निदेशक, अवेयरनेस असिस्टेंस सेंटर, वोकेशल काउंसलर, घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए बनाए गए कार्यालय में काउंसलर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे सकती हैं।

शासकीय नौकरियों में भी अवसर : वुमन स्टडीज की पढ़ाई करने के बाद भी आप ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट लेवल पर होने वाली शासन की सभी नौकरियों में भी अपने लिए जगह सुनिश्चित कर सकते हैं।

महिला अध्ययन या लैंगिक संवेदनशीलता विषय को लेकर अध्ययन में भी रुचि बढ़ी है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में 660 निर्भया सेंटर खोले जाने की घोषणा की गई थी। देश में कुछ जगहों पर यह वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर के नाम से शुरू किए जा चुके हैं। इसी तरह मध्यप्रदेश सरकार भी शोषण की शिकार महिलाओं के लिए मेधा महिला सेवा केंद्र शुरू कर चुकी है। इसके साथ ही महिलाओं के हित के लिए संचालित योजना के तहत भी स्त्री अध्ययन से जुड़े विशेषज्ञों की आवश्यकता रहेगी। इस तरह महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए इस कोर्स का अध्ययन कर समाज में आधी आबादी को उसके अधिकार दिलाने के क्षेत्र में कॅरियर बनाकर आप अपने कल को बेहतर बना सकते हैं।

महिला अध्ययन से जुड़े प्रमुख कोर्स

- एमए
- एमफिल
- पीएचडी
- महिला अध्ययन से संबंधित प्रमुख सर्टिफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा

देश में महिला अध्ययन और लैंगिक संवेदनशीलता से जुड़े प्रमुख शिक्षा केंद्र

- एसएनडीटी, मुंबई
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस, मुंबई
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस, हैदराबाद
- जामिया मिलिया इस्लामिया विश्व-विद्यालय, दिल्ली
- जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली
- कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता
- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
- डॉ. बी.आर. आंबेडकर यूनिवर्सिटी, डॉ. आंबेडकर नगर, इंदौर
- पुणे विश्वविद्यालय
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
(CIN : U 12000 JH 1967 GOI 000806)
पो.ऑः–जादुगोड़ा माइन्स, जिला–पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड–832102
फोन नं.– 0657 – 2730058, वेबसाइट :www.uraniumcorp.in
ईमेल : sksharma.inst@uraniumcorp.in

विज्ञापन संख्या:01 / 2021

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को 04 अक्टूबर, 1967 को निगमित किया गया था। यह परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम है, जो परमाणु ऊर्जा आवर्तन में सबसे आगे हैं। दबाव वाले भारी जल रियेक्टरों के लिए यूरेनियम की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, यूसीआईएल देश की परमाणु ऊर्जा उत्पादन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यूसीआईएल एक आईएसओ 9001: 2015 और आईएस 18001:2007 कम्पनी है और इसे अपने खानों और प्रक्रिया संयंत्रों के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाया है। कम्पनी झारखण्ड राज्य में छह भूमिगत खदानों (बागजादा, जादुगोड़ा, भाटीन, नरवापहाड़, तुरामडीह और मोहुलडीह) और एक खुली खदान (बंडुहरंग) का संचालन करती है। इन खदानों से पैदा होने वाले अयस्क को जादुगोड़ा और तुरामडीह स्थित दो प्रक्रिया संयंत्रों में संसाधित किया जाता है। यूसीआईएल आंध्रप्रदेश के तुम्मालपल्ली में एक भूमिगत खदान और प्रोसेस प्लांट भी संचालित कर रहा है। कम्पनी के झारखंड में अपने कुछ परिचालन का विस्तार किया है और देश के विभिन्न हिस्सों में नयी खदानों और संयंत्रों की स्थापना के लिए पूर्व–परियोजना गतिविधियां शुरू की हैं।

यूसिल निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है।

क्रम सं.	पद का नाम / वेतनमान (रु.) / सीटीसी प्रतिवर्ष	पदों की संख्या	20.03.2021 को अधिकतम उम्र सीमा	20.03.2021 को योग्यता एवं अनुभव
01	महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं)/ मुख्य प्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) रु. 90000–240000(ई6) रु. 80000–220000(ई5) रु. 22.71 लाख प्रतिवर्ष/ रु. 20.19 लाख प्रतिवर्ष	01 (अनारक्षित)	48 / 45 वर्ष	एक प्रतिष्ठित अस्पताल में 18 / 15 साल के प्रासंगिक अनुभव के साथ भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस डिग्री। पीजी डिग्री एक अतिरिक्त योग्यता होगी।
02	मुख्य अधीक्षक (सिविल)/ अधीक्षक (सिविल)/ अपर अधीक्षक (सिविल)/ उप अधीक्षक (सिविल)/ रु.80000–220000/(ई5) रु.70000–200000/(ई4) रु.60000–180000/(ई3) रु.50000–160000/(ई2) रु.20.19 लाख प्रतिवर्ष/ रु.17.66 लाख प्रतिवर्ष/ रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष/ रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष (02 पद तुम्मालापल्ली के लिए)	04 [अनारक्षित–01, ओबीसी (एनसीएल) –02, अनुसूचित जनजाति –1]	45 / 40 / 35 / 30 वर्ष	सिविल अभियंत्रण में डिग्री या समकक्ष। न्यूनतम 15/12/09/05 वर्षों की योग्यता पश्चात कार्य का अनुभव, औद्योगिक भवनों / संरचना के संरचनात्मक डिज़ाइन, अधिमानतः बांधों के साथ–साथ अनुबंध आदि को तैयार करना।
03	मुख्य प्रबंधक (लेखा)/प्रबंधक (लेखा)/उप प्रबंधक (लेखा)/ सहायक प्रबंधक (लेखा) रु.80000–220000/(ई5) रु.70000–200000/(ई4) रु.60000–180000/(ई3) रु.50000–160000/(ई2) रु.40000–140000(ई1) रु.20.19 लाख प्रतिवर्ष/ रु.17.66 लाख प्रतिवर्ष रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष रु.09.41 लाख प्रतिवर्ष (03 पद तुम्मालापल्ली के लिए)	07 [अनारक्षित–04, ओबीसी (एनसीएल) –01, (ओएच), अनुसूचित जाति–02 (01 बैकलॉग भी शामिल है)]	45 / 40 / 35 / 30 वर्ष	इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से योग्य चार्टर्ड अकाउंटेट/ इंस्टीच्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से योग्य कॉस्ट अकाउंटेंट। पी एस यू के लेखा विभाग/ खनन एवं प्रसंस्करण उद्योग में अधिमानतः वर्क्स अकाउंटिंग, प्रोजेक्ट अकाउंटिंग, ट्रेजरी मैनेजमेंट एवं लेखाओं को अंतिम रूप देने जैसे बड़े उद्योगों में न्यूनतम 15/12/09/05/02 वर्षों की उत्तर योग्यता का अनुभव। उन्हें कंप्यूटर के क्षेत्र में काम किया हुआ होना चाहिए।
04	नियंत्रक (भंडार)/ अपर नियंत्रक (भंडार) रु.70000–200000(ई4) रु.60000–180000/(ई3) रु.17.66 लाख प्रतिवर्ष/ रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष/ (तुम्मालापल्ली के लिए)	01 (अनारक्षित)	40 / 35 वर्ष	सामग्री प्रबधन में एक वर्ष की मान्यताप्राप्त डिप्लोमा के साथ अभियंत्रण की किसी भी शाखा में डिग्री या सामग्री प्रबंधन में दो वर्षों का मान्यताप्राप्त पी जी डिग्री / डिप्लोमा के साथ किसी भी विषय में डिग्री या सामग्री प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ एम बी ए। किसी बड़ी संस्था के भण्डार / सामग्री प्रयोग विभाग में न्यूनतम 12 / 09 वर्षों का उत्तर योग्यता अनुभव।
05	अपर अधीक्षक (खान)/ उप अधीक्षक (खान)/ सहायक अधीक्षक (खान) रु.60000–180000/(ई3) रु.50000–160000/(ई2) रु.40000–140000(ई1) रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष रु.09.41 लाख प्रतिवर्ष	11 (अनारक्षित–04, ओबीसी (एनसीएल) –05 (03 बैकलॉग भी शामिल है), अनुसूचित जाति–02)	35 / 30 वर्ष	एक विश्वविद्यालय / मान्यताप्राप्त संस्थान से खनन अभियंत्रण में स्नातक तथा E2 और उससे ऊपर ग्रेड के लिए प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक (अप्रतिबंधित) प्रमाणपत्र और E1 के लिए द्वितीय श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाण पत्र योग्यता आवश्यक है। पर्याप्त कंप्यूटर ज्ञान और नवीनतम खनन सॉफ्टवेयर का ज्ञान आवश्यक है। अग्रणी निर्माताओं के लिए आधुनिक खनन उपकरण रखने वाले बड़े मशीनीकृत भूमिगत धातु खानों / मैकेनाइज्ड ओपेनकास्ट खानों की उत्पादन लाइन में न्यूनतम 09/05/02 वर्ष का उत्तर योग्यता कार्यानुभव। उम्मीदवार को पेशेवरों की एक बहु–विषयक टीम का नेतृत्व करने का अनुभव होना चाहिए और लगातार निर्धारित लक्ष्य हासिल करना चाहिए। खनन नियमों / विनियमों का ज्ञान और नियामक अधिकारियों के साथ व्यवहारिक ज्ञान आवश्यक है।
06	अपर प्रबंधक (कार्मिक) / उप प्रबंधक (कार्मिक) / रु.60000–180000/(ई3)/ रु.50000–160000/(ई2) रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष	01 (अनारक्षित)	35 / 30 वर्ष	किसी भी विषय में डिग्री, इंजीनियरिंग सहित और वैधानिक प्राधिकारी / केंद्र / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त दो साल का पूर्णकालिक पीजी डिग्री / डिप्लोमा कार्मिक प्रबंधन, समाज कल्याण, औद्योगिक संबंध, सामाजिक कार्य, सामाजिक व्यवहार विज्ञान, प्रशिक्षण और विकास में या कार्मिक प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए / पीजीपीएम। श्रम, कार्मिक, औद्योगिक संबंध और सामान्य प्रशासन आदि से संबंधित किसी भी पीएसयू / बड़े संगठन में न्यूनतम 09 / 05 वर्ष का योग्यता प्रासंगिक अनुभव।
07	अपर अधीक्षक (मिल) / उप अधीक्षक (मिल) रु.60000–180000/(ई3) रु.50000–160000/(ई2) रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष (तुम्मालापल्ली के लिए)	01 (अनारक्षित)	35 / 30 वर्ष	केमिकल इंजीनियरिंग/ मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग में डिग्री/ एम.एस.सी. खनिज प्रसंस्करण में या समकक्ष। हाइड्रो मेटालर्जिकल / मिनरल प्रोसेसिंग प्लांट में न्यूनतम 09 / 05 वर्ष की योग्यता के बाद का अनुभव। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विनियमों का ज्ञान और नियामक अधिकारियों के साथ व्यवहारिक ज्ञान आवश्यक है।
08	अपर अधीक्षक (इंस्ट्रूमेंटेशन) / उप अधीक्षक (इंस्ट्रूमेंटेशन) रु.60000–180000/(ई3) रु.50000–160000/(ई2) रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष (तुम्मालापल्ली के लिए)	01 (अनुसूचित जाति)	35 / 30 वर्ष	विश्वविद्यालय / मान्यताप्राप्त संस्थान में इंस्ट्रूमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक एवं टेलिकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में डिग्री या समकक्ष। पीएलसी आधारित नियंत्रण (सी एण्ड आई) प्रणाली के क्षेत्र में विशेष रूप से घोल / तरल / विरल प्रवाह, स्मार्ट दायर किए गए इंस्ट्रूमेंटेशन, वीवीएफडी ड्राइव, ऑनलाइन एनालाइजर आदि के क्षेत्र में न्यूनतम 09 / 05 वर्ष की योग्यता के बाद का अनुभव।
09	अपर अधीक्षक (सर्वेक्षण) / उप अधीक्षक (सर्वेक्षण) रु.60000–180000/(ई3) रु.50000–160000/(ई2) रु.15.14 लाख प्रतिवर्ष रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष (तुम्मालापल्ली के लिए)	01 (अनारक्षित)	35 / 30 वर्ष	डीजीएमएस द्वारा एमएमआर, 1961 के तहत खान सर्वेक्षण (अप्रतिबंधित) की योग्यता सर्टिफिकेट। खानों के सर्वेक्षण में न्यूनतम 09 / 05 वर्ष प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव।
10	उप प्रबंधक (सुरक्षा) / सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) रु.50000–160000/(ई2) रु.40000–140000(ई1) रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष रु.09.41 लाख प्रतिवर्ष (01 पद तुम्मालापल्ली के लिए)	03 [(अनारक्षित –01, ओबीसी (एनसीएल) –01, अनुसूचित जाति–01]	50 वर्ष सभी छूट के साथ	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में डिग्री। उम्मीदवार को कम से कम 15 / 10 वर्षों के लिए रक्षा या अर्धसैनिक बल में सेवा होना चाहिए और भारतीय सेना में न्यूनतम लेफ्टिनेंट (कमिशन ऑफिसर) के पद या नौसेना/ वायु सेना/ अर्धसैनिक बल में समकक्ष रैंक में सेवा होना चाहिए। हालाँकि उम्मीदवार को कंप्यूटर, अग्निशमन और संपदा प्रशासन के पर्याप्त ज्ञान के साथ प्रासंगिक औद्योगिक सुरक्षा अनुभव रखने रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

11	उप नियंत्रक (क्रय)/ सहायक नियंत्रक (क्रय) रु.50000–160000/(ई2) रु.40000–140000(ई1) रु.11.77 लाख प्रतिवर्ष रु.09.41 लाख प्रतिवर्ष	01 (अनारक्षित)	30 वर्ष	सामग्री प्रबंधन में एक वर्ष की मान्यता प्राप्त डिप्लोमा के साथ अभियंत्रण की किसी भी शाखा में डिग्री या सामग्री प्रबंधन में दो वर्षों का मान्यता प्राप्त पीजी डिग्री/डिप्लोमा के साथ किसी भी विषय में डिग्री या सामग्री प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ एम.बी.ए.। भंडार और क्रय/सामग्री प्रबंधन/आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में न्यूनतम 05/02 वर्षों का उत्तर योग्यता अनुभव।
12	सहायक प्रबंधक (सीएस)/ सहायक प्रबंधक (कार्मिक) रु.40000–140000/ (ई1) रु.9.41 लाख प्रतिवर्ष	01 (अनारक्षित –श्रवण दिव्यांग) बैकलॉग	30 वर्ष	अभियंत्रण और पूर्णकालिक पीजी डिग्री/ डिप्लोमा सहित वैधानिक प्राधिकरण/केंद्रीय/ राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विषय में डिग्री/कार्मिक प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ कार्मिक प्रबंधन/श्रम/समाज कल्याण/ आईआर, सामाजिक कार्य, सामाजिक व्यावहारिक विज्ञान, प्रशिक्षण एवं विकास या एचआरडी/ प्रशिक्षण एवं विकास में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/ पीजीडीएम। श्रम, कार्मिक, औद्योगिक सम्बंध और सामान्य प्रशासन आदि से सम्बंधित किसी भी पीएसयू/बड़े संगठन के व्यवहार में न्यूनतम 02 वर्षों का उत्तर योग्यता प्रासंगिक अनुभव। या आई सी एस आई के सदस्य/सहयोगी सदस्य। पी एस यू/बड़े उद्योगों में अधिमानतः खनन क्षेत्र, कार्मिक, प्रशासन इत्यादि जैसे क्षेत्रों में अनुभव के साथ कम्पनी सचिव के रूप में न्यूनतम 2 वर्षों का उत्तर योग्यता अनुभव। सूचीबद्ध कम्पनी में कार्य का अनुभव रखने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।
13	पर्यवेक्षक (रासायनिक) रु.30000–120000/ (ई0) रु.7.06 लाख प्रतिवर्ष (03 पद तुम्मालापल्ली के लिए)	07 [(अनारक्षित –05, ओबीसी (एनसीएल) –01, अनुसूचित जाति–01)]	35 वर्ष	बीएससी (ऑनर्स) रसायन विज्ञान में/केमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। हाइड्रोमेटेलार्जिकल/ केमिकल प्लांट्स में न्यूनतम 05 वर्ष का उत्तर योग्यता अनुभव।
14	पर्यवेक्षक (सिविल) रु.30000–120000/ (ई0) रु.7.06 लाख प्रतिवर्ष (तुम्मालापल्ली के लिए)	02 (अनारक्षित)	35 वर्ष	सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 05 वर्ष की योग्यता अनुभव। उम्मीदवार को सामग्री परीक्षण और विश्लेषण से सुपरिचित होना चाहिए।
15	फोरमैन (यांत्रिकी) रु.30000–120000 (ई0) रु.7.06 लाख प्रतिवर्ष (तुम्मालापल्ली के लिए)	03 [(अनारक्षित 02, ओबीसी (एनसीएल) –01]	35 वर्ष	मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। न्यूनतम 05 वर्ष का उत्तर योग्यता अनुभव।
16	वैज्ञानिक सहायक–सी (सीआर एंड डी/एचपीयू) रु.30000–120000 (ई0) रु.7.06 लाख प्रतिवर्ष (तुम्मालापल्ली के लिए)	02 (अनारक्षित –01, अनुसूचित जाति–01)	35 वर्ष	रसायन विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स)। अनुसंधान और विकास केंद्र/उद्योग/ संस्थान/संगठन की प्रयोगशाला में न्यूनतम 05 वर्ष का उत्तर योग्यता अनुभव। उम्मीदवार को रासायनिक और साधक विश्लेषणात्मक तरीकों से अयस्क, खनिज, चट्टानों, पानी, औद्योगिक अपशिष्टों, धातु, मिश्र धातु और धातु उद्योग के मध्यवर्ती प्रक्रिया के नमूनों के परीक्षण/विश्लेषण से सुपरिचित होना चाहिए। उच्च डिग्री/पीएचडी डिग्री कार्यक्रम के हिस्से के रूप में किए गए समान क्षेत्रों/क्षेत्र में अनुसंधान कार्य को प्रासंगिक अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।

चयनित उम्मीदवार कम्पनी के नियमानुसार मूल वेतन, डी.ए., पर्क्स एवं भत्ते इत्यादि के साथ–साथ सब्सिडी वाले आवास, चिकित्सा सुविधा, बच्चों की शिक्षा सुविधा इत्यादि के योग्य होंगे।

सामान्य नियम:

क) आवेदन से पूर्व, आवेदक को चाहिए कि वे पूर्ण विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ लें और आश्वस्त हो जाएं कि वे सभी मामलों में विज्ञापन में बताये गए योग्यता के मानदण्डों को पूरा करते हों। हर स्तर पर उनकी उम्मीदवारी विशुद्ध रूप में अनंतिम है। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता लगाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और/या इस विज्ञापन की अन्य आवश्यकताओं को अनुपालन नहीं करता है और/या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी भी भौतिक तथ्य को दबा दिया है, उसकी उम्मीदवारी को अस्वीकार किया जा सकता है। यदि उपरोक्त कमियों में से कोई भी नियुक्ति के बाद पता लगाया जाता है तो उसकी सेवाओं को बिना किसी सूचना के समाप्त कर दिया जाएगा।

ख) 500/– रु. का आवेदन शुल्क सिर्फ सामान्य एवं ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए प्रयोज्य हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। आवेदन शुल्क हमारे यूसिल के वेबसाइट **www.uraniumcorp.in** पर उपलब्ध **"एसबीआई कलक्ट"** के द्वारा जमा किये जाएंगे और उपरोक्त की पावती प्रति आवेदन के साथ संलग्न होनी चाहिए। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। यूसीआईएल के आंतरिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी/ ईडब्ल्यूएस के किसी भी विशेष वर्ग से सम्बंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित एक प्रोफॉर्मा में, मामला जैसा भी हो, सक्षम अधिकारी से वैध जाति/चिकित्सा प्रमाण पत्र/आय प्रमाण पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

घ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस/शारीरिक रूप से विकलांग तथा यूसीआईएल–तुम्मालापल्ली के आवश्यक पदों के लिए तेलुगु भाषा जानने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। **प्रबंधन, साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने या निचले स्तर से भी भरने का अधिकार सुरक्षित रखती है। असाधारण अनुभवी और योग्य उम्मीदवारों के मामले में अनुभव और उम्र की सीमा में छूट दी जा सकती है।**

ङ) सभी आवेदन पूर्ण कालिक और भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थानों/उपयुक्त सांविधिक प्राधिकारी से मान्यताप्राप्त होने चाहिए।

च) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों इत्यादि में कार्यरत उम्मीदवारों के आवेदन उचित माध्यम से आने चाहिए। आवेदन उचित माध्यम से अग्रसारित नहीं होने पर स्थिति में साक्षात्कार के समय **"अनापति प्रमाण पत्र"** जमा किया जा सकता है। उनमें से किसी के भी ना होने की स्थिति में, उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी और यात्रा भत्ता भी नहीं दिया जाएगा।

छ) यूसिल के आंतरिक उम्मीदवारों सहित सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को तत्कालिक निचले स्तर के वेतनमान में 02 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए, कंपनी का औसत वार्षिक कारोबार दो वित्तीय वर्ष (2018–19 और 2019–20) में 100 करोड़ से कम नहीं होना चाहिए। उम्मीदवार को इस विज्ञापन में उल्लिखित संबंधित पोस्ट के लिए यूसीआईएल के 30.09.2020 के वार्षिक सीटीसी के अनुसार 80% से कम की वार्षिक सीटीसी नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार को अपने संगठन संरचना और संगठन पदानुक्रम में उनकी स्थिति का संकेत देना होगा।

नोटः–यदि उम्मीदवार साक्षात्कार से पहले सत्यापन के समय कंपनी के टर्नओवर के संबंध में उनकी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और वेतनमान या सीटीसी जैसे पे स्लिप या सैलरी सर्टिफिकेट या फार्म –16 साक्ष्य के रूप में आवेदन पत्र में प्रस्तुत विवरणों की पुष्टि कर उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जा सकता है। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

ज) ई 6 और उससे ऊपर के लिए बुलाये गए, उम्मीदवारों को आने जाने के लिए ए.सी. प्रथम श्रेणी (मेल/एक्सप्रेस)/हवाई किराया (इकोनॉमी क्लास), ई 1 से ई 5 तक के लिए बुलाये गए उम्मीदवारों को आने जाने के लिए ए.सी. द्वितीय श्रेणी (मेल/एक्सप्रेस) तथा ई0 के लिए स्लीपर क्लास के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी बशर्ते कि वे साक्षात्कार पत्र में वार्णित उनके निवास स्थान में साक्षात्कार स्थान तक की न्यूनतम दूरी के सफर के सबूत के रूप में टिकट/बोर्डिंग पास जामा करें।

झ) किसी सूचना के छिपाने/गलत सूचना के दिये जाने, आवेदन शुल्क सहित आवश्यक दस्तावेजों को बिना संलग्न किये (अगर प्रयोज्य हों), अहस्ताक्षरित आवेदन और/या समाप्ति तिथि के पश्चात आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में बिना कारण बताये आवेदन अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी हो सकता है।

ञ) पूछताछ/सूचना/विस्तार/जिरह इत्यादि के लिए उम्मीदवार लिंक **www.uraniumcorp.in** पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ ए क्यू) अनुभाग को देख सकते हैं। आगे कोई प्रेस विज्ञापन नहीं दिया जाएगा। इसलिए अभियोगी आवेदकों को उपरोक्त उद्देश्य के लिए नियमित रूप से **www.uraniumcorp.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

ट) पात्रता मानदंडों की मात्र पूर्ति, साक्षात्कार/चयन के संबंध में कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को परीक्षण और/या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। आयु योग्यता, कार्य अनुभव, पैमाना, CTC, वार्षिक टर्नओवर, श्रेणी/विकलांगता (जैसा कि लागू हो) और अन्य दस्तावेजों के संबंध में मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन केवल साक्षात्कार के समय किया जाएगा। यूसीआईएल को बिना किसी कारण बताए, आवश्यकता पड़ने पर भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/ बढ़ाने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

ठ) निर्दिष्ट समय के अंदर दस्तावेज प्रस्तुत करने में किसी भी प्रकार के डाक में देरी/परिवहन में नुकसान के लिए यूसिल जिम्मेदार नहीं होगी। नियत समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर ना तो विचार किया जाएगा ना ही वापस किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा और उन उम्मीदवारों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा जिन्हें शॉर्टलिस्ट/चयनित नहीं किया गया हो।

ड) किसी भी रूप में कैनवासिंग अयोग्यता होगी।

ढ) केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं।

ण) अगर कोई उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिये आवेदन के योग्य हों, तो प्रत्येक आवेदन के लिए अलग से शुल्क जमा करें।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA, वित्त मंत्रालय/MINISTRY OF FINANCE
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय
O/O THE PRINCIPAL CHIEF COMMISSIONER OF INCOME TAX
'आयकर भवन', 48, अरेरा हिल्स, होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.)
'AAYKAR BHAWAN', 48, Arera Hills, HOSHANGABAD ROAD, BHOPAL – 462 011

फा.सं./प्र.मु.आ.आ./गोप./रा.भा./भो./2020-21 दिनांक - 25/01/2021

परिपत्र

डी.ओ.पी.टी. द्वारा निर्धारित मानदण्डों एवं शर्तों के आधार पर निम्नलिखित रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

1. पद का नाम : वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
2. वर्गीकरण : सामान्य केन्द्रीय सेवा(श्रेणी-बी) अराजपत्रित असचिवीय
3. सातवें वेतन आयोग के अनुसार लेवल : लेवल-7
4. चयनित या अचयनित पद है : चयनित
5. प्रतिनियुक्ति हेतु योग्यता :

क) केन्द्रीय/राज्य सरकार/उपक्रम में कार्यरत अधिकारी :-

I) नियमित आधार पर सदृश्य पद पर हो; या

II) सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 पर (रू. 35400-112400/-) के पद पर पांच वर्ष की नियमित सेवा में हो।

नोट 1 :- विभागीय कार्मिक जो इस संवर्ग में फीडर वर्ग में है तथा सीधे प्रौन्नति की कतार में है उन्हें प्रतिनियुक्ति हेतु योग्य या विचाराधीन नहीं रखा जायेगा।

नोट 2:- चयन/नियुक्ति संबद्ध विभाग के प्रशासन भारसाधक प्रधान द्वारा दी जाने वाली लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

नोट 3:- प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष होनी चाहिए।

शैक्षणिक योग्यता-

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी में मास्टर डिग्री और साथ ही डिग्री स्तर पर अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी/हिंदी हो।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर डिग्री और साथ ही डिग्री स्तर पर अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में अंग्रेजी/हिंदी हो। या दोनों विषयों में से कोई एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और दूसरा अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में हिंदी/अंग्रेजी माध्यम से मास्टर डिग्री और डिग्री स्तर अंग्रेजी/हिंदी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में हो।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी और अंग्रेजी के साथ परीक्षा के माध्यम के रूप में दोनों में से एक विषय के साथ और अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में दूसरे विषय के साथ स्नातक डिग्री हो ।

एवं

हिंदी से अंग्रेजी में तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद पाठयक्रम का कोई मान्यता प्राप्त डिप्लोमा/प्रमाण पत्र

या

केन्द्रीय/राज्य सरकार के कार्यालयों में, जिनके अंतर्गत भारत सरकार के उपक्रम भी हैं, हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव।

नोट 1 :- शैक्षणिक योग्यता पर छूट प्रदान करना कर्मचारी चयन आयोग/सक्षम प्राधिकारी के विवेकाधिकार में होगा यदि उम्मीदवार उच्च योग्यता प्राप्त हो।

नोट 2 :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामले में शैक्षणिक योग्यता अनुभव इत्यादि पर छूट प्रदान करने का विवेकाधिकार कर्मचारी चयन आयोग/सक्षम प्राधिकारी को होगा, इसका कारण लिखित में रखा जायेगा, यदि उनके विचार से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे पर्याप्त उम्मीदवारों की संख्या उपलब्ध नहीं थी जिनके पास आवश्यक योग्यता हो यदि वह पद उनके लिए आरक्षित हैं।

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र शासित प्रशासन को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने कार्यरत कार्मिकों के मध्य परिचालित करवाएं तथा (निर्धारित प्रपत्र में) योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन इस परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें।

नोटः- परिपत्र का विस्तृत रूप तथा आवेदन पत्र वेबसाइट http://www.incometaxbhopal.in एवं http://www.incometaxindia.gov.in पर दिया है।

(अंकिता सिंह)
संयुक्त आयकर आयुक्त (ओ.एस.डी.)
कृते कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, म.प्र. एवं छ.ग., भोपाल

R-45328/2021

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर से मान्यता प्राप्त, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश का अंतिम अवसर सत्र 2020-21

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष

क्रमांक 2 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। आवेदन पत्र कॉलेज के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-45326/2021

CRISP निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE), गुड़गाँव के सहयोग से

क्रिस्प उच्च तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने वाली तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन की एक स्वायत्त संस्था है।

सोलार वाटर पम्पिंग (वरूणमित्र)
Solar Water Pumping (Varunmitra)

शैक्षणिक योग्यता : डिप्लोमा – इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स / सिविल / मेकेनिकल अथवा प्री–फाइनल इंजीनियरिंग एवं इंजीनयरिंग विधार्थी, सार्वजनिक उपक्रम के अधिकारी, सोलार उद्यमी, ईपीसी ठेकेदार आदि

पाठ्यक्रम :
सौर ऊर्जा के मूल सिद्धांत, सोलार वाटर पम्पिंग सिस्टम की स्थापना, संचालन, रखरखाव, प्लांट टेस्टिंग एवं कमीशनिंग तथा परियोजना क्रियान्वयन इत्यादि।

कार्यक्रम विशेषता :
प्रशिक्षण 3 सप्ताह अवधि का एवं निःशुल्क है। प्रशिक्षणार्थियों हेतु भोपाल में रहने एवं खाने की व्यवस्था निःशुल्क की जावेगी।

इच्छुक आवेदक दिनांक 8 एवं 9 मार्च को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु क्रिस्प भोपाल में कार्यालयीन समय में उपस्थित हों। अधिक जानकारी हेतु www.crispindia.com देखें
अथवा सम्पर्क करें : 9425170188, 9893381769

प्रशिक्षण दिनांक 10 मार्च, 2021 से क्रिस्प भोपाल में प्रारंभ होगा।

सेन्टर फॉर रिसर्च एण्ड इण्डस्ट्रीयल स्टॉफ परफारमेंस
रवामला हिल्स, मानस भवन के सामने, भोपाल, फोन नं. 0755-2661401

R-45322/2021

SDPS WOMEN'S COLLEGE
REQUIRES
Principal
Professors
Assistant/Associate Professors
Under Code 28

• Management-4 • Computer-2
• Commerce-4 • Hindi-1 • English-1

Qualification and Experience:
As per UGC Norms
Salary: As per Norms

Apply within 7 days at hr@sdps.edu.in

sdps Khandwa Road, Indore
98935 34699

R-45323/2021

(पिछले पृष्ठ का शेष)

त) इस विज्ञापन के खिलाफ भर्ती के संबंध में किसी भी विवाद के संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही रांची कोर्ट / फोरम / ट्रिब्यूनल में की जा सकती है। इस तरह के किसी भी विवाद का प्रयास करने का एकमात्र अधिकार क्षेत्र केवल रांची कोर्ट्स / फोरम / ट्रिब्यूनल के पास है।

थ) आर्थिक कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण सरकार के निर्देशों के अनुसार माना जाएगा।

द) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (बीआरएस) के तहत सरकार / पीएसयू से सेवानिवृत होने वाले व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

ध) जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया है, उनका रिकॉर्ड साक्षात्कार या पद के लिए अगले विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 01 वर्ष से अधिक, इनमें से जो भी पहले हो, संरक्षित नहीं किया जाएगा।

न) डाक पते / ईमेल आईडी / श्रेणी / पदों और घोषित की गई अन्य सूचनाओं के परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

प) अंग्रेजी या हिंदी संस्करण में व्याख्या के कारण उत्पन्न किसी अस्पष्टता / विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण को अंतिम मान्यता दी जाएगी।

आवेदन कैसे करें:

निर्धारित **'आवेदन प्रारूप'** में टाइप किये हुए आवेदन, हाल के एक पासपोर्ट साइज के फोटो, जन्म तिथि के लिए मैट्रिकुलेशन का तथा सभी सम्बंधित कागजातों यथाः शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जाति प्रमाण पत्र, सिर्फ शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए प्रयोज्य और सामान्य तथा ओ.बी.सी. उम्मीदवारों के लिए प्रयोज्य 500 / – रु. की पावती प्रति की स्व–अभिप्रमाणित प्रतियाँ नीचे दिये गए पते पर 20.03.2021 को या पहले महाप्रबंधक (इंस्ट्रू / का. एवं औ.सं. / परियोजना) को पहुँच जाने चाहिए। 'आवेदन प्रारूप' हमारे वेबसाइट **www.uraniumcorp.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

महा प्रबंधक (इंस्ट्रू / का. एवं औ.सं. / परि.)
यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
पो.ऑ.: जादुगोड़ा माइन्स, जिलाः पुर्वी सिंहभूम
झारखण्ड–832102

साक्षात्कार के समय आवश्यक कागजातः सत्यापन के लिए निम्नलिखित कागजात मूल रूप में और स्व–अभिप्रमाणित फोटोकॉपियाँ जमा करनी होंगी।

1. जन्म प्रमाण पत्र के लिए 10वीं (हाई स्कूल) प्रमाण पत्र।
2. श्रेणी वैध प्रमाण पत्र, यथाः अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन–जाति / ओ.बी.सी. (नॉन क्रीमी लेयर), सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र और ओ.बी.सी. (नॉन क्रीमी लेयर) स्टेटस के लिए स्व–घोषणा, वैध शारीरिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र।
3. शैक्षणिक योग्यता के पक्ष में अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
4. अनुभव प्रमाण पत्र।
5. वेतन प्रमाण पत्र / फॉर्म–16, वेतन पर्ची।
6. कंपनी के टर्नओवर का प्रमाण।
7. यदि सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारियों के लिए उचित माध्यम से आवेदन नहीं किया जाता है तो अनापत्ति प्रमाण पत्र।

उम्मीदवारों को लिफाफे के **शीर्ष** पर विज्ञापन संख्या और आवेदित पद का नाम लिखने चाहिए।

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD, MUMBAI

विज्ञापन सं.2A/2020-21

(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)

भारतीय रिज़र्व बैंक - भर्ती - पैनल वर्ष 2020 के लिए विभिन्न पद (i) विधि अधिकारी ग्रेड 'बी' (ii) प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) (iii) सहायक प्रबंधक (राजभाषा) (iv) सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा)

"राष्ट्र निर्माण करें और आजीविका भी।"

भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यकाल अन्य अवसरों से संवेधा भिन्न है। यह एक प्रतिबद्धता है - राष्ट्र को सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता, जहां आपके निर्णयों का देश की अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र के विकास पर प्रभाव पड़ेगा।

यदि आपको एक ऐसे वातावरण की तलाश है जो आपको निरंतर सीखने को प्रोत्साहित करता है, समान अवसर का तथा एक सहयोगी मानव संसाधन का वातावरण प्रदान करता है और साथ ही एक आकर्षक आय संरचना भी प्रदान करता है, तो आपका भारतीय रिज़र्व बैंक में स्वागत है।

हम एक पूर्णकालिक केंद्रीय बैंक हैं जो विभिन्न प्रकार के कार्यों का निष्पादन करता है। अपनी पदस्थापना के आधार पर हमारे अधिकारी रोमांचक भूमिकाओं में अपना कार्यनिष्पादन करते हैं। इस पर अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने ब्राउजर में निम्न URL पर क्लिक करें https://opportunities.rbi.org.in/scripts/roles.aspx

महत्वपूर्ण अनुदेश:

1. उम्मीदवार पदों के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें:

(i) आवेदन करने से पहले उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि वह विज्ञापित पदों के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड इसके बाद इसे 'बोर्ड' कहा जाएगा, अपेक्षित शुल्क/सूचना प्रभारों (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को **ऑनलाइन आवेदन** में दी गई जानकारी के आधार पर परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा। यदि उस स्तर पर यह पाया गया कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसका/उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी तथा उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यात्रा भत्ते के दावे की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी तथा यदि वह पहले से बैंक में सेवारत है तो उसे बिना नोटिस दिए सेवा से हटाया जा सकता है।

(ii) उम्मीदवार को निम्नानुसार होना चाहिए:
(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, अथवा
(ख) नेपाल की प्रजा, अथवा
(ग) भूटान की प्रजा, अथवा
(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 1 जनवरी 1962 से पहले भारत आया हो, अथवा
(ङ) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देश यथा केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मालावी, जायरे, इथियोपिया तथा विएतनाम से प्रव्रजन करके आया हो।

बशर्ते कि उम्मीदवार उक्त (ख) (ग) (घ) (ङ) में से किसी वर्ग से हो तो उनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र होना चाहिए।

ऐसे उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है जिनके मामले में पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक हो किंतु भारत सरकार द्वारा उसके संबंध में पात्रता प्रमाणपत्र जारी किए जाने के बाद ही उसको नियुक्ति प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

2. आवेदन का तरीका:

उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वह बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से **केवल ऑनलाइन** आवेदन करें। आवेदन प्रस्तुत करने का अन्य कोई तरीका उपलब्ध नहीं है।

"ऑनलाइन आवेदन फार्म" भरने के लिए संक्षिप्त अनुदेश बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध **परिशिष्ट-I** में दिए गए हैं।

3. महत्वपूर्ण तिथियां:

गतिविधियां	महत्वपूर्ण तिथियां
आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क/सूचना प्रभारों के भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक इस प्रकार खुला रहेगा	**23 फरवरी, 2021 से 10 मार्च, 2021 (सायं 6.00 बजे तक)**
परीक्षा की तिथि	**10 अप्रैल, 2021**

4. सहायता केंद्र: फार्म भरने, शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करने अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में आने वाली किसी भी समस्या और शंका के समाधान के लिए http://cgrs.ibps.in लिंक के माध्यम से प्रश्नों को भेज सकते हैं। ईमेल के विषय में भर्ती/आवेदित पद का सही उल्लेख करना न भूलें।

5. मोबाइल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर प्रतिबंध:

(i) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन (स्विच ऑफ मोड में भी) या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्रैमेबल उपकरण अथवा स्टोरेज के साधन जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि, अथवा कैमरा, ध्वनि सहायक अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित उपकरण जिसका प्रयोग संचार उपकरण के रूप में हो सकता है, चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। इन अनुदेशों का उल्लंघन करने पर अनुशासनिक कारवाई किए जाने के साथ-साथ भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी प्रतिबंधित किया जाएगा।

(ii) उम्मीदवारों को उनके हित के लिए सूचित किया जाता है कि वे मोबाइल फोन, और अन्य कोई मूल्यवान/महंगी वस्तु परीक्षा केंद्र पर न लाएं क्योंकि उनके सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी नुकसान के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा।

6. शुद्धिपत्र: कृपया नोट करें कि यदि उपर्युक्त विज्ञापन के लिए कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर प्रदर्शित किया जाएगा।

विस्तृत नोटिस

1. भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड (बोर्ड) भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

क्रम सं.	पद	रिक्तियों की संख्या					
		अनारक्षित अर्थात सामान्य (सामा/अना)	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) **	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) @	कुल
(i)	विधि अधिकारी ग्रेड 'बी'	5	1	1	3	1	11#
(ii)	प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) ग्रेड 'बी'	1	0	0	0	0	1
(iii)	सहायक प्रबंधक (राजभाषा) - ग्रेड 'ए'	5	1	1	4	1	12^
(iv)	सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) ग्रेड 'ए'	3	1	0	1	0	5
	कुल	14	03	02	08	02	29

***अपिव वर्ग से संबंधित जो उम्मीदवार 'क्रीमी लेयर' में आते हैं वे अपिव आरक्षण के लिए हकदार नहीं हैं। उन्हें अपने वर्ग का उल्लेख 'सामान्य (सामा)' के रूप में करना चाहिए।*

@ भर्ती में आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिए आरक्षण भारत सरकार, लोक शिकायत और पेंशन, कार्मिक मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019 स्थापना (आरईएस) के द्वारा शासित होंगे।

अस्वीकरण : "ईडब्ल्यूएस की रिक्तियाँ अनंतिम हैं और भारत सरकार के निर्देश के साथ किसी अभियोग के निष्कर्षों के अधीन होंगी। नियुक्ति अनंतिम है और यह उचित चैनलों के माध्यम से "आय और आस्ति प्रमाणपत्र" के सत्यापन के अधीन होंगी।" ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित फॉर्मेट में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऑनलाइन आवेदन की समाप्ति की तारीख तक या उससे पूर्व जारी किए गए "आय और आस्ति प्रमाणपत्र" के प्रस्तुत करने पर मिलेगा।

ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन की तारीख की समाप्ति के पहले या समाप्ति के दिन तक उम्मीदवार के पास कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार "आय और आस्ति प्रमाणपत्र" तैयार नहीं होने की स्थिति में उम्मीदवार को साक्षात्कार की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। अतः ऐसे ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार "सामान्य" संवर्ग के अंतर्गत ही आवेदन करें।

विधि अधिकारी ग्रेड 'बी' की 11 रिक्तियों में से 1 रिक्ति बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के वर्ग के अंतर्गत लोकोमोटर निःशक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) शामिल हैं उन उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है।

^ सहायक प्रबंधक (राजभाषा) की 12 रिक्तियों में से 1 रिक्ति बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के वर्ग के अंतर्गत बधिर और ऊंचा सुनने वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है।

टिप्पणी (I) - अजा/अजजा/अपिव/ ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए:

अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस के उम्मीदवारों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित न होने पर भी वह उम्मीदवार पद विशेष के लिए आवेदन कर सकते हैं। तथापि वह किसी भी छूट/रियायत आदि के लिए पात्र नहीं होंगे। अजा/अजजा उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है परंतु ऐसे मामलों में उन्हें विनिर्दिष्ट सूचना प्रभारों का भुगतान करना होगा।

टिप्पणी (II) – बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए:

प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) और सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) पद हेतु बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए कोई आरक्षण नहीं है। तथापि, निम्नलिखित सारिणी में दर्शाए गए श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले तथा उनकी पात्रता के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) पद के लिए सामान्य उम्मीदवार के रूप में आवेदन कर सकते हैं परंतु उन्हें आयु में छूट के अलावा अन्य कोई रियायत नहीं मिलेगी। कृपया नोट करें कि सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) का पद बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए चिन्हित नहीं किया गया है।

(1) बैंक ने शारीरिक अपेक्षाओं तथा कार्यात्मक वर्गीकरण के साथ बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए निम्नलिखित पदों की पहचान उपयुक्त पद के रूप में की है:

क्रम सं.	पद का नाम	पहचान की गई श्रेणियां	कार्यात्मक वर्गीकरण*	शारीरिक अपेक्षाएं**
1	विधि अधिकारी ग्रेड 'बी'	दृष्टिबाधित तथा कमजोर दृष्टि	बी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू (ब्रेल/सॉफ्टवेयर में), एस, एसटी, डब्ल्यू
			एलवी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसटी, डब्ल्यू
		ऊंचा सुनना	एचएच	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
		लोकोमोटर निःशक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) शामिल हैं	(i) ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित	(i) बीएन, सी, केसी, एल, एच, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
			(ii) बीएल किंतु बांह नहीं	(ii) सी, एच, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई
			(iii) मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी)	(iii) सी, एच, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एस
		बहु दिव्यांगताएं	ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित i) दृष्टिबाधित/ कमजोर दृष्टि अथवा (ii) ऊंचा सुनना	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, एस, एसटी, डब्ल्यू **और** (i) आरडब्ल्यू (ब्रेल/सॉफ्टवेयर में) तथा एच अथवा (ii) आरडब्ल्यू तथा एसई (जैसा लागू हो)
2	प्रबंधक (तकनीकी-सिविल)	ऊंचा सुनना	एचएच	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
		लोकोमोटर निःशक्तता जिसमें ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित शामिल हैं	(i) ओए, ओएल, ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित (ऑफिस जॉब के लिए) (ii) बीएल (ऑफिस जॉब के लिए) (iii) ओए (फील्ड जॉब के लिए)	(i) तथा (iii) के लिए बीएन, सी, केसी, एल, एच, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू (ii) के लिए सी, एच, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD, MUMBAI

विज्ञापन सं.2A/2020-21

(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)

3	सहायक प्रबंधक (राजभाषा)	दृष्टिबाधित तथा कमज़ोर दृष्टि	बी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू (ब्रेल/ सॉफ्टवेयर में), एस, एसटी, डब्ल्यू
			एलवी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसटी, डब्ल्यू
		बधिर तथा ऊंचा सुनना	डी, एचएच	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
		लोकोमोटर निःशक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन तथा एसिड अटैक के पीड़ित शामिल हैं	ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित	बीएन, सी, केसी, एल, एच, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
			बीएल किंतु बांह नहीं	सी, एच, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई
			मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी)	सी, एच, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एस
		बहु दिव्यांगताएं	ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित तथा (i) दृष्टिबाधित/कमजोर दृष्टि अथवा (ii) बधिर/ ऊंचा सुनना	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, एस, एसटी, डब्ल्यू और (i) आरडब्ल्यू (ब्रेल/सॉफ्टवेयर में) तथा एच अथवा (ii) आरडब्ल्यू तथा एसई (जैसा लागू हो)
4	सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा)	यह पद बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए चिन्हित नहीं किया गया है।		

* कार्यात्मक वर्गीकरणः ओए- एक बाह, ओएल- एक पैर, बीएल- दोनों पैर, बी-दृष्टिबाधित, एलवी- कमजोर दृष्टि, डी-बधिर तथा एचएच- ऊंचा सुनना

** शारीरिक अपेक्षाएं: बीएन-झुकना, सी- वार्तालाप, एच-सुनना/बोलना, केसी-घुटने के बल बैठना तथा झुकना (क्राउचिंग), एल-उठाना, एमएफ- अंगुलियों द्वारा कार्य निष्पादन, पीपी- खींचना और धक्का देना, आरडब्ल्यू-पढ़ना तथा लिखना, एस-बैठना, एसई-देखना, एसटी-खड़े होना तथा डब्ल्यू-चलना

(2) बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार किसी भी वर्ग (अर्थात सामान्य/ अजा/ अजजा/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस) के हो सकते हैं।

(3) बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के पास, जैसा कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016) में निर्धारित किया गया है, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र का सत्यापन/पुनः सत्यापन बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार किया जाएगा।

(4) अधिसूचित की गई कुल रिक्तियों में से दिव्यांगता के किसी भी वर्ग से संबंधित बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों को उनकी उपयुक्तता, जैसा कि टिप्पणी (II) (1) में उल्लिखित है, के अधीन चुनाव किया जाएगा।

(5) स्क्राइब (लेखन सहायक) तथा क्षतिपूर्ति समय का उपयोगः ऑनलाइन/लिखित परीक्षा के समय केवल उन्हीं बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों (जिन्हें 40% अथवा अधिक दिव्यांगता है) जिन्हें टाइपिंग/लिखने, जिसमें तेजी से टाइपिंग/लिखना शामिल है, में शारीरिक रूप से कठिनाई हो, को स्क्राइब (लेखन सहायक) की सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे सभी मामलों जिनमें स्क्राइब (लेखन सहायक) की सेवाओं का उपयोग किया जाएगा उन पर निम्नलिखित नियम लागू होंगेः

(i) उम्मीदवार को उनके स्क्राइब (लेखन सहायक) की व्यवस्था स्वयं अपने खर्चे पर करनी होगी।

(ii) परीक्षा के समय उम्मीदवार तथा स्क्राइब (लेखन सहायक) दोनों को निर्धारित फार्मेट में उपयुक्त परिवचन तथा स्क्राइब (लेखन सहायक) का पासपोर्ट आकार का फोटो देना होगा।

(iii) बैंचमार्क दिव्यांग वर्ग के सभी उम्मीदवारों जिन्हें टाइपिंग/लिखने, जिसमें तेजी से टाइपिंग/लिखना शामिल है, में शारीरिक रूप से कठिनाई हो, को परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट के क्षतिपूरक समय की अनुमति होगी चाहे वह स्क्राइब (लेखन सहायक) की सुविधा का उपयोग करें अथवा नहीं।

(iv) स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वह स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करने के लिए पात्र हैं। यदि कोई उम्मीदवार उपर्युक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करता है तो उन्हें अयोग्य करार दे दिया जाएगा और यदि वह बैंक में कार्यरत हों तो उन्हें बिना नोटिस दिए सेवा से हटा दिया जाएगा।

(6) बैंचमार्क दिव्यांगताओं वाले उम्मीदवारों के लिए स्क्राइब (लेखन सहायक) की सेवाएं प्राप्त करने तथा अतिरिक्त/ क्षतिपूरक समय के आबंटन के संबंध में विस्तृत अनुदेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र अपलोड किए जाने के समय बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध होंगे।

2. विधि अधिकारी ग्रेड 'बी'

(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं: (i) बैंक के विभिन्न विभागों और इससे संबद्ध संस्थाओं से प्राप्त विधिक विषयों के संदर्भों के साथ व्यवहार जो मुख्यतः विभिन्न कानूनों की व्याख्या जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम 1999, कंपनी अधिनियम 2013, आदि से संबंधित हैं। (ii) बैंक द्वारा लागू किए गए/लागू किए जाने वाले कानून का प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार करना। (iii) ऐसी मुकदमेबाज़ी जिसमें बैंक और इससे संबद्ध संस्थाएं शामिल हों, के संबंध में परामर्श देने के लिए दलीलों तथा व्यापक अनुदेशों/पक्ष कथन का ड्राफ्ट तैयार करना। (iv) बैंक की ओर से समाधान अधिकारी, श्रम न्यायालय, अभिकरण, आदि के समक्ष उपस्थित होना।

(ख) पात्रता मानदंडः

(i) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

अनिवार्यः यूजीसी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय/ संस्थान से सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 50% अंक या समकक्ष के साथ विधि में स्नातक की डिग्री

नोट : अजा/अजजा तथा बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों के मामले में, यदि रिक्तियां उनके लिए आरक्षित है तो विधि में स्नातक की डिग्री के सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 45% अंक अनिवार्य हैं।

वांछनीयः (क) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से 60% अंक या समकक्ष सहित विधि में स्नातक की डिग्री अथवा विधि में स्नातकोत्तर की डिग्री। (ख) कंप्यूटर एप्लीकेशनों में प्रवीणता।

कृपया शैक्षणिक योग्यता के संबंध में निम्नलिखित पैरा 6 को देखें।

(ii) अनुभव (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

अनिवार्यः कम से कम दो वर्ष का निम्न में से कोई अनुभवः- (i) बार काउंसिल में सूचीबद्ध होने के बाद किसी विधि फर्म या सॉलिसिटर के कार्यालय या किसी अधिवक्ता के पास अधिवक्ता / विधि परामर्शदाता/ विधि सहायक / एसोसिएट; अथवा (ii) किसी बड़े बैंक/वित्तीय संस्थान/ संवैधानिक निगम/कंपनी/राज्य/केंद्र सरकार के विधि विभाग में विधि अधिकारी; अथवा (iii) किसी विधि महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में पूर्ण कालिक रूप में विधि का अध्यापन।

टिप्पणी: उपर्युक्त (i) के मामले में (क) बार काउंसिल पंजीयन प्रमाण-पत्र/ एनरोलमेंट प्रमाण-पत्र और (ख) बार एसोसिएशन का प्रमाण-पत्र जिसका उम्मीदवार सदस्य हो, या उस न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र जिसमें उम्मीदवार ने अपेक्षित अवधि के लिए वकालत की हो, को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

वांछनीयः बैंकिंग विधि, कंपनी विधि, श्रम विधि एवं संवैधानिक विधि का विशेष ज्ञान और बहस/दलील एवं दस्तावेज का मसौदा तैयार करने का अनुभव।

(iii) आयु सीमा (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

दिनांक **01 फरवरी, 2021** को उम्मीदवार की आयु पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 32 वर्ष की नहीं होनी चाहिए (अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02-02-1989 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-02-2000 के बाद का नहीं होना चाहिए)।

एलएल.एम. डिग्रीधारी उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की तथा विधि में पीएच.डी उम्मीदवार के लिए 5 वर्ष की छूट है । विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित पैरा सं.9 देखें। (संचयी लाभ की अनुमति नहीं होगी)

(ग) चयन योजना:

चयन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । परीक्षा में निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार वस्तुनिष्ठ तथा वर्णनात्मक प्रकार के प्रश्न होंगे :

ब्यौरा	अधिकतम अंक	अवधि
प्रश्न-पत्र I - विधि का सामान्य ज्ञान		
वस्तुनिष्ठ प्रकार का	30	तीन घंटे
वर्णनात्मक प्रकार का	120	
कुल	**150**	
प्रश्न-पत्र II - अंग्रेजी- वर्णनात्मक प्रकार का	100	तीन घंटे
कुल जोड़	**250**	

प्रश्नपत्र I (विधि का सामान्य ज्ञान) हिन्दी और अंग्रेजी में होगा। उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। उम्मीदवारों को साक्षात्कार में हिन्दी या अंग्रेजी में उत्तर देने का विकल्प होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय परीक्षा में अर्जित किये गये अंकों के आधार पर बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। अंतिम चयन परीक्षा (प्रश्न-पत्र I एवं प्रश्न-पत्र II) और साक्षात्कार के सम्मिलित रूप से निष्पादन के आधार पर किया जाएगा।

(घ) पाठ्यक्रम के लिए (प्रश्न-पत्र I और प्रश्न-पत्र II की परीक्षा), कृपया परिशिष्ट II क देखें, जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।

3. प्रबंधक (तकनीकी-सिविल)

(क) कार्य संबंधी आवश्यकताएँ : उम्मीदवार पर निर्माण कार्य परियोजना जैसे कार्यालय भवन का निर्माण, आवासीय भवन का निर्माण, मौजूदा भवन का नवीनीकरण, मौजूदा संपत्ति की मरम्मत और रखरखाव तथा मौजूदा पुरानी इमारतों की रेट्रोफिटिंग की डिज़ाइनिंग (बनावट), निर्माण कार्य, पर्यवेक्षण और प्रबंधन का दायित्व होगा।

(ख) पात्रता मानदंडः

(i) शैक्षिक अर्हताएं: (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

अनिवार्यः सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष अर्हता। समग्र ग्रेड प्वाइंट अथवा अंकों के प्रतिशत, जहां दिए गए हों, का अभिप्राय पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के होंगे।

कृपया शैक्षिक अर्हताओं के लिए नीचे पैरा सं. 6 भी देखें।

वांछनीयः ढांचागत (स्ट्रक्चरल) इंजीनियरिंग, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग, भू-तकनीकी इंजीनियरिंग, निर्माण प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन में विशेषज्ञता।

(ii) अनुभवः (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

अनिवार्यः स्नातक के बाद (सहायक इंजीनियर के समकक्ष स्वतंत्र उत्तरदायित्व की स्थिति में) अस्पताल/बैंक/ वित्तीय संस्थान सहित पब्लिक/प्राइवेट लिमिटेड संगठन में बड़ी कार्यालयी इमारतों/बहुमंजिला इमारतों/हाउसिंग कंपनियों/आवासीय कैंपस आधारित शिक्षा संस्थानों की प्लानिंग/डिज़ाइनिंग/ निर्माण के साथ- साथ निविदा दस्तावेज तैयार करने तथा उनके मूल्यांकन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

वांछनीयः (i) निर्माण परियोजनाओं का उनके सभी पहलुओं सहित निष्पादन का अनुभव तथा पीईआरटी/ सीपीएम तकनीकों का ज्ञान। (ii) स्ट्रक्चरल डिज़ाइन तथा कैम/कैड में कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान/ विशेष संदर्भों सहित निविदाओं का विश्लेषण तथा मूल्यांकन। (iii) इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सर्विसेज़ तथा इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण का कार्यसाधक ज्ञान। (iv) स्ट्रक्चरल पुनर्वास (रिहेबिलिटेशन) कार्य का कार्यसाधक ज्ञान। (v) निर्माण तथा परियोजना प्रबंधन में अनुभव। (vi) कार्यालयी तथा आवसीय भवनों के अनुरक्षण में अनुभव (vii) प्रारूप बनाने की अच्छी क्षमता।

(iii) आयु (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

दिनांक **01 फरवरी, 2021** को उम्मीदवार की आयु पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 35 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02-02-1986 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-02-2000 के बाद का नहीं होना चाहिए।

विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित पैरा सं. 9 देखें ।

(ग) चयन योजना:

चयन निम्नानुसार ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षा (प्रश्नपत्र I तथा प्रश्नपत्र II की परीक्षाएं एक ही दिन आयोजित की जाएंगी) और साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD, MUMBAI

विज्ञापन सं.2A/2020-21

(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)

प्रश्नपत्र का प्रकार	अवधि	अंक
ऑनलाइन परीक्षा **प्रश्नपत्र - I - वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा** व्यावसायिक ज्ञान/कार्य ज्ञान की परीक्षा	1 घंटा	100
ऑनलाइन परीक्षा **प्रश्नपत्र - II - वर्णात्मक प्रकार की परीक्षा** प्रश्नपत्र का स्तर बी.ई. डिग्री का होगा	3 घंटे	100
कुल	200	

प्रश्नपत्र-I में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्नपत्र I का मूल्यांकन किया जाएगा जो दोनों प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं के लिए उपस्थित हुए हों। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्न-पत्र II का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र I में पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों। परीक्षा का प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा । उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं।उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं। साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। अंतिम तौर पर चयन परीक्षा तथा साक्षात्कार में सम्मिलित रूप से निष्पादन के आधार पर होगा।

4. <u>सहायक प्रबंधक (राजभाषा)</u>

(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं : (i) बैंक के विभिन्न संदर्भों, दस्तावेजों, मैनुअलों और अन्य प्रकाशनों का अंग्रेजी से हिन्दी में और इसके विपरीत अनुवाद तथा इनके मुद्रण की व्यवस्था करना; (ii) हिन्दी के प्रयोग के संबंध में सरकार के अनुदेशों का कार्यान्वयन; तथा (iii) बैंक के स्टाफ के लिए हिन्दी शिक्षण योजना की व्यवस्था।

(ख) पात्रता मानदंड:

(i) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को) :

अनिवार्य: (i) स्नातक स्तर पर कोर/इलेक्टिव/मेजर विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी/हिन्दी अनुवाद में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री; **अथवा** (ii) स्नातक स्तर पर कोर/इलेक्टिव/मेजर विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री; **अथवा** (iii) स्नातक स्तर पर कोर/इलेक्टिव/मेजर विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री। (स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के बदले स्नातक स्तर के समकक्ष मान्यताप्राप्त हिन्दी अर्हता भी हो सकती है); **अथवा** (iv) अंग्रेजी और हिन्दी/हिन्दी अनुवाद दोनों में स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें से एक द्वितीय श्रेणी की होनी चाहिए।

कृपया नीचे पैरा 6 शैक्षिक अर्हताओं पर टिप्पणी भी देखें।

वांछनीय: द्विभाषी शब्द संसाधन का ज्ञान।

(ii) आयु (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

दिनांक **01 फरवरी, 2021** को उम्मीदवार की आयु पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 30 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02-02-1991 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-02-2000 के बाद का नहीं होना चाहिए।

पीएच. डी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 वर्ष होगी। पीएच. डी. योग्यता होने के बावजूद भी अजा/अजजा तथा अपिव वर्ग के उम्मीदवारों के लिए लागू अधिकतम छूट क्रमशः 5 वर्ष तथा 3 वर्ष होगी यदि पद इन वर्गों के लिए आरक्षित हैं।

विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित पैरा 9 देखें।

(ग) चयन योजना: चयन परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । परीक्षा की तिथि, समय तथा स्थान संबंधी सूचना प्रवेश-पत्र में उल्लेख की जाएंगी जिसे उचित समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से डाउनलोड किया जा सकेगा। परीक्षा में निम्नानुसार दो प्रश्नपत्र होंगे

[प्रश्नपत्र-I (वस्तुनिष्ठ स्वरूप) ऑनलाइन तथा प्रश्नपत्र-II (कंप्यूटर/पेपर आधारित) लिखित परीक्षा]:

परीक्षा का स्वरूप निम्नानुसार होगा:

क्रम सं.	परीक्षा	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
ऑनलाइन परीक्षा प्रश्नपत्र-I (वस्तुनिष्ठ स्वरूप)				
1.	तार्किक परीक्षा	35	35	30 मिनट
2	अंग्रेजी भाषा	35	35	30 मिनट
3	बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य तथा संबद्ध विषय के विशेष संदर्भ सहित सामान्य ज्ञान	35	35	20 मिनट
4	व्यावसायिक ज्ञान की परीक्षा (राजभाषा सहित)	45	45	40 मिनट
	उप जोड़	**150**	**150**	
ऑफलाइन परीक्षा प्रश्नपत्र-II				
	वर्णनात्मक प्रश्नपत्र (राजभाषा)		50	60 मिनट
	कुल जोड़		**200**	

प्रश्नपत्र-I में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। प्रश्नपत्र-II 50 अंकों के लिए 1 घंटे का होगा जिसमें उम्मीदवारों की हिंदी से अंग्रेजी तथा इसके विपरीत अनुवाद कौशल तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति के आधारभूत ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा।
प्रश्नपत्र-I तथा प्रश्नपत्र -II दोनों के लिए परीक्षा एक ही दिन एक ही सत्र में बिना अंतराल के आयोजित की जाएगी। प्रश्नपत्र-I (अंग्रेजी परीक्षा को छोड़कर) तथा प्रश्नपत्र - II हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा। उम्मीदवार परीक्षा के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में (जैसा लागू हो) अपने विकल्प पर लिख सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्नपत्र -II का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने पर्याप्त रूप से उच्च समग्र अंक तथा बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र -I के प्रत्येक खण्ड में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त किए हों। प्रश्नपत्र -I तथा प्रश्नपत्र -II में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। अंतिम रूप से चयन परीक्षा तथा साक्षात्कार में सम्मिलित रूप से निष्पादन के आधार पर होगा।

5. सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा)

(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं: वे अग्रलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे (i) बैंक के कार्यालय भवनों में ट्रेजर वाल्टों, गलियारों, प्रवेश और बहिर्गमन द्वारों आदि के लिए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पहरेदारी और चौकीदारी की व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी, मॉनिटरिंग, रिकॉर्डिंग आदि (ii) प्रोटोकॉल संबंधी कार्य (iii) बैंक की संपत्ति की सुरक्षा/अनुरक्षण तथा (iv) इस प्रयोजन के लिए लगाए गए स्टाफ पर नियंत्रण।

(ख) पात्रता मानदंड:

(i) अनुभव (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

(i) उम्मीदवार थल सेना/जल सेना/ वायु सेना में न्यूनतम पांच वर्ष की कमीशन-प्राप्त सेवा कर चुका कोई अधिकारी होना चाहिए; अथवा

(ii) उम्मीदवार सहायक कमांडेंट के रैंक के समकक्ष होना चाहिए तथा अर्धसैनिक बल जैसे सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, आसाम राईफल्स, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, रक्षा सुरक्षा कोर, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, रेलवे सुरक्षा बल, राष्ट्रीय राईफल्स, विशेष सुरक्षा बल, कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन, स्पेशल फ्रन्टियर फोर्स तथा होम गार्ड्स में सहायक कमांडेंट के रूप में न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा कर चुका हो।

टिप्पणी: आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों ने सेना में लगातार कम से कम पांच वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हों (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों । ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारी/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा, वे पद के लिए ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट के साथ इस प्रमाणपत्र की प्रति भी प्रस्तुत करें (साक्षात्कार के लिए चुने जाने की स्थिति में)।

(ii) आयु (दिनांक 01 फरवरी, 2021 को):

दिनांक **01 फरवरी, 2021 (किसी भी वर्ग के लिए आयु में कोई छूट नहीं है)** को उम्मीदवार की आयु पूरे 25 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 40 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02-02-1981 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-02-1996 के बाद का नहीं होना चाहिए।

(ग) चयन योजना: चयन ऑनलाइन परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

ऑनलाइन परीक्षा में रिक्तियों की संख्या के आधार पर बोर्ड के निर्णयानुसार मैरिट क्रम में अर्हताप्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा का स्वरूप निम्नानुसार है:

क्रम सं.	परीक्षा का नाम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
1	तार्किक परीक्षा	50	50	35 मिनट
2	अंग्रेजी भाषा	50	25	35 मिनट
3	बैंकिंग उद्योग के विशेष संदर्भ सहित सामान्य ज्ञान	50	50	20 मिनट
4	व्यावसायिक ज्ञान की परीक्षा	50	75	30 मिनट
	कुल	**200**	**200**	**2 घंटे**

प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। अंग्रेजी परीक्षा को छोड़कर प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा । उम्मीदवार परीक्षा के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में (जैसा लागू हो) अपने विकल्प पर लिख सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं।

(घ) ऑनलाइन परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम हेतु कृपया <u>परिशिष्ट -II ख</u> देखें जो बैंक की वेबसाइट <u>www.rbi.org.in</u> पर उपलब्ध है।

6. टिप्पणी: शैक्षिक अर्हताओं के लिए (उक्त सभी पदों के लिए): (1) कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान/बोर्ड श्रेणी अथवा अंकों के प्रतिशत नहीं अपितु समग्र ग्रेड प्वाइंट प्रदान करते हैं (उदाहरण के लिए सीजीपीए/ ओजीपीए/सीपीआई आदि)। यदि विश्वविद्यालय/ संस्थान/बोर्ड द्वारा समग्र ग्रेड प्वाइंटों को अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड बताया जाता है तो उसे स्वीकार किया जाएगा। तथापि, यदि विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड द्वारा डिग्री/उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाणपत्र में समग्र ग्रेड प्वाइंटों को अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड नहीं बताया जाता है तो अपरिभाषित मानदंड (मानदंडों) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

समकक्ष सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई अथवा कोई और शब्दावली जो 10 प्वाइंट स्केल पर दी गई है	अंकों का समग्र प्रतिशत
6.75	60%
6.25	55%
5.75	50%

(2) समग्र ग्रेड प्वाइंट अथवा अंकों के प्रतिशत, जहां दिए गए हों, का अभिप्राय पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के होंगे।

(3) जहां समग्र ग्रेड प्वाइंट (सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई, आदि) 10 के अलावा अन्य किसी संख्या में से दिए गए हों तो इनका 10 में से सामान्यीकरण किया जाएगा तथा उसकी गणना उक्त मद (1) के अनुसार की जाएगी।

7. <u>आवेदन शुल्क तथा सूचना प्रभार (अप्रतिदेय): (उपर्युक्त सभी पदों के लिए)</u>

क्रम सं.	वर्ग	प्रभार	राशि*
1.	अजा/अजजा	केवल सूचना प्रभार	100/- रुपये
2.	सामान्य/अपिव/ बैंचमार्क दिव्यांग/ ईडब्ल्यूएस	सूचना प्रभार सहित आवेदन शुल्क	600/- रुपये
3.	स्टाफ@	शून्य	शून्य

*बैंक/लेनदेन प्रभार का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा।
@ शुल्क/सूचना प्रभार में छूट भारतीय रिज़र्व बैंक के केवल उन्हीं कर्मचारियों (स्टाफ उम्मीदवारों) को दी जाएगी जो दिनांक 20 दिसंबर 2013 के परिपत्र केंका मासंप्रवि सं. जी-75/5599/05.01.01/2013-14 के अनुसार बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को अलग से पूरा करते हैं। स्टाफ उम्मीदवार के रूप में उनकी स्थिति की जांच साक्षात्कार के समय की जाएगी। यदि वे स्टाफ उम्मीदवार (उक्त संदर्भित मासंप्रवि परिपत्र के अनुसार) माने जाने के पात्र नहीं हैं तो उन्हें सूचित किया जाता है कि वे स्वयं को गैर-स्टाफ उम्मीदवार दर्शाएं तथा गैर-स्टाफ उम्मीदवारों के लिए लागू शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करें।

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD, MUMBAI

विज्ञापन सं.2A/2020-21

(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)

एक बार शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान किए जाने पर उसे किसी भी कारण से लौटाया नहीं जाएगा। शुल्क का भुगतान **केवल** हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन के **परिशिष्ट।** के पैरा 'ग' में निर्धारित तरीके से ही किया जाना अपेक्षित है।

8. परीक्षा केंद्र (उपर्युक्त सभी पदों के लिए)

परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों पर आयोजित की जा सकती है:

केन्द्र का नाम	कोड सं.	केन्द्र का नाम	कोड सं.
अहमदाबाद - गांधीनगर	(11)	जम्मू	(21)
बेंगलुरु	(12)	कानपुर	(22)
भोपाल	(13)	कोच्ची	(23)
भुवनेश्वर	(14)	लखनऊ	(24)
कोलकाता	(15)	मुंबई - नवी मुंबई	(25)
चंडीगढ़ - मोहाली	(16)	नागपुर	(26)
चेन्नै	(17)	दिल्ली एनसीआर	(27)
गुवाहाटी	(18)	पटना	(29)
हैदराबाद	(19)	पुणे	(30)
जयपुर	(20)	तिरूवनंतपुरम	(31)

उम्मीदवार केवल एक केंद्र का चयन कर सकते हैं तथा चयनित केंद्र के नाम तथा कोड का उल्लेख ऑनलाइन आवेदन में अवश्य करें। परीक्षा के केन्द्र और तारीख (तारीखों) को बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी केन्द्र पर परीक्षा रद्द किए जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केन्द्र आबंटित कर सकता है। परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को परीक्षा की तिथि, समय सारिणी और स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी। **परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

टिप्पणी: विधि अधिकारी ग्रेड 'बी', प्रबन्धक (तकनीकी-सिविल) तथा सहायक प्रबन्धक (राजभाषा) के पदों के लिए वर्ष 2015/16 तक के पुराने वर्णनात्मक प्रश्न पत्र बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध हैं।

9. ऊपरी आयु सीमा में छूट: उक्त सभी पदों के लिए ,जहां लागू हो।

ऊपरी आयु सीमा में छूट इस प्रकार है:

(क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में तीन वर्ष **यदि उनके लिए रिक्तियाँ आरक्षित हैं।**

(ख) निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष : i) अजा/अजजा उम्मीदवार **यदि उनके लिए रिक्तियाँ आरक्षित हैं।** ii) बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी तथा वर्तमान में रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम पांच वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों । iv) आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनकी सेवाएं पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दी गई है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

(ग) बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार (सामान्य/ ईडब्ल्यूएस) तथा बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार (अपिव/अजा/अजजा) जहां उनके लिए रिक्ति आरक्षित नहीं है के लिए 10 वर्ष; बैंचमार्क दिव्यांग (अपिव) जहां उनके लिए रिक्ति आरक्षित है के लिए 13 वर्ष तथा बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार (अजा/अजजा) जहां उनके लिए रिक्ति आरक्षित है के लिए 15 वर्ष।

(घ) पात्र स्टाफ उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में छूट भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 20 दिसंबर 2013 के परिपत्र सीओ. एचआरएमडी.सं. जी-75/5599/05.01.01/2013-14 के अनुसार होगा।

टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी।

10. सेवा शर्तें/ कैरियर-संभावनाएं:

(i) वेतनमान :

(क) ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए : ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए लागू 28,150-1550(4)-34350-1750(7)-46600-द.रो.-1750(4)-53600-2000(1)-55600 रु. के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन 28,150/-रु. प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, मकान किराया भत्ते, विशेष भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे । वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 63,656/- रुपये (लगभग) है।

(ख) ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए: ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू 35150-1750(9)-50900-द.रो.-1750(2)- 54400-2000(4)-62400 रुपये के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन 35,150/-रुपये प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, मकान किराया भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे । वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 83,202/- रुपये (लगभग) हैं ।

टिप्पणी: जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर अधिकतम चार अग्रिम वेतन वृद्धियां देने पर विचार कर सकता है । बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है । ऐसी जानकारी 'बायोडाटा फार्म' के उचित कॉलम में दी जाए । अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या चार होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। **इसके अतिरिक्त भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को वेतन सुरक्षा प्रदान की जाएगी।**

(ii) अनुलाभ: पात्रता के अनुसार बैंक आवास यदि उपलब्ध हो तो, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ अस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित निःशुल्क औषधालय की सुविधा। ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम। ग्रैच्युटी के लाभों के अतिरिक्त चयनित उम्मीदवारों पर **'डिफाइन्ड कान्ट्रिब्यूशन न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस)' लागू होगी।**

(iii) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है। किंतु पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों में उपलब्ध है।

(iv) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी। बैंक के विवेकानुसार परिवीक्षा की अवधि अधिकतम चार वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है।

(v) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की यथोचित संभावनाएं हैं

(vi) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

11. आवेदन कैसे करें

(1) उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे वेबसाइट **www.rbi.org.in** का प्रयोग करके ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए विस्तृत अनुदेश परिशिष्ट-I में दिए गए हैं जो उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदकों को केवल एक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का परामर्श दिया जाता है। तथापि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश यदि वह एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करता है तो वह यह सुनिश्चित कर लें कि उच्च आरआईडी (रजिस्ट्रेशन आईडी) वाला आवेदन पत्र हर तरह अर्थात आवेदक का विवरण, परीक्षा केंद्र, फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा शुल्क आदि से पूर्ण है। एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने वाले उम्मीदवार यह नोट कर लें कि केवल सभी रूप से पूर्ण अंतिम उच्च आरआईडी (रजिस्ट्रेशन आईडी) वाले आवेदन पत्र ही बोर्ड द्वारा स्वीकार किए जाएंगे और एक आरआईडी के लिए अदा किए गए शुल्क का समायोजन किसी अन्य आरआईडी के लिए नहीं किया जाएगा।

(2) सभी उम्मीदवार चाहे वे पहले से सरकारी नौकरी में हों या सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रमों में हों या इसी तरह के अन्य संगठनों में चाहे स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहे हों या वर्क चार्ज कर्मचारी हों, इसमें कैजुअल या दैनिक दर पर कार्य करने वाले कर्मचारी शामिल नहीं है, या सार्वजनिक उद्यमों के अधीन कार्यरत हैं उनको ऑनलाइन आवेदन में यह परिवचन (अंडरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप में अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है। उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि बोर्ड को उनके नियोक्ता से उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से संबद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है/ उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। संस्तुत उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग के समय उनके सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम/सरकारी/अर्ध सरकारी नियोक्ता से उचित सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

टिप्पणी 1: उम्मीदवार को अपने आवेदन पत्र में परीक्षा के लिए केंद्र भरते समय सावधानीपूर्वक निर्णय लेना चाहिए। यदि कोई उम्मीदवार बोर्ड द्वारा प्रेषित प्रवेश पत्र में दर्शाए गए केंद्र से इतर केंद्र पर परीक्षा में बैठता है तो उस उम्मीदवार की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तथा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

टिप्पणी 2: स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग : दृष्टिबाधित और लोकोमोटर निःशक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) शामिल हैं तथा बहु दिव्यांगताओं वाले वह उम्मीदवार (जैसा कि बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उल्लिखित पैरा 1 - टिप्पणी (2) में दिया गया है) जिनकी कार्य निष्पादन क्षमता (लेखन क्षमता) धीमी हो जाती है (न्यूनतम 40% तक अक्षमता) को स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करने के लिए जानकारी हेतु प्रावधान आरंभिक ऑनलाइन आवेदन पत्र के समय ही किए गए हैं।

टिप्पणी 3: क्षतिपूरक समय लेने के संबंध में जानकारी: दृष्टिबाधित और लोकोमोटर निःशक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) शामिल हैं तथा बहु दिव्यांगताओं वाले वह उम्मीदवार (जैसा कि बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उल्लिखित पैरा 1 - टिप्पणी (2) में दिया गया है) जिनकी कार्य निष्पादन क्षमता (लेखन क्षमता) धीमी हो जाती है (न्यूनतम 40% तक अक्षमता), चाहे वे स्क्राइब (लेखन सहायक) की सुविधा का प्रयोग करें अथवा नहीं, द्वारा क्षतिपूरक समय लेने के संबंध में जानकारी हेतु उपयुक्त प्रावधान आरंभिक ऑनलाइन आवेदन पत्र के समय ही किए गए हैं।

टिप्पणी 4: उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस तथा बैंचमार्क दिव्यांगता आदि का कोई प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करना होगा। इनकी जांच केवल साक्षात्कार के समय की जाएगी। अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों के पास **01 फरवरी 2020** को अथवा इसके बाद जारी किया गया अपिव प्रमाणपत्र होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 'आय और आस्ति प्रमाणपत्र' कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31 जनवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019 स्थापना (आरईएस) के द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। उम्मीदवार कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन की तारीख की समाप्ति के पहले या समाप्ति के दिन तक उम्मीदवार के पास कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार 'आय और आस्ति प्रमाणपत्र' तैयार होना चाहिए। यदि आवेदन की समाप्ति की तारीख को उनके पास उक्त प्रमाणपत्र तैयार न हो तो ऐसे ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार 'सामान्य' संवर्ग के अंतर्गत ही आवेदन करें।

पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि ऑनलाइन आवेदन की समाप्ति की तारीख से पूर्व परीक्षा में प्रवेश दिए जाने के लिए पात्रता शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों, जिनके लिए बोर्ड ने उन्हें प्रवेश दिया है अर्थात प्रश्नपत्र-I, प्रश्नपत्र-II अथवा साक्षात्कार परीक्षण में उनका प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा तथा उनके लिए निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करने पर आधारित होगा। यदि परीक्षाओं तथा साक्षात्कार के पहले या बाद में सत्यापन करने पर यह पता चलता है कि वे पात्रता की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो बोर्ड द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि उनके द्वारा किए गए दावे सही नहीं पाए जाते हैं तो बोर्ड द्वारा उन पर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। जो उम्मीदवार बोर्ड द्वारा निम्न के लिए दोषी घोषित किया जाए:

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई
शर्तें :- 1. दिनांक 20.03.2021 को समय सायं 5.30 बजे तक ही स्वीकार किये जावेंगे।
2. गेस्ट फेकल्टी को रुपये 400/- प्रति पीरियड की दर से या शासन द्वारा संशोधित दर से पारिश्रमिक प्राप्त करने की पात्रता होगी।
3. गेस्ट फेकल्टी पर रखा जाना पूर्णतः अस्थाई एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्योग विभाग के आदेश क्र. 1047/2166/2018/42(1) दिनांक 12 जुलाई, 2019 में वर्णित शर्तों का पालन किया जावेगा।
4. अनंतिम पैनल लिस्ट में सूचीवद्ध अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि (25.03.2021) में महाविद्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन आवश्यक रूप से कराना होगा। अनुपस्थित होने पर या अनुचित प्रमाण-पत्रों के अभाव में अनंतिम पैनल लिस्ट से नाम निरस्त माना जावेगा।
5. पैनल तैयार करने हेतु निम्न फॉर्मूला उपयोग में लाया जावेगा - अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक का भारांश : 75 अंक, उच्च अर्हता M.Arch/M.Tech/M.Plan हेतु भारांक : 10 अंक, पी.एचडी. उपाधि हेतु भारांक : 10 अंक, अध्यापन कार्य का अनुभव हेतु प्रति शैक्षणिक वर्ष 01 अंक के आधार पर अधिकतम अंक 05 अंक = कुल अंक 100।
6. केवल मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर के शिक्षण संस्थाओं का ही अध्यापन अनुभव मान्य किया जावेगा।
7. आवेदन के साथ समस्त आवश्यक प्रपत्र यथा मार्कशीट/जाति प्रमाण-पत्र/अनुभव प्रमाण-पत्र आदि भी लगावें।
8. किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

प्राचार्य
जी-20636/45309/2021 **स.रा. शास. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

लिंक रोड नंबर 3, माधवराव सप्रे मार्ग, भोपाल - 462003

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./सेल-1/2021/4087 **भोपाल दिनांक : 04.03.2021**

संशोधित सूचना-पत्र

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र. के अंतर्गत पत्र क्रमांक रा.स्वा.मि./मा. संसा./2020/16448, दिनांक 17.12.2020 द्वारा एवं विज्ञप्ति क्रमांक जी-16760/20 द्वारा संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) के रिक्त पदों की पूर्ति सेम्स लिमिटेड से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी एवं पत्र क्रमांक एनएचएम/एचआर/2021/457, दिनांक 15.01.2021 द्वारा आवेदन-पत्र की **अंतिम तिथि दिनांक 25.01.2021 निर्धारित की गई थी।** उपरोक्त सूचना-पत्र के माध्यम से संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) के सेम्स लिमिटेड से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पुनरीक्षित करते हुए **दिनांक 20.03.2021 निर्धारित की जाती है।**
उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन-पत्र के साथ त्रुटिवश अभिलेख संलग्न (अपलोड) नहीं किये गए हैं तो ऐसे उम्मीदवार पुनः सेम्स लिमिटेड की वेबसाइट **www.sams.co.in** पर अपलोड करावें। जिसकी तिथि विज्ञापन जारी होने की दिनांक से 7 दिवस के भीतर आवेदन पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
ऐसे आवेदक जो कि पूर्व में आवेदन-पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। वे भी अपना आवेदन दिनांक 20.03.2021 तक ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

मिशन संचालक
जी-20660/45312/2021 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

लिंक रोड नंबर 3, माधवराव सप्रे मार्ग, भोपाल - 462003

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./सेल-1/2021/4093 **भोपाल दिनांक : 04.03.2021**

संशोधित सूचना-पत्र

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र. के अंतर्गत पत्र क्रमांक रा.स्वा.मि./मा. संसा./2020/16450, दिनांक 17.12.2020 द्वारा एवं विज्ञप्ति क्रमांक जी-16758/2020 द्वारा संविदा स्टाफ नर्स के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सेम्स लिमिटेड से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि दिनांक 15.01.2021 निर्धारित की गई थी।**
उपरोक्त सूचना-पत्र के माध्यम से संविदा स्टाफ नर्स के सेम्स लिमिटेड से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पुनरीक्षित करते हुए **दिनांक 20.03.2021 निर्धारित की जाती है।**
उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन-पत्र के साथ त्रुटिवश अभिलेख संलग्न (अपलोड) नहीं किये गए हैं तो ऐसे उम्मीदवार पुनः सेम्स लिमिटेड की वेबसाइट **www.sams.co.in** पर अपलोड करावें। जिसकी तिथि विज्ञापन जारी होने की दिनांक से 7 दिवस के भीतर आवेदन पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
ऐसे आवेदक जो कि पूर्व में आवेदन-पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। वे भी अपना आवेदन दिनांक 20.03.2021 तक ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

मिशन संचालक
जी-20629/45308/2021 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./2020/3910 **भोपाल, दिनांक : 02.03.2021**

संशोधित विज्ञप्ति

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अंतर्गत विज्ञापित संविदा विकासखंड स्तरीय के रिक्त पदों की पदपूर्ति हेतु प्रमुख समाचार-पत्रों में विज्ञापन क्रमांक एनएचएम/एचआर/2021/1956 दिनांक 04.02.2021 (जी-G-18539/20) प्रकाशित कर सेम्स (SAMS) के वेबपोर्टल **www.sams.co.in** पर विस्तृत नियम-पुस्तिका अपलोड की गयी थी।
उक्त प्रकाशित विज्ञापन एवं नियम-पुस्तिका में से निम्नलिखित पद में आवश्यक संशोधन किया जाता है :-

Position Name	No. of Post	Essential Revised Educational Qualification
Block Program Manager	124	MBA 2 year (Any Stream) OR PG Degree in Health or Hospital Management/Administration OR PGDM/PGDBA/MSW

उक्त तालिका में दर्शाये पद हेतु **https://www.sams.co.in** और **https://www.nhmmp.gov.in** पर अर्हता अनुसार सेम्स के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जावेंगे एवं उक्त प्रकाशित विज्ञप्ति में समस्त पदों हेतु अंतिम अवसर देते हुये ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अवधि **दिनांक 10.03.2021 तक** बढ़ायी जाती है। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

मुख्य प्रशासकीय अधिकारी
जी20563/45301/2021 **एन.एच.एम., मध्यप्रदेश**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, विदिशा (म.प्र.)

Mail I.D. :- eephvid@mp.nic.in, Fax No. :- 07592-250663, Telephon No. :- 07592-250663
VIDISHA 464001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 34/नि.प्र./खण्ड विदिशा/लोस्वायांवि/2020-21 **विदिशा, दि. : 04.03.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना

विदिशा जिले के विकासखण्ड सिरोंज के विभिन्न ग्रामों में "जल जीवन मिशन" के अंतर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण, सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.03.2021 को 15.00 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	विकास-खण्ड	ग्रामों की संख्या	अनु. लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा का आमंत्रण	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2021_ PHED_ 132907_1	सिरोंज	05	22724600/-	227246/-	15000/-	09 माह वर्षाऋतु सहित	द्वितीय	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं कार्यपालन यंत्री
जी-20644/45310/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड विदिशा (म.प्र.)**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

SAINIK SCHOOL, REWA (MP)

(Functioning under Sainik Schools Society, Ministry of Defence, New Delhi)

RECRUITMENT OF EMPLOYEES ON CONTRACTUAL BASIS
NOTE: THIS IS NOT A STATE OR CENTRAL GOVERNMENT JOB

1. Sainik School Rewa invites applications for the following post on contractual basis. Contractual period will be for one year from the date of joining.In case of interruption due to COVID-19 contractual period may be shortened :-

Heads	
Name of Post(s)	**PGT English(Contractual) - 01 Post**
Gender	All
Reservation Category	Un Reserved
Essential Academic Qualification	M.A. English & B.Ed.
Desirable Qualification	03 Years English teaching experience of class XI & XII at CBSE affiliated school. Experience of working in a residential school. Aptitude in Sports/Games and extra curricular activities.
Age	21 to 40 Yrs.
Consolidated Pay	Rs. 27,500/- Per Month
Cut off Date	Age &Educational Qualification will be counted as on last date for submission of application.

2. Structure of Selection Process :-

Phase	**Examination**
1st Phase	Written test
2nd Phase	Class Demonstration
3rd Phase	Interview

After first phase names of qualified candidates for the next phase will be announced to the candidate on same day/published in the School Website.

3. **How to Apply -** Desirous candidates should apply to the Principal, Sainik School, Rewa (MP) 486001 in prescribed format available in school website www.sainikschoolrewa.ac.in alongwith attested copies of certificates and testimonials. Please superscribe the envelope with the name of post applied for. Applications received late/without deposition of application fee / not in prescribed format will be rejected without any intimation. Incomplete form will be liable for rejection.
4. **Application Fee -** Application fee (non-refundable) of **Rs. 500/-** to be deposited in favour of **Principal Sainik School, Rewa** in the School's Bank Account **(i.e. Bank - Punjab National Bank, Branch - Sainik School Rewa, IFSC Code - PUNB0629300, Account Number – 0491012100000017).** Proof of deposition of Application Fee required to be attached with Application. Applications can be deposited by hand or sent by post.
5. Last Date for submission of Application is **03 Apr 2021.** The school will not be responsible for any postal delay and no claim will be entertained. Applications received after last date will not be entertained.
6. **Date of Examination -** Date of 1st Phase Examination will be published in School website at least 15 days prior to the examination. TA/DA to shortlisted candidates is not admissible.
7. The school administration reserves the right to increase/decrease/cancel the vacancy due to administrative/policy reasons. No formal intimation will be given to applicants.

R-45299/2021 **PRINCIPAL, SAINIK SCHOOL, REWA**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

CEDMAP Bhawan, 16-A, Jail Road, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462004
PAN No. : AACCM6080D, GSTIN : 23AACCM6080DIZIJ
REGIONAL OFFICE, INDORE
1st Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore (M.P.)-452001,
Email : indoreakvn@gmail.com, www.invest.mp.gov.in

No. MPIDC/R.O.-INDORE/TECH/2021/3922 **Date : 01.03.2021**

NOTICE INVITING TENDER

MPIDC Regional office Indore (formerly known as MPAKVN(I) Ltd., Indore) invites online percentage rate tenders from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through **E-portal : https://www.mptenders.gov.in** & **www.mpakvnindore.com** as mention below :

S. No.	Name of Work	PAC	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1.	Replacement/Modification of internal & external light in Crystal I.T.Park, Indore with LED Light.	Rs. 33.87 Lacs	Rs. 5900/- (i/c GST)	Rs. 33,870/-	16.03.2021

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system : **http://www.mptenders.gov.in** & **www.mpakvnindore.com** within 3 days from publication in news paper.

M.P. Madhyam/100109/45315/2021 **EXECUTIVE ENGINEER**

एम.पी. इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय, टी.व्ही. टावर के पास, उद्योग भवन कटंगा जबलपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना

क्रमांक- एमपी आईडीसी/क्षे.का.ज./तक./2021/5894 **जबलपुर, दिनांक : 03.03.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु समकक्ष कार्य की अनुभवी एजेन्सियों/ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा **mptender.gov.in** के द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का विवरण एवं अनुमानित लागत	बयाना राशि एवं निविदा शुल्क	निविदा क्रय की दिनांक	निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक
औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगांव जिला छिंदवाड़ा में कन्हान नदी पर कार्यरत रेडियल कलेक्टर वेल के रेडियल पाईपों का बिड के अनुसार विशेष संधारण करने का कार्य। रु. 125.10 लाख जीएसटी अतिरिक्त।	रु. 1.25 लाख एवं रु. 14750.00	08.03.2021 से 23.03.2021 तक	23.03.2021 तक

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। निविदा से संबंधित लिफाफा 'अ' एवं 'ब' उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर पोस्ट के द्वारा दिनांक 24.03.2021 तक जमा करना अनिवार्य है।

म.प्र. माध्यम/100152/45319/2021 **कार्यकारी संचालक**

मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज, खण्डवा (म.प्र.)

(देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से सम्बद्धता प्राप्त एवं बार कौंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से सम्बद्धता अनुमोदित)

आवश्यकता है

शैक्षणिक योग्यता एवं वेतन UGC के नियमानुसार :-

प्रिन्सिपल (1 पद) - विधि विषय में Ph.D एवं NET उत्तीर्ण न्यूनतम 15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।

प्रोफेसर/एसोसिएट-प्रोफेसर विधि (2 पद) - विधि विषय में न्यूनतम 55% अंकों सहित स्नातकोत्तर उपाधि (LL.M.) एवं Ph.D/NET/SLET उत्तीर्ण अनिवार्य है। न्यूनतम 10-15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।

असिस्टेंट प्रोफेसर विधि (2 पद) - विधि विषय में न्यूनतम 55% अंकों सहित स्नातकोत्तर उपाधि (LL.M)/NET/SLET उत्तीर्ण। न्यूनतम 0-5 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।

असिस्टेंट प्रोफेसर : अंग्रेजी (1 पद), इतिहास (1 पद), समाजशास्त्र (1 पद), अर्थशास्त्र (1 पद) - विषय में न्यूनतम 55% अंकों सहित स्नातकोत्तर उपाधि (M.A.)/NET/SLET उत्तीर्ण। न्यूनतम 0-5 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।

लाईब्रेरियन (1 पद) एम. लिब 55% NET/SLET उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

नोट- 1. आवेदक प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन **दिनांक 31.03.2021 सचिव, दी लॉ एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा (मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज, सिविल लाइन्स, खण्डवा)** के पते पर प्रेषित करें। 2. उक्त साक्षात्कार में सभी श्रेणी के उम्मीदवारों को अपने स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना होगा। इसके लिये संस्था से कोई यात्र भत्ता देय नहीं होगा। पदों की संख्या में परिवर्तन या विज्ञप्ति निरस्त करने का अधिकार दी लॉ एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा के पास सुरक्षित है।

R-45324/2021 **सचिव**

संपर्क : 0733-2225577, 2222622
Email : motilal.nehlaw@gmail.com, hr.mnlawcollege@gmail.com

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
फोन नं. : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा, सतना एवं अनूपपुर में मरम्मत कार्यों हेतु निविदा क्रमांक 12/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2021_MPPHC_132090_1, 132102, 132104, 132105 & 132111) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 15.03.2021 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100097/45314/2021 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, भोपाल (म.प्र.)

क./320/मप्रपुहाका/पय/सागर/21 दिनांक : 26.02.2021

प्रेस विज्ञप्ति
निविदा सूचना क्रमांक 19/2020-21

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत रायसेन, निवाड़ी, सागर एवं भोपाल जिलों में **भवन निर्माण/अन्य कार्य** हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि 08.03.2021 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100118/45316/2021 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011

NOTICE INVITING TENDER
N0. 931-PMGSY-III-Brg. (B.W.)

No. 3922/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 03.03.2021**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Panna	1	11913000/-

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **04.03.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100130/45318/2021 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 932 (PMGSY-B.W)

No. 4024/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 04.03.2021**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Dindori	1	24936000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **05.03.2021 17:30 hrs.** Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100162/45320/2021 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31 कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 20/2020-21

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 20/2020-21 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_132329_1, MPPHC_132333_1, MPPHC_132336_1, MPPHC_132339_1, एवं MPPHC_132341_1 हैं। है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.03.2021 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/100124/45317/2021

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
मोबा. : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र.-मप्रपुआअविनि/124/पयं/भोपाल-02/तशा/2021 भोपाल, दिनांक : 05.03.2021

प्रेस विज्ञप्ति

"कटारा हिल्स भोपाल में 250 सीटर, अनुसूचित जाति हेतु बालक छात्रावास का निर्माण कार्य, जिला-भोपाल के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-07/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-2021_MPPHC_133064_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.04.2021 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal:https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100187/45321/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02, भोपाल
Mobile No. 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र. मप्रपुआअविनि/131/पयं/भोपाल-02/तशा/2021 भोपाल, दिनांक : 06.03.2021

प्रेस विज्ञप्ति

अजाक थाना भवन में बाउण्ड्री वॉल का निर्माण कार्य जिला-राजगढ़ के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-08/2020-21; ऑनलाइन निविदा क्रमांक **(MPPHCL/TENDER No.2021_MPPHC_133314_1)** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.03.2021 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते है, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है।

म.प्र. माध्यम/100208/45332/2021 **परियोजना यंत्री**

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

एवरेस्ट पर तिरंगा लहराने वाली प्रदेश की पहली महिला पर्वतारोही हैं युवा मेघा परमार

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के छोटे से गांव भोज नगर निवासी मेघा परमार का साहस आसमान जितना ऊंचा है। वे अपने संकल्प के लिए संघर्ष करना जानती हैं, जूझना जानती हैं। गिरकर उठना जानती हैं। मेघा ने 22 मई, 2019 की सुबह अपने गांव भोजपुर की माटी को माउंट एवरेस्ट चोटी पर अर्पित कर इतिहास रच दिया था। वे मध्यप्रदेश की पहली महिला पर्वतारोही हैं, जिन्होंने विश्व की इस सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा लहराया है। आइए हम जानते हैं मध्यप्रदेश में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एम्बेसडर एवं युवा पर्वतारोही मेघा परमार के संकल्प और उनकी इस विजययात्रा के बारे में।

प्रश्न- आप पर्वतारोहण की ओर किस तरह से आकर्षित हुईं?

उत्तर- मैंने बचपन से ही गांव में खेत देखे हैं। लोगों को मेहनत करते देखा है। फसल उगाते देखा है। मैं भी अपने किसान पिता श्री दामोदर परमार और मां श्रीमती मंजूदेवी की तरह मेहनत करते हुए खुद को साबित करना चाहती थी। ऐसा कुछ करना चाहती थी, जिससे मेरे परिवार, गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन हो सके। एक बार जब मैंने अखबार में पढ़ा कि दो युवा लड़के मध्यप्रदेश से माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने में कामयाब हुए हैं तब मेरे अंदर अंतःप्रेरणा हुई। मैंने खुद से पूछा कि आखिर मैं ऐसा क्यों नहीं कर सकती। मैं क्यों मध्यप्रदेश की पहली एवरेस्ट विजेता महिला पर्वतारोही नहीं बन सकती। बस उस दिन से मैंने संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू कर दिया।

प्रश्न- आपकी पढ़ाई-लिखाई कहां और कैसे हुई?

उत्तर- मैंने सीहोर के भोज नगर गांव के सरकारी स्कूल में अपना बचपन जिया है। तब वहां लड़कियों के लिए अवसर अधिक नहीं थे। आगे मैंने अपने मामाजी के घर जाकर पढ़ाई की। स्कूल के बाद कॉलेज के लिए मैंने मास्टर इन सोशल वर्क में दाखिला लिया। जिससे मैंने काफी कुछ सीखा। पढ़ाई के अलावा पर्वतारोहण की क्लास में भी निरंतर नया सीख रही हूं। निरंतर बहुत कुछ नया सीखना है।

प्रश्न- आपके संकल्प को घर परिवार से कितना प्रोत्साहन मिला?

उत्तर- आम भारतीय परिवारों की तरह निश्चित रूप से मेरे परिवार में भी बेटियों की तुलना में बेटे को कुछ अधिक लाड़ मिलता था मगर मेरी मां और पिताजी ने बेटियों के स्वतंत्र विचार का भी संरक्षण किया। मैं जब बराबरी की बात उठाती थी तो मुझे अपनी बात कहने का मौका मिला। इससे मेरा आत्मविश्वास मजबूत हुआ और मैं इससे खुद को साबित करने की दिशा में और मुखर हुई।

प्रश्न- पर्वतारोहण के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के विषय में बताएं?

उत्तर- मुझे अब बहुत गर्व महसूस होता है जब मेरा नाम मध्यप्रदेश की पहली एवरेस्ट विजेता महिला कहकर पुकारा जाता है। एक आत्मसंतुष्टि होती है कि मैंने जीवन में कई बार असफलता के बावजूद पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपना सपना पूरा किया। साल 2019 में माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराने का वो ऐतिहासिक क्षण था। इसके अलावा मैंने विश्व के चार महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर भी तिरंगा लहराया है। एडवेंचर स्पोर्ट्स बचपन से मेरा शौक था जो अब जुनून है। कठिन काम को करने की जिद और जज्बा अब मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

प्रश्न- एवरेस्ट को फतह करने का संघर्ष कैसा रहा?

उत्तर- दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर खड़े होकर तिरंगा लहराने के लिए मेरी लंबी यात्रा रही। मैंने अपने गुरू रत्नेश पांडेजी के नेतृत्व में पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने के लिए कठिन मेहनत की। साल 2018 में मेरा पहला प्रयास रहा मगर मैं कामयाब नहीं हो सकी। मैं गांव लौटी तो निराशा से भरी बातें भी सुनीं मगर अपना संकल्प नहीं छोड़ा। खुद का वजन कम किया। कमियों को सुधारा। आगे ट्रेनिंग के दौरान कई फ्रेक्चर भी हुए मगर हिम्मत नहीं हारी। जिद के साथ संघर्ष जारी रखा। 22 मई 2019 को सुबह 5 बजे माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने से पहले ऑक्सीजन सिलेण्डर के खत्म होने से मौत से भी मेरा क्षणिक सामना हुआ मगर ईश्वर मेरे साथ था। आखिरकार रास्ते में मृत पर्वतारोही के बचे सिलेण्डर ने मुझे जीवनदान दिया और मैं आगे बढ़ती रही और अंततः मैं दुर्गम माउंट एवरेस्ट के ऊपर तिरंगा लहराने में कामयाब हुई।

प्रश्न- एवरेस्ट चोटी पर पहुंचने के बाद क्या अनुभूति रही, वो क्षण कैसा था?

उत्तर- दुनिया में दुर्गम और कठिनतम माने जाने वाले सपने को सच होते मैंने देखा था। मैं दुनिया में सबसे अधिक ऊंचाई पर थी। तब अपने देश के ध्वज तिरंगे को लहराना मेरे लिए जीवन का सबसे यादगार अनुभव था। मैंने अपनी जन्मभूमि सीहोर के छोटे से गांव भोज नगर की माटी को वहां अर्पण किया। मैं भाग्यशाली थी जो जीवन और मृत्यु से आगे निकलकर अपना सपना सच होते हुए देख रही थी।

प्रश्न- आप मध्यप्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड ऐम्बेसडर के रूप में क्या कहना चाहेंगी?

उत्तर- निश्चित रूप से मध्यप्रदेश के गांव- गांव में बेटियों के बड़े सपने हैं। उनमें बहुत ऊर्जा है। मैं उनके अनगिनत परिवारों से कहना चाहती हूं कि जैसे मेरे परिवार, दोस्तों और नजदीकी समाज और प्रदेश ने मुझे मौका देकर खुद को साबित करने का मंच दिया वैसे ही ये मौके दूसरी बेटियों को भी मिलें। हर बेटी अपने परिवार और गांव का नाम आगे ले जाने में सक्षम है। समाज में हम बेटियों और महिलाओं को बराबरी के मौके देकर बेहतर वातावरण बना सकते हैं। इसके साथ ही मैं कहना चाहती हूं अगर बेटियां नहीं होंगी तो आप बहुएं कैसे लाएंगे इसलिए बेटा- बेटी दोनों को बराबरी से मौके देकर हर परिवार सामाजिक संतुलन को भी मजबूत करे।

प्रश्न- अंत में "रोज़गार और निर्माण" के युवा साथियों के लिए आपका क्या संदेश है?

उत्तर- पर्वतारोहरण हो, पढ़ाई हो या जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, दोस्तों आप सभी खुद पर विश्वास कीजिए। आप ही हैं जो सब कुछ कर सकते हैं। आप ही हैं जो अपना सब कुछ बदल सकते हैं। इसलिए निरंतर चलते रहिए, संघर्ष करते रहिए। गिर जाएं तो फिर उठिए फिर चलिए और यू ही चलते-चलते आप कब दौड़ने और उड़ने लगेंगे आपको पता ही नहीं चलेगा। इसलिए अपने हौंसले और कर्म की ऊर्जा से संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। आप अपनी मंजिल में जरूर कामयाब होंगे क्योंकि दुनिया में आप सभी में से हर कोई कहीं न कहीं कुछ खास है। बस आपको अपनी यही खासियत पहचानकर अपने संकल्प के लिए जुट जाना है।

विवेक पाठक
(लेखक - स्वतंत्र पत्रकार हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सिंगरौली (म.प्र.)

पता - विजय बंधु पेट्रोल पम्प के पास, ईमेल - eephedsin@gmail.com

नि.आ.सू.क्र. 108 से 113 तक/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/सिंगरौली/2021 दिनांक : 04.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु निविदा का ऑनलाइन वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 12.03.2021 सायं 17.30 बजे** तथा **निविदा खुलने की तिथि 13.03.2021 सायं 17.30 बजे** है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

Name of Work :- Drinking water arrangement in School & Aganwadi in various village of Block-Waidhan including installation of submersible pump in the existing tube well, providing, laying, jointing and testing of H.D.P.E. pipe, Installation of Ployethylene water tank, providing tap connection complete work including cast of material and labours.

S. N.	NIT No.	Tender ID	Village	PAC (Rs. In Lakhs)	E-EMD in Rs.	Cost of Tender in Rs.	No. of
1.	108	20201 PHED_ 132916_1	Dhangad, Mithul. Mudhi, Chudipath, Podipath, Ladwai, Rauhal, Jeer, Bindul, Dhari, Digwah, Bhaisabuda, Basiberdah, Langhadol, Dhirauli, Dongri, Bajaudi, Tal, Bhunda, Kachra, Kamai.	147.41	147410/-	12500/-	1st
2.	109	20201 PHED_ 132917_1	Podi Naugai, Fulwari, Padeniya, Kajan, Badma, Rajbandh, Gadahara, Pipra Jhanpi, Chingitola, Bihra, Gaderiya, Kanji, Barauha, Chitarwaikala, Khatkhari, Karkosa, Teldah, Chitarwaikhurd, Manikchoura.	145.78	145780/-	12500/-	1st
3.	110	20201 PHED 132918_1	Tusakhand, Shasan, Semriya, Jogiyani, Urti, Basauda, Dhodha, Chargoda, Piprakurand, Karauti, Dhoditola, Saraijhar, Kadopani, Orgai, Barahpan, Gobha, Karami, Makrohar.	169.84	169840/-	12500/-	1st
4.	111	20201 PHED 132919_1	Katauli, Bilaspur, Dhaturapokhara, Kulhui, Khokhari, Situlkhurd, Madhura, Jaraundhi, Banauli, Denki, Churisani, Siganhi, Sakhauha, Amilwan, Amara, Sidhdhikala.	103.02	103020/-	12500/-	1st
5.	112	20201 PHED 132920_1	Hatka, Khamariya. Malgo, Dhanhara, Raundhi, Amhara, Okhrawal, Raila, Asani, Sulyari, Baherikhurd, Baherikala, Budkud, Bhawarkhoh, Rampa, Bhaukhand, Padrikairahi, Dheka.	170.92	170920/-	12500/-	1st
6.	113	20201 PHED 132931_1	Gora, Khanuanawa, Tendua, Harrwah, Pidarwah, Lamidah, Bandhaura, Padarikhuta, Kautiya, Betariya, Khairahi, Karsualal, Nagma, Dewari, Jhaththatola, Gorwani, Padriraja, Amiliha, Malga.	150.5	150530/-	12500/-	1st

कार्यपालन यंत्री
जी-20678/45330/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिंगरौली (म.प्र.)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No.4167/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 06.03.2021

NOTICE INVITING TENDER NO. 933 UPG

Online Tenders for Construction of Rural Roads /CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work - Up-gradation**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1.	Raisen	1	15594000.00
2.	Rewa	1	26838000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **09.03.2021, 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

Madhyam/100201/45331/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

प्रकाशन क्र. 04/2020-21 **नरसिंहपुर, दिनांक : 26.02.2021**

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से नरसिंहपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजनाओं में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन के कार्यों हेतु निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	निविदा सूचना क्र./ दिनांक	ई-निविदा क्रमांक	विकास-खण्ड	ग्रामों की संख्या	कुल अनु. राशि (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑनलाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि
1.	109/ 26.02.2021	2021_ PHED_ 131777_1	करेली	5	162.68	162680/-	12500/-	**15.03.2021**	180 दिवस वर्षाऋतु सहित
1.	110/ 26.02.2021	2021_ PHED_ 131779_1	करेली	3	155.87	155870/-	12500/-	15.03.2021	180 दिवस वर्षाऋतु सहित

कार्यपालन यंत्री
जी-20672/45329/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-नरसिंहपुर

आधुनिक भारत का इतिहास

1. निम्नलिखित में कौन सही सुमेलित है -

विद्रोह केंद्र		नेतृत्वकर्ता
1. फैजाबाद	-	मौलवी-अहमदुल्ला
2. संभलपुर	-	सुरेंद्र साईं
3. हरियाणा	-	राव तुलाराम

(अ) 1 एवं 2 (ब) 2 एवं 3
(स) 1 एवं 3 (द) सभी

उत्तर- (द) सभी।

2. किस संधि के अंतर्गत ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार एवं उड़ीसा की दीवानी प्राप्त हुई?
अ. इलाहाबाद की प्रथम संधि
(ब) इलाहाबाद की द्वितीय संधि
(स) अलीनगर की संधि
(द) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर- (अ) इलाहाबाद की प्रथम संधि।

3. 'फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया' कंपनी की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1669 ई. (ब) 1664 ई.
(स) 1605 ई. (द) 1611 ई.

उत्तर- (ब) 1664 ई.।

4. सहायक संधि पर हस्ताक्षर करने वाला प्रथम राज्य कौन-सा था?
(अ) कर्नाटक (ब) मैसूर
(स) हैदराबाद (द) त्रावणकोर

उत्तर- (स) हैदराबाद।

5. 'तत्वबोधनी सभा' की स्थापना किसने की थी?
(अ) सुरेंद्रनाथ बनर्जी
(ब) देवेंद्रनाथ टैगोर
(स) आत्माराम पाण्डुरंग
(द) ज्योतिवा फुले

उत्तर- (ब) देवेंद्रनाथ टैगोर।

6. 'सुल्तान-उल-कौम' किसे कहा जाता था?
(अ) कपूर सिंह
(ब) रणजीत सिंह
(स) जस्सा सिंह अहलूवालिया
(द) जयसिंह

उत्तर- (स) जस्सा सिंह अहलूवालिया।

7. 'कल्पना दत्त' का संबंध किस क्रांतिकारी घटना से था?
(अ) हावड़ा षड़यंत्र
(ब) चटगांव शास्त्रागार लूट
(स) काकोरी काण्ड
(द) चौरा-चौरी काण्ड

उत्तर- (ब) चटगांव शास्त्रागार लूट।

8. '1857 की क्रांति' के दौरान बरेली में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?
(अ) देवी सिंह
(ब) कदम सिंह
(स) राव तुलाराम
(द) खान बहादुर

उत्तर- (द) खान बहादुर।

9. सन् 1922-24 के मध्य हुये 'रंपा विद्रोह' का नेतृत्वकर्ता कौन था?
(अ) जतरा भगत
(ब) अल्लूरी सीताराम राजू
(स) बिरसा मुण्डा
(द) वेलू थंपी

उत्तर- (ब) अल्लूरी सीताराम राजू।

10. निम्न में से किसे 'स्थानीय स्वायत्त शासन का जनक' कहा जाता है?
(अ) लॉर्ड रिपन
(ब) लॉर्ड डलहौजी
(स) लॉर्ड कर्जन
(द) लॉर्ड डफरिन

उत्तर- (अ) लॉर्ड रिपन।

11. 'हार्टोग समिति' का गठन किस कार्य हेतु किया गया था?
(अ) कृषि सुधार
(ब) सैन्य सुधार
(स) अकाल आयोग
(द) शिक्षा सुधार

उत्तर- (द) शिक्षा सुधार।

12. 'सैडलर आयोग' का गठन किस वर्ष किया गया था?
(अ) 1915 ई. (ब) 1917 ई.
(स) 1919 ई. (द) 1934 ई.

उत्तर- (ब) 1917 ई.।

13. 'भारतीय प्रेस का मुक्तिदाता' किसे कहा जाता है?
(अ) लॉर्ड लिटन
(ब) चार्ल्स मेटकॉफ
(स) राजा राम मोहन राय
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (ब) चार्ल्स मेटकॉफ।

14. गवर्नर जनरल को अध्यादेश पारित करने की शक्ति किस अधिनियम में दी गई थी?
(अ) भारत सरकार अधिनियम 1958 ई.
(ब) भारत परिषद अधिनियम 1892
(स) भारत परिषद अधिनियम, 1861
(द) भारत परिषद अधिनियम 1909

उत्तर- (अ) भारत सरकार अधिनियम 1958 ई.।

15. निम्न में से कौन प्रारूप समिति के सदस्यों में शामिल नहीं था?
(अ) के.एम. मुंशी
(ब) बी.एल. मित्रा
(स) गोपाल स्वामी आयंगर
(द) जे.बी. कृपलानी

उत्तर- (द) जे.बी. कृपलानी।

16. प्रथम कारखाना अधिनियम किस वायसराय के काल में पारित किया गया था?
(अ) लॉर्ड लिटन
(ब) लॉर्ड रिपन
(स) लॉर्ड डफरिन
(द) लॉर्ड कर्जन

उत्तर- (ब) लॉर्ड रिपन।

17. प्रथम 'सहकारिता अधिनियम' किस सन में पारित किया गया था?
(अ) 1902 ई. (ब) 1885 ई.
(स) 1908 ई. (द) 1904 ई.

उत्तर- (द) 1904 ई.।

18. वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में पहली बार किस भारतीय सदस्य की नियुक्ति की गई थी?
(अ) बाल गंगाधर तिलक
(ब) एस.पी. सिन्हा
(स) गोपाल कृष्ण गोखले
(द) महात्मा गांधी

उत्तर- (ब) एस.पी. सिन्हा।

19. पूना सार्वजनिक सभा की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1870 ई. (ब) 1875 ई.
(स) 1885 ई. (द) 1890 ई.

उत्तर- (अ) 1870 ई.।

20. 'द एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1791 ई. (ब) 1774 ई.
(स) 1784 ई. (द) 1780 ई.

उत्तर- (स) 1784 ई.।

21. 'सुगौली की संधि' किस युद्ध के पश्चात् की गई थी?
(अ) तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध
(ब) द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध
(स) आंग्ल-बर्मा युद्ध
(द) आंग्ल-नेपाल युद्ध

उत्तर- (द) आंग्ल-नेपाल युद्ध।

22. डलहौजी की 'व्यपगत नीति' के तहत सर्वप्रथम किस राज्य को मिलाया गया था?
(अ) सतारा (ब) जैतपुर
(स) बघार (द) उदयपुर

उत्तर- (अ) सतारा।

23. गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा कब दिया गया था?
(अ) 1980 ई. (7) 1983 ई.
(स) 1985 ई. (द) 1987 ई.

उत्तर- (द) 1987 ई.।

24. कांग्रेस के करांची अधिवेशन (1931) की अध्यक्षता किसने की थी?
(अ) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(ब) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(स) जवाहर लाल नेहरू
(द) सरोजनी नायडू

उत्तर- (ब) सरदार वल्लभ भाई पटेल।

25. 'आर्कटिक होम इन द वेदाज़' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?
(अ) गोपाल कृष्ण गोखले
(ब) अरविंद घोष
(स) विपिनचंद्र पाल
(द) बाल गंगाधर तिलक

उत्तर- (द) बाल गंगाधर तिलक।

26. 'पूर्ण स्वराज दिवस' सर्वप्रथम कब मनाया गया था?
(अ) 15 अगस्त 1940
(ब) 26 जनवरी, 1930
(स) 26 नवम्बर, 1947
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (ब) 26 जनवरी, 1930।

27. भारत सेवक समाज की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) गोपाल कृष्ण गोखले
(ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) महात्मा गांधी
(द) बी.आर. अंबेडकर

उत्तर- (अ) गोपाल कृष्ण गोखले।

28. 'ठगी प्रथा' का उन्मूलन किस गवर्नर जनरल के कार्यकाल में हुआ था?
(अ) विलियम बैंटिक
(ब) चार्ल्स मेटकॉफ
(स) लॉर्ड लिटन
(द) लॉर्ड रिपन

उत्तर- (अ) विलियम बैंटिक।

29. 'यंग-इंडिया' नामक पत्र का प्रकाशन किसके द्वारा किया गया था?
(अ) इकबाल
(ब) महात्मा गांधी
(स) मोहम्मद अली
(द) ऐनी बेसेण्ट

उत्तर- (ब) महात्मा गांधी।

30. वाण्डीवॉश का युद्ध कब हुआ था?
(अ) 1760 ई. (ब) 1767 ई.
(स) 1757 ई. (द) 1764 ई.

उत्तर- (अ) 1760 ई.।

31. अखिल भारतीय संगठन हरिजन सेवक संघ की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) महात्मा गांधी
(ब) बी.आर. अंबेडकर
(स) ज्योतिवा फुले
(द) ई.वी. रामास्वामी

उत्तर- (अ) महात्मा गांधी।

32. 'गांधी वनाम लेनिन' पुस्तक के रचयिता कौन हैं?
(अ) जवाहर लाल नेहरू
(ब) सुभाषचंद्र बोस
(स) एस.ए. डांगे
(द) हसर मोहानी

उत्तर- (स) एस.ए. डांगे।

33. 'राष्ट्रीय योजना समिति' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1935 ई. (ब) 1936 ई.
(स) 1937 ई. (द) 1938 ई.

उत्तर- (द) 1938 ई.।

34. व्यक्तिगत सत्याग्रह हेतु सर्वप्रथम किस व्यक्ति का चयन किया गया था?
(अ) जवाहर लाल नेहरू
(ब) विनोबा भावे
(स) सुभाषचंद्र बोस
(द) नरेंद्र दवे

उत्तर- (ब) विनोबा भावे।

35. देशी रियासतों एवं ब्रिटिश प्रांतों का एकीकरण करके भारतीय राज्यों का कितने प्रकार से वर्गीकरण किया गया?
(अ) तीन (ब) दो
(स) एक (द) चार

उत्तर- (द) चार।

36. जुलाई, 1947 में बनाये गये 'भारतीय रियासत विभाग' की कमान किसे सौंपी गई?
(अ) जवाहर लाल नेहरू
(ब) वल्लभ भाई पटेल
(स) राजेंद्र प्रसाद
(द) अबुल कलाम

उत्तर- (ब) वल्लभ भाई पटेल।

37. स्वतंत्रता पश्चात किसकी अध्यक्षता सर्वप्रथम राज्यों के पुनर्गठन हेतु आयोग का गठन किया गया था?
(अ) फजल अली
(ब) एस.के. धर
(स) मौलाना आजाद
(द) वल्लभ भाई पटेल

उत्तर- एस.के. धर (1948)।

38. फजल अली आयोग की सिफारिश के उपरांत राज्य पुनर्गठन अधिनियम कब पारित किया गया था?
(अ) 1955 ई. (ब) 1956 ई.
(स) 1957 ई. (द) 1958 ई.

उत्तर- (ब) 1956 ई.।

39. गोवा को केंद्र शासित राज्य का दर्जा कब दिया गया?
(अ) 1956 (ब) 1960
(स) 1968 (द) 1962

उत्तर- (द) 1962 ई. (12वां संशोधन अधिनियम)।

40. राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1949 (ब) 1950
(स) 1957 (द) 1952

उत्तर- (द) 1952 ई.।

41. भाषायी आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ था?
(अ) तमिलनाडु (ब) हरियाणा
(स) आंध्रप्रदेश (द) मणिपुर

उत्तर- (स) आंध्रप्रदेश।

42. पुडुचेरी के क्षेत्र को फ्रांस ने भारत के सुपुर्द कब किया था?
(अ) 1950 (ब) 1947
(स) 1954 (द) 1960

उत्तर- (स) 1954

43. सिक्किम को भारतीय संघ का पूर्ण राज्य कब बनाया गया?
(अ) 1970 ई. (ब) 1975 ई.
(स) 1987 ई. (द) 1991 ई.

उत्तर- (ब) 1975।

44. तेलंगाना राज्य का गठन कब किया गया था?
(अ) 2 मई, 2015
(ब) 2 सितम्बर, 2016
(स) 2 जून, 2014
(द) 15 अगस्त, 2014

उत्तर- (स) 2 जून, 2014।

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधी विषयों पर लेखन करते हैं।)

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.)
Phone: (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in (CIN : U51102MP1977SGC001392)
No. MPIDC/RO/IND/TECH/20/4270 Date : 06.03.2021

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following work. The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mpetenders.gov.in.**

Name of Work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender form (in Rs.)	Last date of Submission of Tender
Shifting of 11KV electric line at I/a Smart Industrial Park, Pithampur.	04.16	8350/-	2360/-	22.03.2021
Appointment of SQC for up-gradation work at I/a Pithampur & Dewas.	46.80	46800/-	5900/-	22.03.2021

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.
M.P. Madhyam/100207/R-45333/2021 **EXECUTIVE ENGINEER**

किसान और खेती देश की मजबूत अर्थव्यवस्था के हैं आधार

भोपाल, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने होशंगाबाद के पवारखेड़ा में आयोजित मध्यप्रदेश ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि किसान और खेती सशक्त राष्ट्र और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के आधार हैं। किसान मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। सरकार के संकल्प को आप सभी के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा नए कृषि कानून बनाए गए हैं। सरकार ने नीतियों और नियमों में परिवर्तन किए हैं। चना, मसूर एवं सरसों अब गेहूं के साथ खरीदा जाएगा, जिसका सीधा लाभ लघु एवं सीमांत किसानों को मिलेगा। किसानों की आय को दोगुना करने और खेती किसानी को लाभ का धंधा बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निरंतर सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

राज्य सेवा परीक्षा 2020 के तहत प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी

सामान्य अध्ययन - मध्यप्रदेश आधारित

(1) मध्यप्रदेश की सीमा निम्न में से किस राज्य से मिलती है -
(A) गोवा (B) पंजाब
(C) केरल (D) राजस्थान
उत्तर - (D) राजस्थान

(2) मध्यप्रदेश के पश्चिम में कौन-सा राज्य पड़ता है -
(A) उत्तरप्रदेश (B) छत्तीसगढ़
(C) महाराष्ट्र (D) गुजरात
उत्तर - (D) गुजरात

(3) क्षेत्रफल के आधार पर देश का दूसरा बड़ा राज्य है -
(A) राजस्थान (B) उड़ीसा
(C) पंजाब (D) मध्यप्रदेश
उत्तर - (D) मध्यप्रदेश

(4) निम्न में से कौन सा क्षेत्र मध्यप्रदेश में है -
(A) मालवा (B) महाकौशल
(C) बघेलखण्ड (D) ये सभी
उत्तर - (D) ये सभी

(5) निम्नलिखित में से कौन-सा नगर जिला मुख्यालय नहीं है -
(A) निवाड़ी (B) आगर
(C) अलीराजपुर (D) मनासा
उत्तर - (D) मनासा

(6) निम्न में से सबसे कम जिले किस संभाग में है -
(A) सागर (B) उज्जैन
(C) रीवा (D) नर्मदापुरम्
उत्तर - (D) नर्मदापुरम्

(7) श्योपुर जिला निम्न में से किस संभाग में आता है -
(A) जबलपुर (B) ग्वालियर
(C) रीवा (D) चम्बल
उत्तर - (D) चम्बल

(8) निम्न में से किस संभाग में 8 जिले आते हैं -
(A) उज्जैन (B) चम्बल
(C) शहडोल (D) इंदौर
उत्तर - (D) इंदौर

(9) क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा संभाग है -
(A) उज्जैन (B) चम्बल
(C) शहडोल (D) जबलपुर
उत्तर - (D) जबलपुर

(10) इंदौर संभाग में निम्न में से कौन से जिले आते हैं -
(A) देवास, रतलाम
(B) नीमच, मंदसौर
(C) राजगढ़, शाजापुर
(D) झाबुआ, बुरहानपुर
उत्तर - (D) झाबुआ, बुरहानपुर

(11) मध्यप्रदेश में "भारतीय वन प्रबंधन संस्थान" किस शहर में स्थित है -
(A) इंदौर (B) जबलपुर
(C) बालाघाट (D) भोपाल
उत्तर - (D) भोपाल

(12) निम्न में से कौन-सी नदी मध्यप्रदेश में नहीं बहती है -
(A) कृष्णा (B) महानदी
(C) यमुना (D) ये सभी
उत्तर - (D) ये सभी

(13) नर्मदा नदी के किनारे बसे शहरों में शामिल हैं -
(A) उज्जैन (B) देवास
(C) शाजापुर (D) होशंगाबाद
उत्तर - (D) होशंगाबाद

(14) मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र निम्न में से किस जिले में आता है -
(A) ग्वालियर (B) मुरैना
(C) गुना (D) भिण्ड
उत्तर - (D) भिण्ड

(15) निम्न में से किसे "चूना नगरी" कहा जाता है -
(A) मंडला (B) छिंदवाड़ा
(C) डिंडौरी (D) कटनी
उत्तर - (D) कटनी

(16) "ग्रेफाइट खनिज" के लिए कौन-सा जिला प्रसिद्ध है -
(A) हरदा (B) होशंगाबाद
(C) रायसेन (D) बैतूल
उत्तर - (D) बैतूल

(17) निम्न में से किस शहर का पुराना नाम "सिद्धपुर" है -
(A) भोपाल (B) दमोह
(C) दतिया (D) सीहोर
उत्तर - (D) सीहोर

(18) निम्न में से किसे "दक्षिण का प्रवेश द्वार" कहा जाता है -
(A) खंडवा (B) खरगौन
(C) झाबुआ (D) बुरहानपुर
उत्तर - (D) बुरहानपुर

(19) "मंडीदीप" औद्योगिक क्षेत्र किस जिले में आता है -
(A) विदिशा (B) धार
(C) हरदा (D) रायसेन
उत्तर - (D) रायसेन

(20) माँ शारदा के मंदिर के लिए प्रसिद्ध "मैहर" निम्न में से किस जिले में आता है -
(A) कटनी (B) ग्वालियर
(C) जबलपुर (D) सतना
उत्तर - (D) सतना

(21) निम्न में से कौन-सा जिला अंगूर उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है -
(A) उज्जैन (B) आगर
(C) देवास (D) रतलाम
उत्तर - (D) रतलाम

(22) निम्न में से कौन-सा शहर शिवना नदी के किनारे स्थित है -
(A) रतलाम (B) नीमच
(C) नागदा (D) मंदसौर
उत्तर - (D) मंदसौर

(23) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के "शहीद तात्या टोपे" की समाधि स्थित है -
(A) गुना (B) ग्वालियर
(C) मुरैना (D) शिवपुरी
उत्तर - (D) शिवपुरी

(24) राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय कहां स्थापित है -
(A) जबलपुर (B) गुना
(C) शिवपुरी (D) ग्वालियर
उत्तर - (D) ग्वालियर

(25) मध्यप्रदेश के विधि पुरुष (उपनाम) के नाम से किन्हें जाना जाता है -
(A) पं. द्वारिका प्रसाद
(B) राजेन्द्र जैन
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) कुंजीलाल दुबे
उत्तर - (D) कुंजीलाल दुबे

(26) मध्यप्रदेश का राष्ट्रीय उद्यान 'कान्हा किसली' किस जिले में है -
(A) नरसिंहपुर (B) सतना
(C) शहडोल (D) मण्डला
उत्तर - (D) मण्डला

(27) मध्यप्रदेश का कौन-सा नगर 'बौद्ध नगरी' के नाम से प्रसिद्ध है -
(A) मांडू (B) खजुराहो
(C) चंदेरी (D) सांची
उत्तर - (D) सांची

(28) भारत के 12 ज्योतिर्लिंग में से दो मध्यप्रदेश में कहां स्थित है -
(A) उज्जैन और मंदसौर
(B) उज्जैन और मण्डलेश्वर
(C) ओंकारेश्वर और मंदसौर
(D) ओंकारेश्वर और उज्जैन
उत्तर - (D) ओंकारेश्वर और उज्जैन

(29) मध्यप्रदेश के ग्वालियर में स्थित सास-बहू का मंदिर किसने बनवाया था -
(A) राजाभोज
(B) महाराजा पृथ्वीसिंह
(C) राजा मधुकर
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (D) इनमें से कोई नहीं
व्याख्या - यह मंदिर 11वीं शताब्दी में राजा महिपाल ने बनवाया था।

(30) अद्भुत कला मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है -
(A) उज्जैन (B) मनासा
(C) ओंकारेश्वर (D) खजुराहो
उत्तर - (D) खजुराहो

(31) 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की जनसंख्या कितनी है -
(A) 7,50,50,809
(B) 7,42,50,809
(C) 7,40,26,809
(D) 7,26,26,809
उत्तर - (D) 7,26,26,809

(32) 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की साक्षरता दर क्या रही है -
(A) 59.32% (B) 61.32%
(C) 67.32% (D) 69.32%
उत्तर - (D) 69.32%

(33) 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का सर्वाधिक साक्षर जिला कौन-सा है -
(A) इंदौर (B) भोपाल
(C) ग्वालियर (D) जबलपुर
उत्तर - (D) जबलपुर

(34) 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का लिंगानुपात रहा है-
(A) 998:1000
(B) 980:1000
(C) 965:1000
(D) 931:1000
उत्तर - (D) 931:1000
व्याख्या - 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश का लिंगानुपात 931 है अर्थात् प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 931 है।

(35) 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में सबसे कम पुरुष साक्षरता वाला जिला कौन-सा है-
(A) झाबुआ (B) बड़वानी
(C) मण्डला (D) अलीराजपुर
उत्तर - (D) अलीराजपुर

(36) 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर निगम क्षेत्र कौन-सा है -
(A) भोपाल (B) ग्वालियर
(C) जबलपुर (D) इंदौर
उत्तर - (D) इंदौर

(37) मध्यप्रदेश का राज्य खेल कौन-सा है -
(A) कबड्डी (B) खो-खो
(C) हॉकी (D) मलखम्भ
उत्तर - (D) मलखम्भ

(38) 'नरेन्द्र हिरवानी' का संबंध किस खेल से है -
(A) हॉकी (B) खो-खो
(C) मलखम्भ (D) क्रिकेट
उत्तर - (D) क्रिकेट

(39) निम्न में से कौन-सा स्टेडियम रीवा में स्थित है -
(A) नेहरू स्टेडियम
(B) होल्कर स्टेडियम
(C) तात्या टोपे स्टेडियम
(D) ठाकुर रणमत सिंह स्टेडियम
उत्तर - (D) ठाकुर रणमत सिंह स्टेडियम

(40) निम्न में से कौन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं रहे -
(A) मोतीलाल वोरा
(B) सुंदरलाल पटवा
(C) कैलाश जोशी
(D) सुभाष यादव
उत्तर - (D) सुभाष यादव

(41) वर्तमान में मध्यप्रदेश में विधान सभा सीटों की संख्या है -
(A) 240 (B) 238
(C) 232 (D) 230
उत्तर - (D) 230

(42) लोकसभा के लिए मध्यप्रदेश से कितने निर्वाचन क्षेत्र आते हैं -
(A) 40 (B) 39
(C) 30 (D) 29
उत्तर - (D) 29

(43) मध्यप्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री कौन थी -
(A) जमुना देवी
(B) सुमित्रा महाजन
(C) विमला शर्मा
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (D) इनमें से कोई नहीं
व्याख्या - मध्यप्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री उमा भारती थीं।

(44) निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मान मध्यप्रदेश द्वारा दिया जाता है -
(A) कालिदास सम्मान
(B) तानसेन सम्मान
(C) तुलसी सम्मान
(D) ये सभी
उत्तर - (D) ये सभी

(45) शरद जोशी सम्मान का संबंध किस क्षेत्र से है -
(A) सामाजिक कार्य
(B) फिल्म निर्माण
(C) खेल
(D) व्यंग्य लेखन
उत्तर - (D) व्यंग्य लेखन

(46) "कादम्बरी" किसकी रचना है -
(A) भूषण (B) कालिदास
(C) भर्तृहरि (D) बाणभट्ट
उत्तर - (D) बाणभट्ट

(47) डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन की प्रसिद्ध कृति है -
(A) तट की खोज
(B) हँसते हैं, रोते हैं
(C) चाँद का मुंह टेढ़ा
(D) मिट्टी की बारात
उत्तर - (D) मिट्टी की बारात

(48) बाबा गरीबनाथ मेला किस जिले में लगता है -
(A) रीवा (B) अशोकनगर
(C) नरसिंहपुर (D) शाजापुर
उत्तर - (D) शाजापुर
व्याख्या - बाबा गरीबनाथ की स्मृति में प्रतिवर्ष 15 दिवसीय मेला (चैत्र माह में) अवन्तीपुर-खड़ौदिया में लगता है।

(49) भोपाल में स्थित भारत भवन के वास्तुकार कौन थे -
(A) कोनिस वर्गर
(B) विलियम एमर्सन
(C) जॉब चारनोक
(D) चार्ल्स कोरिया
उत्तर - (D) चार्ल्स कोरिया

(50) निम्न में से कौन-सा समारोह देवास में आयोजित होता है -
(A) लोकरंग महोत्सव
(B) तानसेन समारोह
(C) माखनलाल चतुर्वेदी समारोह
(D) कुमार गंधर्व समारोह
उत्तर - (D) कुमार गंधर्व समारोह

(51) मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड का पारंपरिक लोकनृत्य है -
(A) काठी (B) छाहुर
(C) मटकी (D) राई
उत्तर - (D) राई

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

सतना जिले के अमरपाटन में सिविल अस्पताल भवन का होगा विस्तार

सतना, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामखेलावन पटेल ने सतना जिले के अमरपाटन में 100 बिस्तर के सिविल अस्पताल के उन्नयन के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुये कहा है कि अमरपाटन सिविल अस्पताल के उन्नयन के बाद यहां और आसपास गांव के मरीजों को इलाज के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सिविल अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सिविल अस्पताल का उन्नयन करीब 9 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से किया जायेगा।

सबको मिलेंगे पक्के मकान

पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि अमरपाटन तहसील में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजना के माध्यम से वर्ष 2023 तक सभी पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिन गरीब और पात्र हितग्राहियों के नाम चयन सूची से छूट गये हैं, उनके नाम आवास प्लस योजना के तहत जोड़े जायेंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल सतना जिले के अमरपाटन में एनआरएलएम के जिला स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, सुलभ प्रसाधन एवं बाउण्ड्रीवाल के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

गृद्धकूट पर्वत पर्यटक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जायेगा

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री रामखिलावन पटेल ने कहा है कि सतना जिले के रामनगर क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थल गृद्धकूट पर्वत को मार्कण्डेय आश्रम की भांति पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। राज्यमंत्री श्री पटेल न्यु देवराजनगर में गिद्धराज पर्वत एवं मानीस गंगा पूजन, स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने ग्राम पंचायत की नवनिर्मित सामुदायिक भवन, यात्री प्रतीक्षालय और आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि बाणसागर के डूब में आये पुनर्वासित ग्राम देवराजनगर के पुरातन वैभव को लौटाने के सभी प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देवराजनगर में हाट बजार बनेगा और गृद्धकूट पर्वत, मार्कण्डेय घाट, बाणसागर बांध, बांधवगढ़ और झिन्ना को जोड़ते हुए अमरकंटक तक पर्यटन सर्किट बनाने के प्रयास किये जायेंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने इस मौके पर श्री मानस प्रमोद नामक दो पुस्तकों का विमोचन भी किया। उन्होंने करीब 30 लाख रुपये लागत के नवीन निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया।

श्री पटेल खेलकूद विकास परिषद मैहर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ समारोह में भी शामिल हुए।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य गणित

प्र. 1 9 क्रमागत संख्याओं का औसत 37 है। तो इन 9 संख्याओं में से सबसे छोटी संख्या क्या है?
(A) 38 (B) 26
(C) 34 (D) 33

उत्तर : (D) 33

व्याख्या : संख्याएँ $x, (x+1), (x+2), (x+3), \ldots\ldots (x+8)$ है।
इन 9 संख्याओं का औसत = 37

$$\frac{x+(x+1)+\ldots\ldots+(x+8)}{9}=37$$

$x + (x+1) + (x+2) + (x+3) + \ldots\ldots + (x+8) = 333$
$9x + (1+2+\ldots\ldots+8) = 333$

$$9x+\frac{8(8+1)}{2}=333$$

$9x + 4 \times 9 = 333$
$9x = 297$
$x = 33$

प्र. 2 11 छात्रों के एक समूह का औसत वजन 37 किलो है। जब एक छात्र समूह को छोड़ देता है, तो समूह का औसत वजन 35 किलो हो जाता है। तो उस छात्र का वजन (किलो में) क्या है जिसने समूह छोड़ दिया?
(A) 59 (B) 65
(C) 72 (D) 57

उत्तर : (D) 57

व्याख्या : 11 छात्रों का औसत वजन = 37
11 छात्रों के वजनों का योग = $37 \times 11 = 407$
अब, 10 छात्रों का औसत वजन = 35
10 छात्रों के वजन का योग = $35 \times 10 = 350$
समूह छोड़ने वाले छात्र का वजन = 407 - 350 = 57 किलो

प्र. 3 22 संख्याओं का माध्य 19 है। यदि दो संख्याएं 23 और 11 हटा दी गई हैं, तो शेष संख्या का माध्य क्या होगा?
(A) 19.4 (B) 19.2
(C) 19.1 (D) 19.3

उत्तर : (B) 19.2

व्याख्या : 22 संख्याओं का माध्य 19 है।
22 संख्याओं का योग = $19 \times 22 = 418$
यदि दो संख्याएं 23 और 11 हटा दी गई हैं।
शेष 20 संख्याओं का योग = 418 - 23 - 11 = 384
शेष संख्याओं का माध्य = 384/20 = 19.2

प्र. 4 एक कक्षा की औसत उम्र 21 वर्ष है यदि 42 वर्ष की उम्र का एक छात्र कक्षा में शामिल होता है, तो नया औसत 24 वर्ष हो जाता है तो कक्षा में अब कितने छात्र हैं?
(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 9

उत्तर : (B) 7

व्याख्या : माना कि छात्रों की प्रारंभिक संख्या 'n' है।
n छात्रों की उम्र का योग = 21n
42 वर्ष की उम्र वाला एक छात्र कक्षा में शामिल होता है।
n + 1 छात्रों की उम्रों का योग = $24 (n+1) = 24n + 24$
n + 1 छात्रों की उम्रों का योग = n छात्रों की उम्र का योग + 42
$24n + 24 = 21n + 42$
$3n = 18$
$n = 6$
कुल छात्र = 7

प्र. 5 5, 7, 12, 15 और x का औसत 10 है। यदि 9, 12, 13, 17, x और y का औसत 14 है तो y का मान क्या है?
(A) 13 (B) 12
(C) 20 (D) 22

उत्तर : (D) 22

व्याख्या : 5, 7, 12, 15 और x का औसत 10 है।
5, 7, 12, 15 और x का योग = $10 \times 5 = 50$
$x = 50 - (5 + 7 + 12 + 15)$
$x = 50 - 39$
$x = 11$
9, 12, 13, 17, x और y का औसत = $(9+12+13+17+11+y)/6$

$$14=\frac{62+y}{6}$$

$y = (14 \times 6) - 62$
$= 84 - 62$
$= 22$

प्र. 6 24 वस्तुओं का विक्रय मूल्य 26 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है। तो ऐसी स्थिति में लाभ प्रतिशत क्या है?
(A) 23/3%
(B) 25/3%
(C) 105/11%
(D) 100/11%

उत्तर : (B) 25/3%

व्याख्या : विक्रय मूल्य × 24 = क्रय मूल्य × 26

$$\frac{\text{क्रय मूल्य}}{\text{विक्रय मूल्य}}=\frac{24}{26}$$

$$\text{लाभ प्रतिशत} = \frac{26-24}{24}\times 100$$

$= 25/3\ \%$

प्र. 7 यदि दो संख्याओं का अन्तर और गुणनफल क्रमशः 5 और 36 है, तो उनके व्युत्क्रम में कितना अन्तर है?
(A) 5/8 (B) 5/9
(C) 5/36 (D) 5/6

उत्तर : (C) 5/36

व्याख्या : माना कि दो संख्याएँ a और b हैं।
$a - b = 5$
$ab = 36$

$$\left(\frac{1}{b}-\frac{1}{a}\right)=\frac{(a-b)}{ab}=\frac{5}{36}$$

प्र. 8 $2+\frac{1}{2}+\frac{3}{2}+\frac{5}{2}+\frac{7}{2}$ का मान क्या है?
(A) 11 (B) 9
(C) 10 (D) 12

उत्तर : (C) 10

व्याख्या : $2+\frac{1}{2}+\frac{3}{2}+\frac{5}{2}+\frac{7}{2}$
$= 2 + 0.5 + 1.5 + 2.5 + 3.5$
$= 10$

प्र. 9 यदि $x^4+\frac{1}{x^4}=119$, तो $x-\frac{1}{x}$ का मान क्या है?
(A) 12 (B) 11
(C) 3 (D) 6

उत्तर : (C) 3

व्याख्या : $x^4+\frac{1}{x^4}=119$

$$\left(x^4+\frac{1}{x^4}+2\right)-2=119$$

$$\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)^2=119+2$$

$$x^2+\frac{1}{x^2}=11$$

$$x^2+\frac{1}{x^2}+2-2=11$$

$$\left(x-\frac{1}{x}\right)^2=11-2$$

$$\left(x-\frac{1}{x}\right)^2=9$$

$$\left(x-\frac{1}{x}\right)=3$$

प्र. 10 A, B से 20% कम है B, C से 10% कम है। C, D से 30% अधिक है। यदि D, 400 है तो A का मान क्या है?
(A) 368 (B) 374.4
(C) 374.5 (D) 374.6

उत्तर : (B) 374.4

व्याख्या : D = 400
$C = 400 + 0.3 \times 400 = 520$
$B = 520 - 0.1 \times 520 = 468$
$A = 468 - 0.2 \times 468 = 374.4$

प्र. 11 घड़ी का मूल्य प्रतिवर्ष 25% से बढ़ता है। यदि वर्तमान मूल्य 7500 रुपये है, तो 2 वर्ष पहले मूल्य (रुपये में) क्या था?
(A) 4800 रुपये
(B) 4700 रुपये
(C) 5200 रुपये
(D) 5800 रुपये

उत्तर : (A) 4800 रुपये

व्याख्या : माना 2 वर्ष पहले घड़ी का मूल्य p रु. है।
1 वर्ष पहले,
घड़ी का मूल्य = p + p का 25% = 1.25 p
इसी वर्ष,
घड़ी का मूल्य = 1.25p + (1.25p) का 25% = 1.5625p
$1.5625p = 7500$
$p = 4800$ रुपये

प्र. 12 एक विद्यालय में कुल विद्यार्थियों की 65% लड़कियां हैं। यदि लड़कों की संख्या 420 है तो विद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?
(A) 1320
(B) 1200
(C) 1500
(D) 1600

उत्तर : (B) 1200

व्याख्या : लड़कियों का % = 65%
लड़कों की कुल संख्या = 420
∴ लड़कों का प्रतिशत = 100 - 65 = 35%
माना कुल विद्यार्थियों की संख्या 'x' है।
x का 35% = 420

$$\frac{35x}{100}=420$$

$$x=\frac{420\times 100}{35}=1200$$

प्र. 13 एक संख्या में 25% की वृद्धि कर दी जाती है। पूर्व संख्या को प्राप्त करने के लिए, इस संख्या में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए?
(A) 25 (B) 20
(C) 18 (D) 21

उत्तर : (B) 20

व्याख्या : माना वह संख्या x है।
नई संख्या = $x + 0.25x = 1.25x$
माना पूर्व संख्या को प्राप्त करने के लिए y% की कमी की जानी है।
$1.25x - (y/100) \times 1.25x = x$
$0.25x = 0.01y \times 1.25x$
$y = 20\%$

प्र. 14 मंदी के दौरान एक घर की कीमत 10% कम हो गई। एक वर्ष के पश्चात्, कीमत में 15% की वृद्धि हुई। मूल कीमत की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन क्या था?
(A) 8% (B) 3.5%
(C) 5 (D) 4.5%

उत्तर : (B) 3.5%

व्याख्या : माना घर की मूल कीमत x रुपये है
जब कीमत 10% कम हो गई
कीमत = $(1 - 0.1)x = 0.9x$
जब कीमत 15% बढ़ जाती है।
कीमत = $(1 + 0.15)\,0.9x = 1.15 \times 0.9x = 1.035x$
मूल कीमत पर प्रतिशत परिवर्तन =

$$\{(1.035x-x)/x\}\times 100$$

$$=0.035\times 100=3.5\%$$

प्र. 15 यदि A का वेतन B के वेतन का 80% है तो B का वेतन A के वेतन का कितना प्रतिशत है?
(A) 125 (B) 110
(C) 140 (D) 120

उत्तर : (A) 125

व्याख्या : माना कि B का वेतन = 100
A का वेतन = 80
B का वेतन $= 100 \times 100/80$
$= 1000/8 = 125\%$

प्र. 16 500 में पहले 20% की कमी और फिर उसमें 25% की कमी की जाती है। अन्तिम मूल्य क्या है?
(A) 450 (B) 300
(C) 400 (D) 350

उत्तर : (B) 300

व्याख्या : 500 में 20% की कमी की जाती है = $500 - 0.2 \times 500 = 400$
अब, 400 में 25% की कमी की जाती है।
$400 - 0.25 \times 400 = 400 - 100 = 300$

प्र. 17 [(240 का 25%) + (1200 का 6%)]/(400 का 4%) का मान क्या है?
(A) 7.75 (B) 6.25
(C) 8.75 (D) 8.25

उत्तर : (D) 8.25

व्याख्या : $\frac{[60+72]}{16}=\frac{132}{16}=8.25$

प्र. 18 एक शहर की जनसंख्या में प्रत्येक वर्ष 12% की वृद्धि होती है। यदि नगर की वर्तमान जनसंख्या 86800 है, तो पिछले वर्ष शहर की जनसंख्या कितनी थी?
(A) 76000 (B) 75000
(C) 77500 (D) 78000

उत्तर : (C) 77500

व्याख्या : माना पिछले वर्ष की जनसंख्या = x
$x + x \times 12/100 = 86800$
$1.12x = 86800$
$x = 86800/1.12$
$x = 77500$

प्र. 19 एक राज्य में दसवीं कक्षा की परीक्षा के लिए कुल 2,60,000 छात्र उपस्थित हुए। यदि कुल 1,97,600 छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, तो परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत क्या होगा?
(A) 28% (B) 24%
(C) 25% (D) 26%

उत्तर : (B) 24%

व्याख्या : राज्य में दसवीं कक्षा की परीक्षा के लिए उपस्थित छात्रों की संख्या = 2,60,000
परीक्षा में उत्तीर्ण कुल छात्रों की संख्या = 1,97,600
परीक्षा में अनुत्तीर्ण कुल छात्रों की संख्या = 2,60,000 - 1,97,600 = 62,400
परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत =

$$\frac{62{,}400}{2{,}60{,}000}\times 100=24\%$$

प्र. 20 एक वर्ष में राजीव के वेतन को 30% से घटाया गया और अगले ही वर्ष 50% से बढ़ाया गया। कुल मिलाकर वास्तविक वेतन में कितना प्रतिशत का बदलाव आया?
(A) 2% (B) 4%
(C) 5% (D) 7%

उत्तर : (C) 5%

व्याख्या : मान लीजिये, उसका वास्तविक वेतन = x रुपये
∴ 30% की कटौती के बाद वेतन,
$= (x - x \times 30/100)$ रुपये
$= 0.7x$ रुपये
50% की वृद्धि के बाद वेतन,
$= (0.7x + 0.7x \times 50/100)$ रुपये
$= 1.05x$ रुपये
∴ कुल मिलाकर बदलाव प्रतिशत,

$$=\frac{1.05x-x}{x}\times 100=5\%$$

प्र. 21 कुल पुस्तकों में से 20% पुस्तक गणित की हैं शेष पुस्तकों में से 20% पुस्तकें अंग्रेजी की हैं। शेष पुस्तकों में से 50% पुस्तकें विज्ञान की हैं। शेष 800 पुस्तकें सामाजिक विज्ञान की हैं। कुल कितनी पुस्तकें हैं?
(A) 2500
(B) 2000
(C) 3000
(D) 3250

उत्तर : (A) 2500

व्याख्या : माना कि पुस्तकों की कुल संख्या x है।
गणित = $0.2x$
अंग्रेजी = $0.2 \times 0.8x = 0.16x$
विज्ञान = $0.5 \times (x - 0.2x - 0.16x)$
$= 0.32x$
सामाजिक विज्ञान = $x - 0.2x - 0.16x - 0.32x$
$800 = 0.32x$

$$x=\frac{800}{0.32}=2500$$

प्र. 22 एक वस्तु 5% की हानि की बजाय 20% के लाभ पर बेची जाती है, उस व्यक्ति को 120 रुपये अधिक मिलते हैं उस वस्तु का क्रय मूल्य (रुपये में) क्या है?
(A) 720
(B) 480
(C) 1020
(D) 1080

उत्तर : (B) 480

व्याख्या : माना वस्तु का क्रय मूल्य x है।
स्थिति के अनुसार
$[x \times (1 + 20/100)] -$
$[x \times (1 - 5/100)] = 120$
$1.2x - 0.95x = 120$
$0.25x = 120$

$$x=\frac{120}{0.25}=480 \text{ रुपये}$$

प्र. 23 एक व्यक्ति एक पंखे को 35 रुपये में खरीदता है और इसे 30 रुपये में बेच देता है। तो उसका हानि प्रतिशत क्या है?
(A) 25%
(B) 20%
(C) 16.67%
(D) 14.28%

उत्तर : (D) 14.28%

व्याख्या : विक्रय मूल्य = 30 रुपए और क्रय मूल्य = 35 रुपए
हानि प्रतिशत = [(क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य)/क्रय मूल्य] × 100
$= [(35-30)/35] \times 100$

$$=\frac{5}{35}\times 100=14.28\%$$

प्र. 24 यदि राम 8000 रुपये में एक दर्जन टेबल खरीदता है और प्रत्येक टेबल को 800 रुपये में बेचता है, उसका लाभ प्रतिशत क्या है?
(A) 12%
(B) 15%
(C) 20%
(D) 22%

उत्तर : (C) 20%

व्याख्या : एक दर्जन टेबल का क्रय मूल्य = 8000 रुपये
एक दर्जन टेबल विक्रय मूल्य = 12×800 = 9600 रुपये
लाभ% = (विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य)/क्रय मूल्य × 100
= (9600 - 8000)/8000 × 100
= 20%

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

टॉय इंडस्ट्री में रोज़गार और स्वरोज़गार के बेहतरीन अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

देश और दुनिया में बच्चों को खुशियां देने वाले खिलौनों का बाजार जिस तेजी से लगातार आगे बढ़ रहा है, उसी तेजी से खिलौना उद्योग (टॉय इंडस्ट्री) के तहत अच्छे कॅरियर के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। सामान्यतया खिलौनों के बाजार में दो तरह के खिलौने दिखाई देते हैं। एक, ऐसे खिलौने जो बच्चों को मौज-मस्ती की खुशियां देते हैं और दूसरे वे खिलौने जो खेल की खुशियों के साथ बच्चों के मानसिक विकास के लिए भी काफी उपयोगी होते हैं। खिलौनों के बाजार में लकड़ी, पत्थर, मिट्टी, प्लास्टिक और दूसरी कृत्रिम चीजों के आधार पर बने परम्परागत खिलौनों के अलावा नई तकनीक की रंग-विरंगी गुड़ियों से लेकर मैकेनिकल सेट, डिजाइनर बोर्ड गेम्स, पजल्स, कम्प्यूटर गेम्स, डॉल हाउस, स्टफ्ड एनिमल्स, रोबोट और रिमोट कंट्रोल से चलने वाले खिलौनों सहित विविध खिलौनों की भारी मांग बनी हुई है।

टॉय इंडस्ट्री में कॅरियर की संभावनाएं

देश में टॉय इंडस्ट्री कितनी तेजी से आगे बढ़ रही है, इसका अंदाज इंटरनेशनल

मार्केट एनालिसिस रिसर्च एंड कंसल्टिंग की एक रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में भारत में खिलौना बाजार लगभग 1.75 बिलियन डॉलर का था, जो लगातार बढ़ रहा है। भारतीय खिलौने बाजार में स्थानीय या स्वदेशी खिलौनों का योगदान करीब 25 प्रतिशत मात्र है। बाकी शेष प्रतिशत खिलौने चीन, थाईलैंड, कोरिया और जर्मनी आदि देशों से आयात किये जाते हैं।

टॉय इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के मुताबिक देशभर में संगठित रूप से खिलौना बनाने की करीब 400 बड़ी यूनिट हैं। इसके अलावा देशभर में असंगठित क्षेत्र में खिलौनों की छोटी-छोटी यूनिट की संख्या करीब 40 हजार के आसपास होने की संभावना है। देश में चीन से आयातीत खिलौनों के अलावा देश की कुछ प्रमुख कंपनियों के ब्रांडेड खिलौने भी लोकप्रिय हैं।

खिलौना उद्योग के लिए नए विजन से बढ़ेंगे रोज़गार के नए मौके

निःसंदेह इस समय देश में स्थानीय और क्षेत्रीय खिलौनों की मांग बढ़ने से

स्थानीय टॉय मेकिंग करने वालों के रोज़गार में बड़ी वृद्धि हो रही है। खासतौर से विगत 30 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में अपने संबोधन में खिलौना और स्थानीय तौर पर खिलौने बनाने के महत्व पर जिस तरह जोर दिया उससे देश में खिलौने के स्थानीय बाजार के तेजी से बढ़ने की संभावनाएं बढ़ी हैं।

वस्तुतः भारत ने खिलौना बाजार से विदेशी खिलौनों को हटाने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं खिलौना मेन्युफैक्चरिंग के प्रोत्साहन के लिए लगातार दिशा-निर्देश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सिर्फ घरेलू बाजार में ही नहीं, दुनिया के बाजार में खिलौनों पर भारतीय छाप देखना चाहते हैं। मोदी ने खिलौना मेन्युफैक्चरर्स से कहा है कि वे ऐसे खिलौने बनाएं, जिसमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की झलक हो और उन खिलौनों को देख दुनिया वाले भारतीय संस्कृति, पर्यावरण के प्रति भारत की गंभीरता और भारतीय मूल्यों को समझ सकें। उन्होंने कहा है कि देश में स्थानीय खिलौनों की बहुत समृद्ध परंपरा रही है। देश में कई प्रतिभाशाली और कुशल कारीगर हैं जो अच्छे खिलौने बनाने में महारत रखते हैं।

भारत को खिलौना का हब बनाने की रणनीति

निःसंदेह देश को खिलौनों का वैश्विक हब बनाने की रणनीति बनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री का मानना है कि घरेलू कारीगर जो खिलौना बनाते हैं, उनमें भारतीयता की झलक होती है, इन कारीगरों को तथा खिलौना निर्माण के लिए क्लस्टर को नए आइडिया और सृजनात्मक तरीके से प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि तकनीक और नए आइडिया वाले खिलौनों के निर्माण के दौरान हमें उत्पाद की गुणवत्ता का भी ख्याल रखना चाहिए जो वैश्विक मानकों को पूरा कर सके। प्रधानमंत्री ने कहा है कि खिलौना सिर्फ कारोबार के लिए नहीं होगा, यह बच्चों के दिमाग को भी तैयार करने में मदद करेगा। सभी आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूलों में भारतीय खिलौनों के माध्यम से शैक्षणिक काम भी किया जा सकता है।

विदेशी खिलौनों को नियंत्रित करने से बढ़ेंगे स्वदेशी खिलौने और रोज़गार

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सरकार के द्वारा भारतीय खिलौनों को वैश्विक खिलौना

बाजार में बड़ी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि विदेशी खिलौनों की मांग को नियंत्रित करके भारतीय खिलौना उद्योग में रोज़गार के मौके बढ़ाए जा सकें। सरकार की बुनियादी नीति में एक बड़ा परिवर्तन आया है और अब सरकार भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाकर विदेशी खिलौनों की निर्भरता को कम करने के लिए पूरी तरह जुट गई है। अब देश का खिलौना उद्योग सरकार की प्राथमिकता में आ गया है, जो देश के खिलौना व्यापारियों एवं लघु उद्योग के लिए एक शुभ संकेत है। ऐसे में अब भारतीय खिलौना सेक्टर बेहतर कर सकता है और घरेलू और वैश्विक बाजार में अन्य देशों के खिलौनों के कारोबार को कड़ी टक्कर दे सकता है।

केंद्र सरकार के द्वारा स्थानीय खिलौना उद्योग को जिस तरह भारी प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं, उससे भी स्थानीय और खिलौना उद्योग आगे बढ़ेगा। फरवरी-2020 में खिलौना आयात के शुल्क में 200 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। आयात प्रतिबंधों के कारण विदेशी खिलौनों की मांग और आवक कम हुई है। इसका फायदा स्थानीय व्यापारियों को मिल रहा है। सरकार के द्वारा खिलौना क्लस्टरों के विकास पर तेजी से काम किया जा रहा है।

भारतीय युवाओं के लिए वर्ल्ड टॉय इंडस्ट्री में बढ़ेंगे कॅरियर के मौके

निश्चित रूप से जिस तरह देश में खिलौना उद्योग को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, उनसे भारत में खिलौने के आतंरिक बाजार के अलावा वैश्विक खिलौने के बाजार में भारत के खिलौना उद्योग की हिस्सेदारी भी बढ़ायी जा सकेगी। स्टैटिस्टा के आंकड़ों के अनुसार इस समय वैश्विक खिलौना बाजार लगभग 6.64 लाख करोड़ रुपये का है। जो लगातार बढ़ रहा है। विश्व के खिलौना बाजार में इस समय चीन की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत है, जबकि भारत की हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम है। ऐसे में भारत नए प्रोत्साहनों से वैश्विक खिलौना बाजार में हिस्सेदारी बढ़ा सकेगा तथा इससे रोज़गार के मौके बढ़ेंगे।

मध्यप्रदेश में खिलौना उद्योग में कॅरियर

निःसंदेह पूरे देश की तरह मध्यप्रदेश में खिलौना उद्योग के तहत रोज़गार व

स्वरोज़गार के अच्छे मौके हैं। मध्यप्रदेश में इंदौर में खिलौने बनाने वाली इकाइयों की स्थापना के लिए खिलौना क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने 50 एकड़ जमीन आवंटन पर सहमति दे दी है। खिलौना क्लस्टर के विकास से शहर में करीब एक लाख रोज़गार पैदा हो सकेंगे। अभी भी इंदौर चमड़े के खिलौने बनाने के लिए प्रसिद्ध है। अब मध्यप्रदेश सरकार विभिन्न तरह के खिलौने इंदौर सहित मध्यप्रदेश के कोने-कोने में निर्माण करने के लिए विभिन्न प्रोत्साहनों के साथ आगे बढ़ी है।

टॉय इंडस्ट्री में कॅरियर के अवसर

टॉय इंडस्ट्री में रोज़गार और स्वरोज़गार संबंधी विभिन्न अवसर हैं। ये अवसर

प्रमुखतया टॉय प्रॉडक्शन, टॉय डिजाइनिंग एवं टॉय मार्केटिंग से संबंधित हैं। टॉय डिजाइनर्स के लिए देश-विदेश की विभिन्न टॉय मेकिंग कंपनियों में कॅरियर के अच्छे मौके हैं। इस समय बच्चों के कमरे या प्ले स्कूल भी टॉय की थीम पर डिजाइन किए जाने का चलन बढ़ता जा रहा है। टॉय डिजाइनर के लिए टॉय इंडस्ट्री में कंसल्टेंट के रूप में भी मौके मिलते हैं।

टॉय इंडस्ट्री में स्वरोज़गार के मौके

देश के कोने-कोने में कहीं भी सॉफ्ट टॉय मेकिंग को स्वरोज़गार के रूप में

सरलता से शुरू किया जा सकता है, सॉफ्ट टॉय मेकिंग एक ऐसा स्व-रोज़गार है, जिसमें लागत कम होती है, लेकिन कारोबार अधिक होता है और अच्छा लाभ कमाया जा सकता है। सॉफ्ट टॉय ऐसे खिलौने होते हैं, जो किसी भी आयु वर्ग के बच्चों को पसंद आ सकते हैं। छोटे-बड़े और कई तरह के टेडी बियर्स और खिलौने स्थानीय स्तर पर बच्चों की पसंद को ध्यान में रख कर बनाए जाते हैं। सॉफ्ट टॉय महिलाएं भी आसानी से घर में बना सकती हैं। सॉफ्ट टॉय बनाने का व्यवसाय शुरू करते समय बच्चों के मन और उनकी जरूरतों के साथ-साथ बाजार में आ रहे नए-नए ट्रेंड्स को भी ध्यान में रखना जरूरी होता है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि सॉफ्ट टॉय मेकिंग के व्यवसाय के लिए न तो किसी बड़ी शैक्षणिक योग्यता की जरूरत है और न ही निश्चित आयु की। सॉफ्ट टॉय मेकिंग में कुशल होने के लिए महज 1 से 2 महीने की ट्रेनिंग ही पर्याप्त होती है। सॉफ्ट टॉय बनाने के लिए बहुत बड़े निवेश और बहुत बड़ी जगह की जरूरत नहीं होती है। सॉफ्ट टॉय निर्माण के लिए शुरुआत में घर के ही किसी कमरे का उपयोग करते हुए महज 15-20 हजार रुपए की पूंजी लगाना ही पर्याप्त होती है। इतना ही नहीं, स्वरोज़गार योजनाओं के तहत खिलौना उद्योग के लिए आसान ऋण भी प्राप्त होता है। टेडी बियर्स और सॉफ्ट टॉय खिलौनों को आसपास की स्थानीय दुकानों पर बेच सकते हैं। स्वयं सॉफ्ट टॉय की छोटी-सी दुकान खोल सकते हैं। घर के आसपास, मोहल्ले में आसानी से ग्राहक भी मिल सकते हैं और मार्केट भी। जब सॉफ्ट टॉय मेकर्स प्रसिद्धि पाने लगते हैं, तो खिलौना का कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियां उनको आकर्षक शर्तों पर आसानी से काम देने के लिए तैयार हो जाती हैं। अतएव स्थानीय स्तर पर सॉफ्ट टॉय निर्माण के लिए आगे बढ़कर कॅरियर के मौके मुट्ठियों में किए जा सकते हैं।

टॉय मेकिंग में कॅरियर के लिए जरूरी स्किल्स

टॉय मेकिंग में अच्छा कॅरियर बनाने तथा उच्च स्तर के हाईटेक खिलौना उद्योग का हिस्सा बनने के लिये कम्प्यूटर नॉलेज, रचनात्मकता, कल्पनाशीलता, ग्राफिक डिजाइन, मॉडर्न डिजाइन, मल्टीमीडिया, साइकोलॉजी तथा कार्टूनिंग से परिचित होना जरूरी है। खिलौने बनाने में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं और केमिकल्स से सुरक्षा संबंधी ज्ञान का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। नए दौर के खिलौने बनाने के लिए विभिन्न टॉय डिजाइनर को बाजार के ट्रैंड की जानकारी और विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों की पसंदगी का भी पता होना फायदेमंद होता है। टॉय इंडस्ट्री में अधिक सफलता के लिए बिजनेस और मैनेजमेंट क्षमता भी लाभप्रद है।

टॉय मेकिंग संबंधी पाठ्यक्रम

जहां सॉफ्ट टॉय मेकिंग का स्वरोज़गार एक-दो महीने की उपयुक्त ट्रेनिंग से शुरू किया जा सकता है, वहीं टॉय मेकिंग या टॉय डिजाइनिंग से संबंधित बेसिक ट्रेनिंग,

सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री कोर्स देश के कुछ इंस्टीट्यूशंस में उपलब्ध हैं। इन कोर्सेज में प्लास्टिक और विभिन्न प्रकार के मेटल्स के साथ टॉय डिजाइन करने की कला सिखायी जाती है। देश में डिजाइनिंग से संबंधित नेशनल और स्टेट लेवल के इंस्टीट्यूशंस में कुछ कोर्सों में टॉय डिजाइनिंग भी शामिल है। चूंकि टॉय मेकिंग में ग्राफिक डिजाइन, मल्टीमीडिया, इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग, कम्प्यूटर डिजाइनिंग और कार्टूनिंग की जानकारी लाभप्रद होती है, अतएव इन विभिन्न विधाओं से संबंधित कोर्स भी लाभप्रद होते हैं। ऐसे में टॉय इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने के लिए अपनी उपयुक्तता से देश के कोने-कोने में स्थित विभिन्न इंस्टीट्यूशंस में से किसी इंस्टीट्यूट और उसमें उपलब्ध किसी उपयुक्त कोर्स को चुन कर कॅरियर की डगर पर बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में प्रतिष्ठित हैं।)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - उप महाप्रबंधक/सिविल, उप महाप्रबंधक/ट्रैक, उप महाप्रबंधक/सिविल
पदों की संख्या - 03, 01, 01, 03
योग्यता - बी.ई./बी.टेक (सिविल) या समतुल्य, सभी पदों के लिए, उप महाप्रबंधक/डिजाइन के लिए योग्यता के साथ-साथ प्राथमिकता-स्ट्रक्चरल/इंजीनियरी में एम.ई./एम.टेक. की योग्यता वांछनीय है।
अंतिम तिथि - 12 मार्च 2021
www.ncrtc.in

भारत सरकार, संचार मंत्रालय, नई दिल्ली

पद का नाम - स्टाफ कार चालक (सामान्य ग्रेड)
पदों की संख्या - 09
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 06 अप्रैल 2021
www.indiapost.gov.in

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - महाप्रबंधक/एएफसी/अपर महाप्रबंधक, एएफसी/वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक/एएफसी, उपमहाप्रबंधक/एएफसी, सहायक प्रबंधक/एस एवं टी (ई-2), सहायक प्रबंधक/एएफसी, सहायक प्रबंधक/पीएसडी, वरिष्ठ कार्यकारी/एस एवं टी (ई-1)/कार्यकारी/एस एवं टी, वरिष्ठ कार्यकारी/प्रचालन/कार्यकारी/प्रचालन (ई.)
पदों की संख्या - 01, 05, 01, 01, 02, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 12 मार्च 2021
www.ncrtc.in

सैनिक स्कूल छिंगछिंप, मिजोरम

पद का नाम - टीजीटी (समाज विज्ञान), परामर्शदाता (अनुबंध आधार पर)
पदों की संख्या - 01, 01
योग्यता - **टीजीटी के लिए** - इतिहास/भूगोल/राजनीति विज्ञान/अर्थशास्त्र से स्नातक उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक/ऑनर्स डिग्री 50 प्रतिशत अंकों के साथ दो विषयों का अध्ययन किया हो, बीएड, सीटीईटी/एसटीईटी उत्तीर्ण हो।
परामर्शदाता के लिए - मनोविज्ञान में स्नातक/स्नातकोत्तर या शिशु विकास में स्नातकोत्तर या कॅरियर मार्गदर्शन और परामर्शदाता में डिप्लामा सहित स्नातक, स्नातकोत्तर।
अंतिम तिथि - 13 मार्च 2021
www.sschhingchhip.mizoram.gov.in

उच्चतम न्यायालय, भारत सरकार नई दिल्ली

पद का नाम - अपर रजिस्ट्रार (कम्प्यूटर)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - कम्प्यूटर आईटी में स्नातक डिग्री या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में बी.टेक या समकक्ष कार्यानुभव कम से कम 10 वर्ष, अन्य योग्यता के लिए वेबसाइट देखें।
अंतिम तिथि - 22 मार्च 2021
www.sci.gov.in

गृह मंत्रालय, सीमा प्रबंधन विभाग

पद का नाम - भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) में सदस्य (वित्त)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 18 मार्च 2021
http://mha.gov.in

भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून

पाठ्यक्रम का नाम - कक्षा आठवीं में प्रवेश
योग्यता - छात्र मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत हो या उत्तीर्ण कर चुका हो। उम्मीदवार छात्र की आयु साढ़े ग्यारह वर्ष से कम न हो और 13 वर्ष से अधिक की न हो।
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2021
www.rimc.gov.in

भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - स्नातक कार्यक्रम 2021 (चार वर्षीय)
योग्यता - वर्ष 2020 में अपना 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा पूरी कर ली है, अथवा वर्ष 2021 में पूरा करेंगे। (अध्ययन के दौरान भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित को मुख्य विषय के लिए हों)
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021
https://www.iisc.ac.in/ug

आजिंक्य डी.वाय. पाटिल यूनिवर्सिटी, पुणे

पाठ्यक्रम का नाम - बीबीए - सेल्स एंड मार्केटिंग, आंत्रप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन, मीडिया एंड कम्युनिकेशन, फिल्म एंड मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग एंड सोशल मीडिया।
एमबीए - बिजनेस इनोवेशन एंड स्ट्रेटिजी (मार्केटिंग/फायनेंस/एचआर), मीडिया एंड कम्युनिकेशन
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - पहले आएं पहले पाएं आधार पर
www.adypu.edu.in

केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

पाठ्यक्रम का नाम - हिंदी शिक्षण निष्णात (एम.एड.) हिंदी शिक्षण पारंगत (बी.एड. स्तरीय), हिंदी शिक्षण प्रवीण (डी.एल.एड. स्तरीय)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2021
www.khsindia.org

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड आंत्रप्रेन्योरशिप, बेंगलुरू, कोच्चि, चेन्नई

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम - 2021-23)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - पहले आओ पहले पाओ
https://www.xime.org

राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, अमेठी, उत्तरप्रदेश

पाठ्यक्रम का नाम - व्यवसाय प्रशासन अधिस्नातक (एम.बी.ए.), व्यवसाय प्रशासन अधिस्नातक (डाटा विश्लेषण)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 14 मार्च 2021
www.domsrgipt.ac.in

भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - अनुसंधान कार्यक्रम (पीएचडी/एमटेक अनुसंधान) पाठ्यक्रम कार्यक्रम (एम.टेक/एम.डिजाइन/एम. प्रबंधन), एकीकृत पीएचडी - कार्यक्रम, पीएचडी - बाह्य पंजीकरण कार्यक्रम (ईआरपी)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2021
www.iisc.ac.in/admissions

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

जूनियर रिसर्च फेलोशिप - 2021

संस्था का नाम - आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान
किसके लिए - बी.ई./बी.टेक इन इलेक्ट्रॉनिक्स/ई और टीसी/इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) के छात्र जो शोध में रुचि रखते हों।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2021
आवेदन निदेशक, आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, आयुध पोस्ट, पाशन, पुणे - 411021 पर भेजें।

राजभाषा गौरव पुरस्कार 2020

संस्था का नाम - राजभाषा विभाग (हिंदी), केन्द्रीय गृह मंत्रालय, नई दिल्ली
किसके लिए - मौलिक पुस्तक लेखन करने वाले रचनाकार जिन्होंने 1 जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2020 के बीच पुस्तक प्रकाशित की हैं।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 1 मई 2021
www.rajbhasha.gov.in

कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता - 2021

संस्था का नाम - टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला, चंडीगढ़
किसके लिए - भौतिक विज्ञान में शोध के लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
योग्यता - नेट सहित प्रथम श्रेणी से भौतिक विज्ञान स्नातकोत्तर की डिग्री
अंतिम तिथि - 19 मार्च 2021
admintbrl@tbri.drdo.in पर ईमेल के जरिए आवेदन करें।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शिक्षकों के .....

के अंतर्गत 900 करोड़ रुपये से अधिक के प्रावधान सहित महिलाओं के लिए कुल 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि का प्रावधान राज्य सरकार के महिला कल्याण के लक्ष्य का परिचायक है।

गरीब कल्याण और जन-कल्याण पर फोकस

गरीबों के कल्याण और आमजन के कल्याण के लिए बजट में समुचित प्रावधान हैं। संबल के अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित होंगे। संबल में 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 3,200 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में 602 करोड़ रुपये, सीएम राइज स्कूल के लिए 1,500 करोड़ रुपये, अन्नपूर्णा योजना में 400 करोड़ रुपये, जल-जीवन मिशन के तहत घर-घर तक नल से जल पहुंचाने के कार्यों के लिए 5,762 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 3,035 करोड़ रुपये, लाड़ली लक्ष्मी योजना में 922 करोड़ रुपये, अटल कृषि ज्योति योजना में 4,592 करोड़ रुपये, नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपये, उच्च शिक्षा में सुधार के लिए 400 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 2,500 करोड़ रुपये, सड़क, पुल निर्माण के लिए 5,739 करोड़ रुपये, व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण के लिए 397 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। महिला स्व-सहायता समूहों की सहायता और युवाओं को रोज़गार के लिए संचालित कार्यक्रमों के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। संभाग स्तर पर मॉडल आई.टी.आई. और ग्लोबल पार्क के लिए भी धनराशि का प्रावधान है।

किसान कल्याण

कृषि अर्थव्यवस्था का आधार है। कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 1000 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। नई मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना प्रारंभ होगी। इसी तरह प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2,220 करोड़ रुपये की राशि बजट में रखी गई है।

शहरों को मिलेगा नया स्वरूप

बजट में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहरों के विकास और सौन्दर्यीकरण पर 900 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मेट्रो रेल सुविधा बढ़ाने के लिए 262 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। आपदा प्रबंधन और राहत के लिए 1680 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

जनता का बजट .....

निर्मित होंगे और संतुलित क्षेत्रीय विकास संभव होगा। इस वित्तीय वर्ष के बजट में 2 हजार 441 किलोमीटर के नवीन सड़क कार्य तथा 65 नवीन पुल सम्मिलित हैं, साथ ही अधिक यातायात वाले सभी रेलवे फाटकों पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाने का लक्ष्य है। चंबल अंचल के विकास को गति देने के लिए अटल प्रोग्रेस-वे बनाये जाने की कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों को जोड़ने वाले नर्मदा एक्सप्रेस-वे के निर्माण का परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। इन महापथों के निर्माण से रोज़गार और व्यवसाय के बेहतर अवसर स्थानीय रूप से मिलेंगे। लोक निर्माण के बजट में 475 करोड़ रुपये का इजाफा किया गया है।

मिशन ग्रामोदय

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की लगभग 72 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च स्तर की अधोसंरचना उपलब्ध कराना तथा रोज़गार के अवसर उत्पन्न कर ग्रामीण आमदनी को बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सामान्य क्षेत्र के 500 और आदिवासी क्षेत्र के 250 से अधिक आबादी की जो बसाहटें सड़क मार्ग से नहीं जुड़ीं, उन्हें बारहमासी डामरीकृत सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य है। आवास निर्माण, रोज़गार सृजन और प्रशिक्षण के लिए भी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।

मिशन नगरोदय

भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना को गति देने के लिए 262 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। हाउसिंग फॉर ऑल योजना के लिए 1 हजार 500 करोड़ रुपये, सीवरेज और जल प्रदाय कार्यों के लिए एक हजार करोड़ और स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत चयनित शहरों के विकास के लिए 900 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

मिशन बोधि-24 हजार से अधिक शिक्षकों की होगी भर्ती

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि शासकीय शालाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सीएम राइज स्कूल संचालित किये जाएंगे। इन स्कूलों में प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब और विद्यार्थियों के आवागमन के लिए बस सुविधा होगी। प्रदेश में 9 हजार 200 विद्यालय विकसित करने का लक्ष्य है। प्रथम चरण में 350 विद्यालयों का विकास किया जा रहा है, जिसके लिए वर्ष 2021-22 में एक हजार 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2021-22 में लगभग 24 हजार 200 पदों पर शिक्षकों की नवीन भर्ती की जाएगी।

मिशन निरामय

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और प्रबंधन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए मिशन निरामय लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं सम्बद्ध क्षेत्र के लिए वर्ष 2021-22 में 15 हजार 622 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योग्य और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए एम.बी.बी.एस. सीटों को 2,035 से बढ़ाकर 3,250 किया जाएगा। शीघ्र ही 23 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कार्यशील होंगे। प्रदेश के उप स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ परामर्श के लिए टेली मेडिसिन सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

मिशन अर्थ

प्रदेश के विकास में हर नागरिक भागीदार बने, रोज़गार के नये अवसर सृजित हों और अर्थ-व्यवस्था तेजी से आगे बढ़े इसके लिए मिशन अर्थ के अंतर्गत कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, खाद्य-प्रसंस्करण, पशुपालन, मत्स्य- विकास, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन तथा विमानन से जुड़ी गतिविधियों का समन्वित रूप से संचालन किया जाएगा। कृषि और संबंधित क्षेत्रों के कार्यों के लिए वर्ष 2021-22 में 35 हजार 353 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन राशि एक हजार 437 करोड़ रुपये की गई है।

मिशन दक्ष

स्थानीय अर्थ-व्यवस्था को संबल देने और रोज़गार के अतिरिक्त अवसर निर्मित करने के लिए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में अंधोसरचनात्मक सुधार किया जाएगा। ग्लोबल स्किल पार्क, आईटीआई, पॉलीटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों का उन्नयन प्रस्तावित है।

राजकोषीय संकेतक - चल लक्ष्य (Rolling Targets)

राजकोषीय संकेतक (जीएसडीपी के प्रतिशत में)	लेखा	पुनरीक्षित अनुमान	बजट अनुमान	आगामी 3 वर्षों के निर्धारित लक्ष्य		
	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
राजस्व आधिक्य/घाटा	- 0.31	- 2.25	- 0.73	आधिक्य	आधिक्य	आधिक्य
राजकोषीय घाटा	3.64	5.51	4.50	4.00	3.50	3.00
कुल बकाया दायित्व	24.33	28.78	28.52	31.69	31.80	31.39

आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम परिवर्तित

भोपाल, मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के आधार पर आदिम जाति कल्याण विभाग के स्थान पर विभाग का नाम बदलकर जनजातीय कार्य विभाग किया गया है। इस संबंध में आयुक्त जनजातीय कार्य ने प्रदेश के समस्त कमिश्नर, कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन आधिकारी जिला पंचायत को परिवर्तित नाम से पत्र व्यवहार करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में विभाग के संभागीय उपायुक्त, सहायक आयुक्त और जिला संयोजक को भी परिवर्तित नाम से पत्र व्यवहार करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

जनजातीय कार्य विभाग ने जनजातीय क्षेत्रों में 8 विकास कार्यों के लिये एक करोड़ 20 लाख रुपये की मंजूरी दी है। यह कार्य सीधी एवं उमरिया जिले में मंजूर किये गये हैं। मंजूर किये गये कार्यों में सामुदायिक भवन निर्माण और हायर सेकेण्डरी स्कूल के बाउण्ड्री वाल के निर्माण कार्य प्रमुख हैं।

विभाग ने निर्माण एजेंसियों को मंजूर कार्यों को गुणवत्ता के साथ नियत समय-सीमा में पूरा किये जाने के निर्देश दिये हैं।

चैम्पियंस एंड वेटरंस समिति की अध्यक्ष बनीं एमसी मैरीकॉम

नई दिल्ली, दुनियाभर में लोकप्रिय छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैरीकॉम को अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (AIBA) की 'चैम्पियंस एंड वेटरंस' समिति का अध्यक्ष चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने मैरीकॉम को लिखे पत्र में कहा कि खुशी के साथ आपको सूचित करता हूं कि एआईवीए के निदेशकों के बोर्ड के मेल से वोटिंग के बाद आपको एआईवीए की 'चैम्पियंस एंड वेटरंस' समिति के अध्यक्ष के तौर पर सेवा करने के लिये चुना गया है। मुझे पूरा भरोसा है कि आपकी अपार जानकारी और अनुभव से आप इस महत्वपूर्ण समिति की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान करेंगी।

रोहित और अश्विन की रैंकिंग में हुआ सुधार

दुबई, आईसीसी ने हाल ही में ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय ओपनर रोहित शर्मा 6 स्थान की छलांग लगाकर 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं, यह उनके टेस्ट कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन इस लिस्ट में पहले स्थान पर बरकरार हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 4 स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस समय ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस गेंदबाजी रैंकिंग में सबसे ऊपर हैं। टेस्ट मैच में लगातार बेहतर गेंदबाजी कर रहे अक्षर पटेल की रैंकिंग भी सुधरी है, वे तीस स्थान की छलांग लगाकर 38वें स्थान पर आ गए हैं।

इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स वाले पहले क्रिकेटर बने कोहली

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 10 करोड़ (100 मिलियन) फॉलोअर्स पूरे हो गए। वे इस फेहरिस्त में जुड़ने वाले दुनिया के 5वें एथलीट हैं। इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स के मामले में पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो (26.7 करोड़) टॉप पर हैं। वहीं रेसलर और एक्टर ड्वेन जॉनसन (22.1 करोड़) दूसरे, फुटबॉलर लियोनल मेसी तीसरे (18.7 करोड़) और नेमार (14.7 करोड़) चौथे स्थान पर हैं।

अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट

सुमित नागल ने दर्ज की एटीपी कॅरियर की सबसे बड़ी जीत

ब्यूनस आयर्स, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपने एटीपी कॅरियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने अर्जेंटीना ओपन एटीपी 250 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त चिली के क्रिस्टियन गारिन को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। गारिन विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर हैं। सुमित ने पहली बार किसी टूर्नामेंट में वर्ल्ड रैंकिंग के किसी टॉप-50 खिलाड़ी को हराया है। सुमित ने इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। एटीपी टूर स्तर पर नागल पहली बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। सुमित नागल की विश्व रैंकिंग में 150वीं वरीयता है।

श्रीलंका-वेस्टइंडीज टी-20 मैच

छह गेंद में 6 छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने पोलार्ड

श्रीलंका के अकीला धनंजय ने ली हैट्रिक

एंटीगुआ, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में गजब का रोमांच देखने को मिला। इस मुकाबले में श्रीलंका के ऑफ स्पिनर अकीला धनंजय ने अपने दूसरे ओवर में हैट्रिक लेकर वेस्टइंडीज की टीम को मुश्किल में डाल दिया था। इसके बाद वे अपना तीसरा ओवर लेकर आए, जिसमें वेस्टइंडीज के कप्तान किरोन पोलार्ड ने लगातार 6 छक्के लगाकर मैच पलट दिया और उनकी टीम ने 4 विकेट से मैच अपने नाम किया।

अकीला की हैट्रिक

मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 131 रन ही बना सकी। 132 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 3 ओवर में बिना विकेट गंवाए 48 रन बनाकर तेज शुरुआत की थी। श्रीलंका ने दूसरे ओवर से ही स्पिनर अकीला को लगा दिया था, उन्होंने अपने दूसरे और पारी के चौथे ओवर की दूसरी, तीसरी और चौथी बॉल पर हैट्रिक

- **टी-20 में युवराज सिंह के बाद लगातार 6 छक्के लगाने वाले दूसरे बैट्समैन बन गए हैं पोलार्ड।**
- **पोलार्ड को चुना गया मैन ऑफ द मैच।**
- **मैच में धनंजय की सात गेंदों में लगातार 7 छक्के लगे।**

ली। अकीला ने इविन लुइस (28), क्रिस गेल (0) और निकोलस पूरन (0) को पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पोलार्ड ने आकर विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज की टीम ने 13.1 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 134 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मैच में पोलार्ड ने 11 गेंदों पर 38 रन बनाए।

गिब्स और युवराज के सिक्स क्लब में शामिल हुए पोलार्ड

इंटरनेशनल क्रिकेट में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाने की उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स और भारत के युवराज सिंह भी कर चुके हैं। अब इस क्लब में पोलार्ड का नाम भी शामिल हो गया है। हर्शल गिब्स ने 2007 वनडे वर्ल्ड कप में नीदरलैंड्स के खिलाफ एक ओवर में 6 सिक्स लगाए थे। 2007 में ही दूसरी उपलब्धि युवराज सिंह ने हासिल की थी। युवराज ने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में 6 छक्के लगाए थे। युवराज सिंह ने ट्वीट करते हुये लिखा कि 'क्लब में स्वागत है पोलार्ड।'

भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को 6-1 से हराया

क्रेफेल्ड, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने लगभग एक साल बाद जीत के साथ वापसी की है। यूरोप टूर में गई भारतीय टीम ने जर्मनी के खिलाफ खेली गई दो मैचों की सीरीज को अपने नाम किया है। पहले मैच में भारत ने जर्मनी को उसी के घर में 6-1 के बड़े अंतर से शिकस्त दी थी, वहीं दूसरा मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। भारतीय टीम यूरोप दौरे के अंतिम चरण में बेल्जियम में खेलेगी। पहले मैच में नीलकांत शर्मा ने 13वें मिनट में पहला गोल दागा था। इसके बाद विवेक के लगातार 2 गोल (27वें और 28वें मिनट में) के बाद भारतीय टीम ने 3-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद ललित कुमार ने 41वें मिनट, अक्षदीप सिंह ने 42वें मिनट और हरमनप्रीत सिंह ने 47वें मिनट में गोल दागकर जीत पक्की कर दी। वहीं दूसरे मैच में 14वें मिनट में जरमनप्रीत ने गोल करके भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। 29वें मिनट में मेजबान टीम के मार्टिन हानेर ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया और कोई गोल नहीं हो सका।

- **भारत और जर्मनी के बीच टूर के दौरान खेला गया दूसरा मैच दोनों देशों के बीच खेला गया कुल 100वां मुकाबला था।**
- **भारतीय टीम अब तक छह देशों के खिलाफ 100 से अधिक मुकाबले खेल चुकी है।**

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

महिला टीम ने शॉटगन में जीता सिल्वर मेडल

काहिरा, भारत की कीर्ति, मनीषा कुमारी और राजेश्वरी कुमारी ने ट्रैप टीम

इवेंट में मिस्र के काहिरा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज खेल महासंघ (आईएसएसएफ) शॉटगन विश्व कप में रजत पदक जीत लिया है। भारत ने इस तरह प्रतियोगिता का समापन दो पदकों के साथ किया। भारत की पुरुष स्कीट टीम ने इससे पहले कांस्य पदक जीता था। भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण पदक मुकाबले में रूस के खिलाफ 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी हासिल की, लेकिन 15 शॉट की अंतिम सीरीज में वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पायी और टीम को 6-4 से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा। वहीं भारतीय पुरुष ट्रैप टीम इस प्रतियोगिता में छठवें स्थान पर रही।

भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने जीता कांस्य

काहिरा, भारतीय पुरुष निशानेबाजी स्कीट टीम ने मिस्र में आईएसएसएफ

वर्ल्ड कप शॉटगन स्टेज में कजाखिस्तान की टीम को 6-2 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया है। भारत के मैराज अहमद खान, अंगद वीर सिंह बाजवा और गुरजोत खानगुरा ने 25-25 बार निशाना लगाकर 491 का स्कोर बनाया और कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम प्रतियोगिता के फाइनल में भी जगह बना लेती, लेकिन उसे शूट-ऑफ में रूस के हाथों 6-5 से हार का सामना करना पड़ा। रूस ने चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। बता दें कि भारत की महिला निशानेबाजी टीम को कांस्य पदक मुकाबले में कजाखिस्तान की टीम के हाथों 4-6 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा।

यूक्रेन रेसलिंग टूर्नामेंट

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को हराकर विनेश ने जीता स्वर्ण पदक

कीव (यूक्रेन), भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कोरोना के बाद गोल्डन वापसी की है। एक साल बाद रिंग में उतरी विनेश ने यूक्रेन की राजधानी कीव में आउटस्टैंडिंग यूक्रेनियन रेसलर्स और कोचेस मेमोरियल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन बेनेसा कलाजिंस्काया को हराया। मैच के दौरान विनेश 6-8 से पीछे चल रही थीं, लेकिन आखिरी 35 सेकंड में उन्होंने 4 पॉइंट लेकर खेल पलट दिया। 53 किग्रा वेट कैटेगरी इवेंट के फाइनल में खेल रत्न से सम्मानित विनेश ने 2017 की वर्ल्ड चैम्पियन और वर्ल्ड नंबर-7 बेलारूस की कलाजिंस्काया को 10-8 से शिकस्त दी। विनेश पहले ही 53 किग्रा वर्ग में टोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं।

एशियम गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली विनेश ने सेमीफाइनल मुकाबले में रोमानिया की एना ए को 2-0 से पटखनी दी थी। वहीं फाइनल में पहुंचने से पहले उन्होंने क्वार्टर

- **विनेश फोगाट ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाली भारत की इकलौती महिला रेसलर हैं।**
- **विनेश ने कॉमनवेल्थ गेम्स (2014, 2018) में 2 और एशियन गेम्स (2018) में एक गोल्ड जीता है।**
- **कोरोना वायरस महामारी के कारण इस खेल में आयी रुकावट के बाद विनेश का यह पहला मुकाबला था।**

फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पिचकोउसकाया और लूलिया को हराया था। ओलिंपिक से पहले विनेश के लिए यह जीत काफी अहम मानी जा रही है।

रैंकिंग में टॉप रहने पर

फेडरर की बराबरी पर पहुंचे जोकोविक

बेलग्रेड, साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतने वाले सर्बिया के पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविक ने सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है। यह बराबरी ग्रैंड रैंकिंग में सबसे ज्यादा सप्ताह तक नंबर-1 बने रहने के मामले में की है। फेडरर के नाम सबसे ज्यादा 310 हफ्ते तक नंबर-1 रहने का रिकॉर्ड दर्ज है। लेकिन जोकोविक एटीपी की ताजा रैंकिंग में नंबर-1 हैं, इसी के साथ वह स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर की बराबरी पर पहुंच गए हैं।

आठ मार्च को आगे निकल सकते हैं जोकोविक

एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) ने वर्ल्ड रैंकिंग को फ्रीज कर

दिया है। इसका मतलब किसी भी खिलाड़ी के जीतने या हारने से जोकोविक की रेटिंग और रैंकिंग पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ऐसे में जोकोविच 7 मार्च को लगातार 310 हफ्ते नंबर-1 रहने का रिकॉर्ड पूरा कर लेंगे। 8 मार्च को वे 11वें हफ्ते में नंबर-1 के साथ एंट्री करेंगे और फेडरर के वर्ल्ड रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही जोकोविक ने रिकॉर्ड 9वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था।

- **जोकोविक पिछले साल तीन फरवरी को एटीपी रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे थे और तब से वह नंबर-1 बने हुए हैं।**
- **इससे पहले जोकोविक जुलाई 2014 से नवंबर 2016 तक नंबर-1 रहे थे।**
- **ऑल टाइम नंबर वन रैंकिंग में कुल हफ्ते टॉप पर रहने वाले खिलाड़ियों में जोकोविक और फेडरर (310) टॉप पर हैं, उनके बाद सैंप्रास (286), लेंडल (270) और कोनर्स (268) हैं।**
- **लगातार सबसे लंबे समय (हफ्ते) तक रैंकिंग में शीर्ष पर रहने के मामले में फेडरर (237 सप्ताह) टॉप पर हैं।**

विनय कुमार और यूसुफ पठान ने संन्यास का किया ऐलान

बड़ौदा/बेंगलुरु, भारतीय टीम की ओर से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके आर. विनय कुमार और यूसुफ पठान ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। यूसुफ 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यूसुफ ने अपने इंटरनेशनल कॅरियर का डेब्यू 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल से किया था। यूसुफ भारत के लिए 57 वनडे और 22 टी-20 खेल चुके हैं। वहीं विनय कुमार ने 2010 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अपने इंटरनेशनल कॅरियर का डेब्यू किया था। विनय कुमार ने भारत की ओर से 1 टेस्ट, 31 वनडे और 9 टी-20 मैच खेले हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

कर्मचारियों को राहत पीएफ की ब्याज दरें नहीं घटीं

पीएफ के दायरे में आने वाले 6 करोड़ कर्मचारियों के लिये राहत भरी खबर है। एम्प्लॉई प्रोविडेंट फंड्स ऑर्गेनाइजेशन

(ईपीएफओ) ने वर्ष 2020-21 के लिये ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। साल 2019-20 की तरह 8.5% की दर से ब्याज मिलता रहेगा। पहले आशंका जताई जा रही थी कि पीएफ पर ब्याज दरें घटा दी जायेंगी, लेकिन ईपीएफओ की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की मीटिंग में ब्याज करों को बरकरार रखने का फैसला लिया गया। ज्ञात रहे कि पिछले साल मार्च में पीएफ पर ब्याज दर सात साल के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। साल 2018-19 में यह 8.65% थी।

मैरीटाइम इंडिया समिट 2021

भारत का लक्ष्य 2030 तक 23 जल मार्गों का संचालन करना है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मैरीटाइम इंडिया समिट 2021 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विश्व को भारत में आने और भारत की विकास गति का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत समुद्री क्षेत्र में प्रगति के लिए बहुत गंभीर है और विश्व की एक अग्रणी ब्लू इकोनॉमी के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के उन्नयन, सुधार यात्रा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत के विजन को मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता जो 2014 में 870 मिलियन टन थी उसे बढ़ाकर अब 1550 मिलियन टन कर दिया गया है। भारतीय बंदरगाहों में अब डाइरेक्ट पोर्ट डिलीवरी, डाइरेक्ट पोर्ट एंट्री और उन्नत पोर्ट कम्युनिटी सिस्टम (पीसीएस) जैसे उपाए किए गए हैं ताकि डेटा का सरल प्रवाह रहे। हमारे बंदरगाहों में आने वाली और बाहर जाने वाली कार्गो के लिए प्रतीक्षा समय कम कर दिया है। वधावन पारादीप और कांडला में दीनदयाल बंदरगाह में विश्व स्तरीय

बुनियादी ढांचे के साथ मेगा बंदरगाहों को विकसित किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य 2030 तक 23 जल मार्गों को चालू करने का है। उन्होंने बताया कि भारत में विशाल तट रेखा पर 189 प्रकाश स्तंभ हैं। हमने 78 प्रकाश स्तंभों के आसपास की भूमि पर पर्यटन विकसित करने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य मौजूदा प्रकाश स्तंभों का विकास करना और इनके आसपास के क्षेत्रों को विशिष्ट समुद्री पर्यटन स्थलों में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार घरेलू जहाज निर्माण और जहाज मरम्मत बाजार पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। घरेलू जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय शिपयार्ड के लिए जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीति को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने विश्व के साथ अपनी श्रेष्ठ प्रक्रियाओं को साझा करने और वैश्विक श्रेष्ठ प्रक्रियाओं को खुलेपन से सीखने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि बिम्सटेक और आईओआर देशों के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों पर भारत का ध्यान जारी रखते हुए भारत में 2026 तक बुनियादी ढांचा और सुविधाजनक आपसी समझौतों में निवेश बढ़ाने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने द्वीप बुनियादी ढांचे और इकोसिस्टम का समग्र विकास शुरू किया है। उन्होंने कहा कि सरकार समुद्री क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की इच्छुक है। उन्होंने कहा कि सरकार देश के सभी प्रमुख बंदरगाहों पर सौर और पवन-आधारित बिजली प्रणाली स्थापित करने की प्रक्रिया में है और इसका लक्ष्य 2030 तक पूरे भारतीय बंदरगाहों पर तीन चरणों में कुल ऊर्जा में 60 प्रतिशत से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक निवेशकों के साथ परामर्श से यह निष्कर्ष निकाला कि 'भारत की लंबी तटरेखा आपका इंतजार कर रही है।' भारत के मेहनती लोग आपका इंतजार कर रहे हैं। हमारे बंदरगाहों में निवेश करें, हमारे लोगों में निवेश करें। आइए भारत को अपना मनपसंद व्यापार गंतव्य बनाएं, ताकि भारतीय बंदरगाह व्यापार और वाणिज्य के लिए आपके अवसर के बंदरगाह बन जाएं।

क़तर

श्रमिक कानूनों में कर रहा बदलाव

क़तर अपने देश के श्रमिक कानूनों में बदलाव करने जा रहा है। क़तर की शूरा काउंसिल ने लेबर लॉ के बदलाव की

- **3 बार से ज्यादा नौकरी नहीं बदल सकेंगे प्रवासी मजदूर, कॉन्ट्रैक्ट को बीजा से जोड़ना अनिवार्य होगा।**
- **पिछले साल किये गये श्रमिक सुधार को निष्क्रिय माना जायेगा।**

फेहरिस्त सरकार के पास भेज दी है। अगर इन्हें लागू कर दिया गया तो दुनिया भर के करीब 26 लाख श्रमिकों की मुश्किलें बढ़ जायेंगी। प्राकृतिक गैस के सबसे बड़े निर्यातक क़तर में करीब 10 लाख भरतीय कामगार रहते हैं जिन पर इस बदलाव का असर दिखाई दे सकता है। ज्ञात रहे कि

क़तर में शूरा काउंसिल एक सलाहकार परिषद है जो अलग-अलग मामलों में सरकार को अपना सुझाव देती है। इसके प्रमुख क़तर के श्रम मंत्री यूसुफ बिन मोहम्मद अल-ओथमेने फखरो हैं। पिछले साल जब क़तर ने अपने श्रम कानूनों में ढील दी थी तो वहां की बड़ी कंपनियों ने इसका विरोध जताया था, जिसके बाद इन बदलावों की सिफारिश की गई।

म्यांमार

सरकार ने यूएन राजदूत को हटाया

म्यांमार में पिछले दिनों हुये तख्तापलट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

इसी बीच म्यांमार के सैन्य शासकों ने संयुक्त राष्ट्र में म्यांमार के राजदूत को अपने पद से हटा दिया। राजदूत क्यो मो तुन ने एक दिन पहले ही सेना के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में भाषण दिया था। उन्होंने भाषण में कहा था कि किसी भी देश को सैन्य शासन का सहयोग नहीं करना चाहिये। जब तक कि वह लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को वापस सत्ता न सौंप दे।

रक्षा क्षेत्र में

श्रीलंका, भारत के लिये प्राथमिकता वाला साझेदार

भारत ने रक्षा क्षेत्र में श्रीलंका को अपना प्रथम प्राथमिकता वाला साझेदार बताया है। 2 मार्च को मनाये गये श्रीलंका एयरफोर्स के स्थापना वर्ष के समारोह के

- **श्रीलंका एयरफोर्स के 70वें स्थापना वर्ष पर भारतीय वायुसेना और नौसेना के विमानों एवं कर्मियों की भागीदारी दोनों देशों की सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग, सौहार्द एवं मित्रता का परिचायक है।**
- **उच्चायोग ने कहा कि हाल ही में त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा सहयोग वार्ता में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने श्रीलंका के नेतृत्व के समक्ष रक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दोहराया था।**

दौरान भारतीय उच्चायोग ने यह कहा।

इस अवसर पर श्रीलंका में पहली बार बड़े पैमाने पर फ्लाई पास्ट एवं एयरोबैटिक डिस्प्ले का अयोजन किया गया। भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना के 23 विमानों ने इस समारोह में हिस्सा लिया। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि श्रीलंका रक्षा क्षेत्र में भारत के लिये प्रथम प्राथमिकता वाला साझेदार है।

चीन बना रहा भूमिगत मिसाइलें

अमेरिका के एक विशेषज्ञ और फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट हैंस क्रिस्टेनसन ने कहा है कि चीन संभवतः 16 नई भूमिगत अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) साइलो के निर्माण में जुटा है। हैंस ने चीनी मिसाइल प्रक्षेपण क्षेत्र में हालिया निर्माण से जुड़े सैटेलाइट चित्रों के विश्लेषण के आधार पर यह दावा किया है। हैंस लंबे समय से अमेरिका में रूस और चीन की परमाणु ताकत पर नजर रख रहे हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि

ऐसा लगता है कि चीन भूमिगत मिसाइलों से नई परमाणु मिसाइलों के प्रक्षेपण की क्षमता विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसका मकसद परमाणु हमला होने की सूरत में फौरन जवाबी कर्रवाई करने की अपनी क्षमता में सुधार लाना है।

सऊदी अरब ने हौती विद्रोहियों के हमलों को विफल किया

सऊदी अरब की वायुरक्षा प्रणाली ने हौती विद्रोहियों के कई हमलों को विफल कर दिया है। यह जानकारी अल-अरबिया न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में दी है। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार अरब गठबंधन ने हमलों का जवाब ड्रोन हमले से दिया। चैनल के अनुसार विद्रोहियों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद की ओर बैलास्टिक मिसाइलें दागीं।

नोबेल शांति पुरस्कार के लिये 329 दावेदार

नॉर्वे की नोबेल समिति ने कहा है कि 2021 के लिये नोबेल पुरस्कार के लिये 1 फरवरी तक तकरीबन 329 अम्मीदवारों को नामित किया गया है। इनमें 234 व्यक्ति और 95 संगठन या संस्था शामिल हैं। समिति ने कहा कि अब तक की यह तीसरी सर्वाधिक संख्या है। इससे पहले 2016 में 376 उम्मीदवार थे। 2021 के उम्मीदवारों में बेलारूस की निर्वासित विपक्षी नेता स्वेतलाना तिखनोस्काया और बेलारूस के लोकतंत्र समर्थक दो कार्यकर्ता, रूस के विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी, ग्रेटा थनबर्ग, व्हाइट हाउस के पूर्व सलाहकार जे. कुशनर और अवी बर्कोवित्ज शामिल हैं।

यूक्रेन को

अमेरिका देगा 125 मिलियन डॉलर की रक्षा सहायता राशि

अमेरिका ने यूक्रेन को 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रक्षा सहायता राशि देने की घोषणा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो

- **इस सहायता के तहत यूक्रेनी जल क्षेत्र की रक्षा में मदद के लिये उसे हथियारों से लैस दो गश्ती नौकाएं भी दी गई हैं।**
- **पेंटागन के अनुसार 2021 वित्त वर्ष के लिये संसद ने जिस शेष 15 करोड़ सैन्य सहायता की मंजूरी दी है, वह सहायता तब तक मुहैया नहीं करायी जायेगी जब तक यूक्रेन रक्षा सुधारों में प्रगति रिपोर्ट नहीं दिखाता है।**

बाइडेन ने इस फैसले पर मुहर लगाते हुये यूक्रेन को यह राशि देना मंजूर किया।

अमेरिका के अनुसार वह यूक्रेन को

इस बात के लिये प्रोत्साहित करता है कि वह सेना के असैन्य नियंत्रण को मजबूत करने वाले सुधार लागू करना, पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना, रक्षा उद्योग एवं खरीददारी में जवाबदेही सुनिश्चित करना और नाटो सिद्धांत एवं मानकों के अनुरूप रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना जारी रखे।

पीएसएलवी-सी 51

उन्नीस उपग्रहों के साथ सफलतापूर्वक भरी उड़ान

भारत के पीएसएलवी-सी51 के साथ 19 उपग्रहों ने सफलतापूर्वक श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। इसरो का यह इस साल का पहला मिशन है। पीएसएलवी-सी51 ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और 17 मिनट बाद ही प्राथमिक पेलोड को कक्षा में स्थापित किया और डेढ़ घंटे के भीतर अन्य उपग्रहों को भी सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष के. सिवन ने मिशन के

- **पीएसएलवी-सी51 44.4 मीटर लंबा है।**
- **637 किलोग्राम का अमेजोनिया-1 ब्राजील का पहला उपग्रह है, जिसे भारत ने प्रक्षेपित किया है।**
- **अब तक इसरो ने 342 विदेशी उपग्रहों को प्रक्षेपित किया है।**

सफल होने की घोषणा की। इसरो द्वारा प्रक्षेपित 19 उपग्रहों में चेन्नई की स्पेस किड्ज इंडिया का उपग्रह भी शामिल है। जिस पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर उकेरी गई है। स्पेस किड्ज इंडिया (एसकेआई) का सतीश धवन उपग्रह सुरक्षित डिजिटल कार्ड प्रारूप में

भगवद् गीता को भी अपने साथ लेकर गया है। पीएसएलवी-सी51 के जरिये अमेजोनिया-1 का भी प्रक्षेपण किया गया। अमेजोनिया-1, चार साल तक सेवा देने वाला ब्राजील निर्मित भू-अवलोकन उपग्रह है, जिसका उद्देश्य अमेजन क्षेत्र में वनों की कटाई की निगरानी करना और ब्राजील में कृषि क्षेत्र से संबंधित अलग-अलग विश्लेषणों के लिये यूजर्स को रिमोट सेंसिंग डेटा प्रदान करना है।

इंडोनेशिया में सिनाबंग ज्वालामुखी में हुआ विस्फोट

इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा प्रांत में स्थित माउंट सिनाबंग ज्वालामुखी में भीषण विस्फोट हो गया है। सिनाबंग ज्वालामुखी में विस्फोट को देखते हुये अलर्ट जारी कर दिया गया है। इंडोनेशिया पैसफिक रिंग ऑफ फायर में आता है। एक जानकारी के अनुसार इंडोनेशिया में तकरीबन 130 ज्वालामुखी सक्रिय हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

किसी भी कार्य को करने के लिये प्रेरणा की प्रतीक्षा न करें - फ्रेंक रिबोल्ट

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुनम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कर्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-जी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।

मध्यप्रदेश शासन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2021

श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

महामारी के दौर में भविष्य की ओर अग्रसर नेतृत्व करती नारी शक्ति को नमन

श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

नारी को सशक्त बनाती लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन की योजनाएं

किशोरी बालिकाओं हेतु

- साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम
- किशोरावस्था स्वास्थ्य क्लीनिक

प्रजनन आयु वर्ग की अन्य महिलाओं हेतु

- निःसंतानता का उपचार
- गैर संचारी रोगों का उपचार
- रजोनिवृत्ति से संबंधित समस्याओं की जांच एवं उपचार

गर्भवती महिलाओं हेतु

- जननी सुरक्षा योजना
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम
- हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं हेतु विशेष उपचार व्यवस्था
- सुमन कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना

वृद्ध महिलाओं हेतु

- वृद्धावस्था देखभाल हेतु विशेष क्लीनिक

स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जन जागरुकता बढ़ाने हेतु आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ब्लड कलेक्शन **ट्रांसपोर्टेशन वेन का लोकार्पण** आज माननीय स्वास्थ्य मंत्री के कर कमलों से होगा।

शासकीय विभाग में कार्यरत महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्त जिला चिकित्सालयों में **8 मार्च, 2021** को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत चिन्हित स्त्री रोगों का उपचार

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2021

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

M.P. Madhyam/100178/R-45313/2021